राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





10 प्रधानमंत्री मोदी की बजट पर सुझाव के लिए अर्थशास्त्रियों के साथ ...

कनाडा, पनामा नहर पर नजरें गड़ाने के बाद ग्रीनलैंड को खरीदने का ट्रंप ... 12

वर्ष : 15 | अंक : 249 | नई दिल्ली, बुधवार, 25 दिसंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 21°C

न्यूनतम तापमान 30.0°C

हां 30%

नहीं 50%

कह नहीं सकते 10%

**बाजार**

सोना 79,005

चांदी 92,500

सेंसेक्स 81,786

निफ्टी 24,668

# अटल जी की विचारधारा देश के लिए प्रेरणा स्रोत : राजनाथ

प्रात : किरण/ एजेंसी

लखनऊ। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित अटल युवा महाकुंभ के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अटल जी के अद्वितीय व्यक्तित्व और उनके साथ जुड़ी स्मृतियों को साझा किया। इस अवसर पर उन्होंने अटल जी की महानता का स्मरण करते हुए प्रदेश के विकास में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि अटल जी का जीवन और विचारधारा आज भी प्रेरणा के स्रोत हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा, अटल जी का व्यक्तित्व इतना विराट था कि उनकी कार्यशैली और निर्णयों की पूरी दुनिया कायल थी। लखनऊ अटल जी के दिल में बसता था और यहां के लोग उन्हें उतनी ही गहराई से जानते और समझते थे। उन्होंने





अटल जी के जीवन के अनेक प्रसंगों को याद करते हुए उनकी हाजिर जवाबी और सहजता का जिक्र किया। रक्षा मंत्री ने पाकिस्तान दौरे के दौरान अटल जी के चर्चित जवाब को याद करते हुए कहा, एक महिला पत्रकार ने जब उनसे कहा कि मैं आपसे शादी करना चाहती हूं, बशर्ते आप मुझे मुंह दिखाई में कश्मीर दें, तो अटल जी ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, मैं तैयार हूं, अगर आप दहेज में पूरा पाकिस्तान दें। इस जवाब ने उनकी चतुराई और सहजता को पूरी दुनिया के सामने प्रस्तुत किया। रक्षा मंत्री ने अटल जी के साथ अपने व्यक्तिगत अनुभवों को साझा करते हुए कहा, मुझे उनके साथ एक अभिभावक का स्नेह और मंत्रिमंडल में सहकर्मी के रूप में काम करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उनकी सरकार जब एक वोट से गिरी, तब उनके ऐतिहासिक भाषण ने लोकतंत्र और देशप्रेम की नई परिभाषा गढ़ी। उन्होंने कहा था, सरकारें आएंगी-जाएंगी, पार्टियां बनेंगी-बिगड़ेंगी, लेकिन यह देश और इसका लोकतंत्र अमर रहना चाहिए।यह उनकी दूरदर्शिता और सिद्धांतवाद का प्रमाण था। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा अटल जी के जीवन पर प्रस्तुत की गई झांकियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रक्षा मंत्री ने भरपूर सराहना की। उन्होंने इसे नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक बताते हुए कहा, अटल जी के विचार और योगदान आज भी युवाओं के लिए पथ प्रदर्शक हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा, आज उत्तर प्रदेश विकास के हर पैमाने पर देश के अन्य राज्यों से आगे खड़ा है। सीएम योगी के कुशल नेतृत्व और अथक प्रयासों ने यूपी को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है।

## संक्षिप्त खबरें

### मुर्मु गुरुवार को प्रदान करेंगी प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु गुरुवार को सात श्रेणियों में असाधारण उपलब्धियों के लिए 14 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 17 बच्चों को 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार' प्रदान करेंगी।केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि सात श्रेणियों में असाधारण उपलब्धियों के लिए बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान करती है। ये पुरस्कार कला और संस्कृति, बहादुरी, नवाचार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सामाजिक सेवा, खेल और पर्यावरण क्षेत्र मं् प्रदान किये जाते हैं। इस वर्ष 14 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 17 बच्चों को चुना गया है, जिनमें सात लड़के और 10 लड़कियाँ है। श्रीमती मुर्मु 26 दिसंबर को इन बच्चों को पुरस्कार प्रदान करेंगी।प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक पदक, प्रमाणपत्र और प्रशस्ति पुस्तिका प्राप्त होगी। मंत्रालय के अनुसार वीर बाल दिवस का राष्ट्रीय कार्यक्रम इसी दिन भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में वह सुपोषित पंचायत योजना का उद्घाटन करेंगे और मार्च पास्ट को हरी झंडी दिखाएंगे। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी उद्घाटन भाषण देंगी।

### महत्वपूर्ण खबर



### वाजपेयी की 100वीं जयंती पर कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के अवसर पर कल मध्य प्रदेश जायेंगे और खजुराहो में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन तथा शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार श्री मोदी केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना की आधारशिला रखेंगे। यह राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य के दृष्टिकोण से देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना है। इस परियोजना से मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कई जिलों में सिंचाई की सुविधा मिलेगी, जिससे लाखों किसान परिवारों को लाभ मिलेगा। इस परियोजना से क्षेत्र के लोगों को पेयजल की सुविधा भी मिलेगी। इसके साथ ही, जलविद्युत परियोजनाएं हरित ऊर्जा में 100 मेगावाट से अधिक का योगदान देंगी। इस परियोजना से रोजगार के कई अवसरों का सृजन होगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी।

### महंगाई ने लोगों की रसोई का बजट बिगाड़ा, कुंभकरण की नींद सो रही सरकार : राहुल

नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सब्जियों की कीमतों में उछाल को लेकर मंगलवार को सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि आम लोगों की रसोई का बजट बिगड़ गया है, लेकिन सरकार कुंभकरण की नींद सोई हुई है।राहुल गांधी ने दिल्ली के कालकाजी इलाके की एक सब्जी मंडी का दौरा किया था। उन्होंने इस दौरे का एक वीडियो मंगलवार को अपने विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल पर जारी किया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने यह वीडियो ने अपने यूट्यूब चैनल पर पोस्ट कर लिखा, कुछ दिनों पहले एक स्थानीय सब्जी मंडी में पहुंच कर ग्राहकों के साथ खरीददारी करते हुए विक्रेताओं से बातचीत की।

# केंद्र ने यूपी, आंध्र प्रदेश में ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए 2,044 करोड़ रुपये किए जारी

**उत्तर प्रदेश में ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए अनटाइड ग्रांट के रूप में 1598.80 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है। आधिकारिक बयान के अनुसार, ये धनराशि राज्य की सभी पात्र 75 जिला पंचायतों, 826 ब्लॉक पंचायतों और 57,691 ग्राम पंचायतों के लिए है। वित्त वर्ष 2024-25 के अनटाइड ग्रांट की दूसरी किस्त के रूप में 420.9989 करोड़ रुपये की राशि के साथ-साथ वित्त वर्ष 2024-25 के अनटाइड ग्रांट की पहली किस्त की रोकी गई राशि 25.4898 करोड़ रुपये भी आंध्र प्रदेश को जारी कर दी गई है।**

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को जानकारी दी कि केंद्र सरकार ने पंद्रहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार 2024-25 के लिए उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश में ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए अनटाइड ग्रांट की दूसरी किस्त जारी की है। उत्तर प्रदेश में ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए अनटाइड ग्रांट के रूप में 1598.80 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है। आधिकारिक बयान के अनुसार, ये धनराशि राज्य की सभी पात्र 75 जिला पंचायतों, 826 ब्लॉक पंचायतों और 57,691 ग्राम पंचायतों के लिए है।

वित्त वर्ष 2024-25 के अनटाइड ग्रांट की दूसरी किस्त के रूप में 420.9989 करोड़ रुपये की राशि के साथ-साथ वित्त वर्ष 2024-25 के अनटाइड ग्रांट की पहली किस्त की रोकी गई राशि 25.4898 करोड़ रुपये भी आंध्र प्रदेश को जारी कर दी गई है।

यह धनराशि राज्य की 13097 पात्र विधिवत निर्वाचित ग्राम पंचायतों, 650 विधिवत



निर्वाचित ब्लॉक पंचायतों और सभी 13 पात्र जिला पंचायतों के लिए है।केंद्र सरकार, पंचायती राज और जल शक्ति (पेयजल और स्वच्छता विभाग) मंत्रालयों के माध्यम से, ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए राज्यों को पंद्रहवें वित्त आयोग अनुदान जारी करने की सिफारिश करती है, जिसे बाद में वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किया जाता है।

आवंटित अनुदानों की सिफारिश की जाती है और एक वित्त वर्ष में दो किस्तों में जारी किया जाता है। संविधान की ग्यारहवीं अनुसूची में निहित 29 विषयों के अंतर्गत पंचायती राज संस्थाओं और ग्रामीण स्थानीय निकायों द्वारा वेतन और अन्य स्थापना लागतों को छोड़कर, स्थान-विशिष्ट आवश्यकताओं के लिए अनटाइड ग्रांट का उपयोग किया जाएगा। टाइड ग्रांट का उपयोग स्वच्छता और खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) स्थिति के रखरखाव की बुनियादी सेवाओं के लिए किया जा सकता है और इसमें घरेलू कचरे का प्रबंधन और उपचार, और विशेष रूप से मानव मल और मल प्रबंधन शामिल होना चाहिए। इनका उपयोग पीने के पानी की सप्लाई, रेन वॉटर हारवेस्टिंग और वॉटर रिसाइकलिंग के लिए भी किया जा सकता है। केंद्र पंद्रहवें वित्त आयोग के ग्रांट को सीधे पंचायती राज संस्थाओं को दे रहा है, जिससे ग्रामीण स्थानीय शासन का परिदृश्य बदल रहा है। यह रणनीतिक वित्तीय सशक्तीकरण स्थानीय प्रशासन को बेहतर बनाने, जवाबदेही को बढ़ावा देने और गांव स्तर पर आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में मदद करता है। बयान में कहा गया है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के दृष्टिकोण के अनुरूप यह पहल समावेशी विकास को बढ़ावा दे रही है, साथ ही जमीनी स्तर पर लोकतांत्रिक भागीदारी को भी मजबूत कर रही है। ये सशक्त स्थानीय संस्थाएं बदलाव के शक्तिशाली इंजन के रूप में उभर रही हैं, जो भारत को विकसित भारत बनने की दिशा में ले जा रही हैं, जहां हर गांव अपने भाग्य को आकार देता है और देश की समृद्धि में योगदान देता है।

# शाम पांच बजे तक मतदान के आंकड़े की तुलना वास्तविक डेटा से करना गलत: निर्वाचन आयोग

**कांग्रेस को दिए अपने जवाब में आयोग ने यह भी कहा कि हाल में संपन्न विधानसभा चुनाव में शाम पांच बजे के मतदान के आंकड़ों की तुलना अंतिम मतदान आंकड़ों के साथ करना सही नहीं होगा। कांग्रेस ने नवंबर में हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से संबंधित विभिन्न चिंताओं को लेकर चुनाव आयोग का रुख किया था।**

प्रात : किरण/ एजेंसी




नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मतदाताओं के नाम न तो मनमाने ढंग से जोड़े गए हैं और न ही हटाए गए हैं। कांग्रेस को दिए अपने जवाब में आयोग ने यह भी कहा कि हाल में संपन्न विधानसभा चुनाव में शाम पांच बजे के मतदान के आंकड़ों की तुलना अंतिम मतदान आंकड़ों के साथ करना सही नहीं होगा।कांग्रेस ने नवंबर में हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से संबंधित विभिन्न चिंताओं को लेकर चुनाव आयोग का रुख किया था।एक विस्तृत नोट जारी करते हुए आयोग ने कांग्रेस को बताया कि शाम 5 बजे से रात 11:45 बजे तक मतदान प्रतिशत में वृद्धि सामान्य थी, जो मतदान के मतों को जोड़ने की प्रक्रिया का हिस्सा था तथा मतों और गिने गए मतों में वास्तविक, लेकिन असंगत अंतर हो सकता है।आयोग ने इस बात पर जोर दिया कि वास्तविक मतदान प्रतिशत को बदलना असंभव है, क्योंकि मतदाता मतदान का विवरण देने वाला वैधानिक फॉर्म 17सी मतदान केंद्र पर मतदान बंद होने के समय उम्मीदवारों के अधिकृत एजेंट के पास उपलब्ध होता है।इसमें कहा गया है कि महाराष्ट्र में मतदाता सूची तैयार करने में पारदर्शिता के साथ नियम-आधारित प्रक्रिया का पालन किया गया और राज्य में मतदाता के नाम हटाए जाने में कोई अनियमित चलन नहीं था। इसने कांग्रेस को बताया कि मतदाता सूची तैयार करने में कांग्रेस प्रतिनिधियों की भागीदारी सहित उचित प्रक्रिया का पालन किया गया था।आयोग ने मुख्य विपक्षी दल से कहा कि जुलाई और नवंबर के बीच 50 विधानसभा सीट पर औसतन 50,000 मतदाताओं के जुड़ने का उसका दावा तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक है। कांग्रेस का दावा था कि इन 50 सीट में से 47 पर महायुति ने जीत हासिल की है।आयोग के अनुसार, तथ्य यह है कि इस अवधि के दौरान केवल छह विधानसभा क्षेत्रों में कुल मिलाकर 50,000 से अधिक मतदाता जुड़े थे, इसलिए इस आधार पर 47 सीट पर जीत का सवाल ही नहीं उठता।आयोग ने पूरी चुनावी प्रक्रिया के दौरान राजनीतिक दलों या उम्मीदवारों की सक्रिय भागीदारी के लगभग 60 उदाहरणों को भी सूचीबद्ध किया। आयोग ने इस बात को दोहराया कि राजनीतिक दल, प्रमुख हितधारक होने के नाते, चुनाव प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में रोल टू पोल (मतदाता सूची तैयार करने से लेकर मतदान प्रक्रिया पूरी होने तक) में शामिल होते हैं।

# बेलगावी बैठक में गांधी के सत्याग्रह को 'नव सत्याग्रह' में तब्दील करेगी कांग्रेस

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि महात्मा गांधी की अध्यक्षता में हुई ऐतिहासिक बेलगामी अधिवेशन की 100वीं वर्षगांठ पर कांग्रेस कार्य समिति की विस्तारित बैठक बेलगावी में 26 दिसंबर को ही आयोजित की जा रही है जिसमें देश भर के 200 से ज्यादा प्रमुख नेता हिस्सा लेंगे। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल, संचार विभाग के प्रभारी जय राम रमेश तथा संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कार्य समिति की बैठक बेलगावी के महात्मा गांधी नगर में उसी स्थान पर आयोजित होगी, जहां 100 साल पहले हुए कांग्रेस



अधिवेशन में महात्मा गांधी को पहली बार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्षता सौंपी गई थी। बैठक का नाम 'नव सत्याग्रह' रखा गया है क्योंकि 100 साल पहले गांधी जी ने इसी जगह से सत्याग्रह का विचार रखा था। विस्तारित बैठक में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की नीतियों की कारण देश के सामने खड़ी हो रही चुनौतियों पर विचार विमर्श किया जाएगा और अगले दिन विशाल रैली होगी। श्री वेणुगोपाल ने कहा, ऐतिहासिक अधिवेशन की 100वीं वर्षगांठ मनाने के लिए हम बेलगावी में एक विस्तारित कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक नव सत्याग्रह का आयोजन कर रहे हैं और इसमें कार्यसमिति की बैठक उसी स्थान पर होगी, जहां महात्मा गांधी जी ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्षता संभाली थी। कर्नाटक कांग्रेस ने ऐतिहासिक अधिवेशन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसके लिए शहर को सजाया गया है। सीडब्ल्यूसी सदस्य, स्थायी आमंत्रित, विशेष आमंत्रित, केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य, राज्य के सीएलपी नेता, संसदीय दल के पदाधिकारी और कांग्रेस पार्टी के पूर्व मुख्यमंत्री सहित कुल लगभग 200 नेता ऐतिहासिक अधिवेशन में भाग लेंगे।

# शाह ने तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को यहां राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के साथ तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। गृह मंत्री ने ब्यूरो से नए आपराधिक कानूनों के पूर्ण कार्यान्वयन की सुविधा प्रदान करने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में ई साक्ष्य, न्याय श्रुति, ई साइन और ई समन जैसे एप्लीकेशन का उपयोग किया जाना चाहिए। तकनीक के इस्तेमाल पर जोर देते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पूर्व-निर्धारित समयसीमा के अनुसार जांच अधिकारियों के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारियों को अलर्ट भेजने से जांच प्रक्रिया में तेजी लाने में मदद मिलेगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि गृह मंत्रालय और ब्यूरो के अधिकारियों की एक टीम को राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में तकनीकी परियोजनाओं के कार्यान्वयन में वृद्धि करने और हरसंभव सहायता प्रदान करने के लिए वहां का दौरा करना चाहिए। श्री शाह ने अपराध पहचान प्रणाली नेटवर्क और आपराधिक न्यायिक प्रणाली की प्रगति की नियमित आधार पर निगरानी करने और परियोजना को गति प्रदान करने के लिए राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ नियमित संवाद पर जोर दिया।

# सपा, बसपा और कांग्रेस का ढोंग नहीं चलेगा, जनता सच्चाई समझ चुकी : केशव प्रसाद मौर्य

प्रात : किरण/ एजेंसी

लखनऊ। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को लेकर अमित शाह की कथित अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में विपक्षी दलों के आंदोलन-प्रदर्शन की घोषणा के बाद उप्र के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को कहा कि अब समाजवादी पार्टी (सपा), बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और कांग्रेस का यह ढोंग नहीं चलेगा क्योंकि जनता इनकी सच्चाई समझ चुकी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हाल में राज्यसभा में आंबेडकर को लेकर उनकी कथित अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस और बसपा ने मंगलवार को आंदोलन-प्रदर्शन की घोषणा की है। इस बीच, सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में उप मुख्यमंत्री व भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता मौर्य ने कहा, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने अपना जीवन दलितों, पिछड़ों और वंचितों के अधिकारों के लिए समर्पित किया, लेकिन सपा, बसपा और कांग्रेस ने उनके विचारों का इस्तेमाल केवल वोटबैंक की राजनीति के लिए किया। उन्होंने कहा, करहल में दलित बेटी की हत्या और आंबेडकर जी की मूर्ति तोड़ने पर सपा की चुप्पी, बसपा का बार-बार रंग बदलना और कांग्रेस का घड़ियाली आंसू बहाना, इनके असली चरित्र को उजागर करता है।

**ऐलान** केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में हम 24 घंटे साफ पानी देंगे। प्लांट लगाकर अमोनिया को हटाएंगे। वहीं ढाई हजार ट्यूबवेल लगाएंगे।

# अरविंद केजरीवाल का एक और बड़ा चुनावी ऐलान, दिल्ली में देंगे 24 घंटे साफ पानी

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली में विधानसभा चुनाव नजदीक हैं। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल लगातार दिल्ली के लोगों के लिए बड़ी-बड़ी चुनावी घोषणाएं कर रहे हैं। एक बार फिर अरविंद केजरील ने एक और चुनावी वादा किया है। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में हम 24 घंटे साफ पानी देंगे। प्लांट लगाकर अमोनिया को हटाएंगे। वहीं ढाई हजार ट्यूबवेल लगाएंगे। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि राजेंद्र नगर विधानसभा की एक कॉलोनी में आज से 24 घंटे पानी की सप्लाई शुरू हो रही है। इसे जल्द ही पूरी दिल्ली में शुरू किया जाएगा। इससे पहले भी केजरीवाल ने तीन बड़ी घोषणाएं की हैं। बूस्टर पंपिंग स्टेशन के उद्घाटन के बाद अरविंद केजरीवाल और दिल्ली की सीएम आतिशी ने राजेंद्र नगर के पांडव नगर स्थित डीडीए फ्लैट्स के स्थानीय आवास पर पहुंचे। जहां पर पानी की गुणवत्ता जांचने के लिए अरविंद केजरीवाल ने सीधे नल से पानी पिया और कहा कि ये पानी साफ है।

बीते मंगलवार को दिल्ली में अरविंद केजरीवाल ने महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिए। मुख्यमंत्री आतिशी और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को पूर्वी किदवई नगर से महिला सम्मान राशि योजना के लिए पंजीकरण का आगाज किया। योजना में महिलाओं को 2,100 रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे। इसी तरह, 60 साल से ऊपर के बुजुर्गों के मुफ्त इलाज की संजीवनी योजना के रजिस्ट्रेशन भी जंगपुरा से शुरू हो गए।

आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली




विधानसभा चुनाव से पहले दलित समाज के लिए बड़ी घोषणा की। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने डॉ. आंबेडकर सम्मान स्कॉलरशिप योजना का एलान किया था। इससे पहले भी आप कई लोकलुभावन योजना की घोषणा कर चुकी है। जिसमें बुजुर्गों के लिए संजीवनी योजना और ऑटोवालों को पांच बड़ी गारंटी, महिला सम्मान योजना आदि शामिल हैं।

**बुजुर्गों को मिला संजीवनी योजना का कवच**

संजीवनी योजना के तहत पंजीकरण कराने वाले बुजुर्गों को मुफ्त इलाज कराने का एक और सुरक्षा कवच मिल गया है। पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और मुख्यमंत्री आतिशी के साथ आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने जंगपुरा विधानसभा में बुजुर्गों का पंजीकरण कर इसकी शुरूआत की। केजरीवाल ने कहा कि संजीवनी योजना के तहत 60 साल से ऊपर के बुजुर्गों के इलाज का सारा खर्चा दिल्ली सरकार उठाएगी। महिला सम्मान राशि और संजीवनी योजना को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह है। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में बड़ी संख्या में बुजुर्ग हैं। जितने लोग रजिस्ट्रेशन करेंगे, उन सभी को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के अस्पतालों सारा इलाज मुफ्त है, लेकिन संजीवनी योजना के तहत बुजुर्ग अपना इलाज मुफ्त में निजी अस्पतालों में भी करा सकते हैं।

**महिला सम्मान योजना**

अरविंद केजरीवाल ने महिलाओं के लिए महिला सम्मान योजना की घोषणा की थी। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं के खाते में हर महीने सरकार एक हजार रुपये भेजेगी। वहीं, केजरीवाल ने चुनाव के बाद महिलाओं को एक हजार की जगह 2100 रुपये देने की भी बात कही। केजरीवाल का दावा है कि दोबारा आप की सरकार बनने पर यह राशि 2100 रुपये कर दी जाएगी। अरविंद केजरीवाल के मुताबिक, हर महिला के अकाउंट हर महीने कुछ पैसे डलवाने का वादा बीते मार्च में किया था। 18 वर्ष से अधिक उम्र की हर महिला को योजना का लाभ मिलेगा। इसके लिए महिलाओं को रजिस्ट्रेशन करना होगा। जो महिलाएं रजिस्ट्रेशन करेंगी उनके अकाउंट में हर महीने पैसे आने शुरू हो जाएंगे।

# सात दिन में ही नैनीताल जिले के 6 निकायों में बदल डाला आरक्षण

**नैनीताल , एजेंसी।** नैनीताल जिले के सात निकायों में से हल्द्वानी मेयर और पांच चेयरमैन पदों का आरक्षण बदल दिया। कुमाऊं का प्रवेश द्वार कहे जाने वाले हल्द्वानी में किया गया बदलाव सबसे महत्वपूर्ण है। मेयर अब अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के बजाय सामान्य का होगा।

अनंतिम अधिसूचना के बाद आई आपत्तियों पर सुनवाई के बाद शासन ने नैनीताल जिले के सात निकायों में से हल्द्वानी मेयर और पांच चेयरमैन पदों का आरक्षण बदल दिया। कुमाऊं का प्रवेश द्वार कहे जाने वाले हल्द्वानी में किया गया बदलाव सबसे महत्वपूर्ण है। मेयर अब अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के बजाय सामान्य का होगा।

14 दिसंबर को शासन की ओर से निकाय चुनाव का अनंतिम (प्रस्तावित) आरक्षण जारी किया गया था। उस पर आपत्तियों के लिए 22 दिसंबर तक का समय दिया गया था। आरक्षण जारी होते ही नैनीताल जिले में मेयर और चेयरमैन के राजनीतिक समीकरण बदलने से शहर की सरकार संभालने का सपना देख रहे कई नेताओं के अरमानों पर पानी फिर गया था। आरक्षण को लेकर सबसे ज्यादा घमासान हल्द्वानी में भाजपा के कब्जे वाले मेयर पद पर मचा। आपत्तियों पर सुनवाई के बाद सरकार ने मेयर की सीट का आरक्षण ओबीसी से बदलाव करके सामान्य कर दिया है।

इसी तरह कालाढूंगी नगरपालिका एससी के लिए प्रस्तावित सीट को सामान्य महिला के लिए आरक्षित कर दिया गया है। भीमताल नगरपालिका चेयरमैन का आरक्षण ओबीसी महिला से बदलकर एससी महिला हो गया है। नैनीताल पालिकाध्यक्ष की सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित होने के बाद दावेदारों ने आपत्ति जताई और सीट सामान्य महिला के लिए आरक्षित हो गई। भवाली नगरपालिका चेयरमैन का आरक्षण महिला सामान्य से बदलकर अनुसूचित जाति (एससी) किया गया है। लालकुआं नगर पंचायत में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) महिला से सीट बदलकर अंतिम आरक्षण ओबीसी कर दिया गया है। केवल रामनगर नगरपालिका के आरक्षण में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इस सीट पर आरक्षण अनारिक्षत बरकरार रखा गया है। वहां किसी वार्ड में भी बदलाव नहीं किया गया है।

## आरक्षण पर निकायों के बाद कैसे बदली राजनीतिक तस्वीर

**हल्द्वानीः** आखिरकार जद्दोजहद के बाद लगातार तीसरी बार हल्द्वानी मेयर की सीट सामान्य हो गई है। शहर में मेयर की सीट पर आरक्षण घोषित होने से पहले भाजपा के करीब 25 दावेदार मैदान में थे, वहीं कांग्रेस में 31 नेताओं ने मेयर प्रत्याशी के टिकट पर अपना दावा किया था। करीब एक हफ्ते पहले सीट ओबीसी के लिए प्रस्तावित होने के बाद भाजपा और कांग्रेस के प्रमुख दावेदारों के राजनीतिक अरमान धरे रह गए थे। कड़ाके की सर्दी के बीच सोमवार को हल्द्वानी का राजनीतिक मौसम भी बदला और आरक्षण सामान्य होने के बाद यह सीट अपनी पहचान के मुताबिक हॉट हो गई। इसके साथ ही अब फिर से कांग्रेस और भाजपा के प्रमुख दावेदारों के मेयर बनने के अरमान जाग गए हैं। करीब 10 साल पहले अस्तित्व में आए हल्द्वानी नगर निगम में अब तक भाजपा ने लगातार दोनों बार मेयर सीट जीती। निवर्तमान अध्यक्ष जोगेंद्र रौतेला लगातार यह सीट जीतते रहे हैं।



**नैनीतालः** करीब एक हफ्ते पहले नगरपालिका अध्यक्ष की सीट अनुसूचित जाति के लिए अनंतिम रूप से आरक्षित होने के बाद नगर का पहला नागरिक बनने का सपना देख रही सामान्य और ओबीसी महिला नेता मायूस हो गई थीं। पर आपत्तियों की सुनवाई के बाद आरक्षण बदल गया है और चेयरमैन की कुर्सी पर बैठने के लिए सभी वर्ग की महिलाओं के लिए दरवाजे खुल गए हैं। नए समीकरणों ने नैनीताल में कड़ाके की सर्दी के बीच नगर का चुनावी माहौल गर्म कर दिया है। अब देखना होगा कि महिला विधायक वाली विधानसभा में भाजपा और कांग्रेस किस महिला पर अपना दांव खेलेगी। इससे पूर्व सीट एससी के लिए आरक्षित होने पर विधायक सरिता आर्या के पुत्र भाजपा में प्रमुख दावेदार थे। इस सीट पर पिछली बार कांग्रेस के सचिन नेगी पालिकाध्यक्ष रहे हैं।

**भवालीः** नगर पालिका भवाली में सोमवार को अध्यक्ष पद का आरक्षण बदलते ही सामान्य और ओबीसी वर्ग की महिला दावेदारों के अरमान धरे के धरे रह गए। अब नगर की कमान अनुसूचित जाति के व्यक्ति के पास होगी। पिछली बार नगरपालिका भवाली की सीट सामान्य थी और इस बार जब पूर्व में आरक्षण जारी हुआ तो इसे महिला सीट के लिए आरक्षित कर दिया गया था। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस से महिला प्रत्याशियों ने शहर में तमाम स्थानों पर बैनर और पोस्टर लगवा दिए। पर नया आरक्षण जारी होते ही पार्टियों के सामने नए प्रत्याशी को खोजने की चुनौती रहेगी। भवाली नगर पालिका में कुल सात वार्ड हैं। इनमें महिला मतदाता 2979 और पुरुष मतदाता 3002 हैं।

**भीमताल :** शासन से भीमताल नगरपालिका का आरक्षण बदलते ही भाजपा और कांग्रेस से ओबीसी महिला दावेदारों को बड़ा झटका लगा है। अब भीमताल में नगरपालिका चेयरमैन पद पर अनुसूचित जाति की कोई महिला नेता काबिज होगी। अनुसूचित जाति की दावेदारों ने अपने लिए माहौल बनाना शुरू कर दिया है। भीमताल नगरपालिका से भाजपा से अनुसूचित जाति महिला के लिए कमला आर्या और बीना आर्या की दावेदारी मुख्य रूप से सामने आई है। वहीं कांग्रेस से सीमा टम्टा, आशा आर्या, रीना आर्या के नाम सियासी गलियारों में चर्चाओं में आए।

**कालाढूंगीः** कालाढूंगी नगरपालिका अध्यक्ष की सीट सामान्य महिला के लिए आरक्षित होने के बाद राजनीतिक फिजा बदल गई है। पहले यह सीट अनुसूचित जाति की महिला के लिए आरक्षित थी, इस कारण दावेदारों की संख्या ज्यादा नहीं थी। अब सीट सामान्य महिला के लिए आरक्षित होने पर दोनों प्रमुख पार्टियों के पास दोवदारों की कमी नहीं है। भाजपा से रेखा कत्यूरा, चेतना बिष्ट, प्रियंका मेहरा, इला बुढ़लाकोटी और कविता बालिया ने टिकट के लिए अपनी दावेदारी जताई है। कांग्रेस के नगर अध्यक्ष वकील अहमद ने बताया कि फिलहाल पार्टी से किसी भी सामान्य वर्ग की महिला ने आवेदन नहीं किया है। हालांकि पार्टी जल्द ही बैठक आयोजित कर आवेदन मांगने की प्रक्रिया शुरू करेगी। बता दें कि इससे पूर्व यह सीट सामान्य थी और भाजपा का कब्जा था।

**रामनगरः** रामनगर नगरपालिका अध्यक्ष सीट पर आरक्षण अनारक्षित यथावत रखा गया है। ऐसे में इस बार पिछले चुनाव की तुलना में दावेदारों की संख्या बढ़ना तय है। सामान्य सीट होने से भाजपा के 23 दावेदारों ने अध्यक्ष पद पर पर्यवेक्षकों के समक्ष अपनी दावेदारी की है। इनमें मुख्य रूप से संजय डॉर्बी, मदन मोहन जोशी, गणेश रावत, मनीष अग्रवाल, भगीरथ लाल चौधरी, भूपेंद्र खाती, पूरन नैनवाल आदि नाम प्रमुख हैं। वहीं, कांग्रेस के 16 दावेदारों में डॉ. निशांत पपनै, मोहम्मद अकरम, ताइफ खान, मो. जफर सैफी, मोहम्मद कय्यूम प्रमुख नाम हैं। निर्दलीय के रूप में आसिफ इकबाल ने दावेदारी की है। अब कांग्रेस और भाजपा के दावेदारों की नजर टिकट वितरण पर टिकी हुई हैं। बता दें कि कांग्रेस नेता मो. अकरम पिछले निकाय चुनाव में यहां से विजयी रहे थे।

**लालकुआंः** आरक्षण पर आपत्तियों के खिलाफ हुई सुनवाई के बाद लालकुआं नगर पंचायत अध्यक्ष सीट ओबीसी महिला से ओबीसी सामान्य होने के बाद राजनीतिक समीकरण बदल गए हैं। अब दोनों पार्टियों में दावेदारों की संख्या ज्यादा होने के साथ पार्टियों को नए सिरे से कसरत करनी होगी। नए समीकरण बनने से ओबीसी महिला दावेदारों ने अपने पतियों को आगे कर दिया है। अब समीकरण बदलने से मुकाबला रोचक होने की उम्मीद है। पिछड़ी जाति से नगर पंचायत अध्यक्ष पद के दावेदारों में भाजपा से प्रेमनाथ पंडित, सुरेंद्र सिंह लोटनी, युवा नेता राकेश गुप्ता (बाबू) और कांग्रेस से कमलेश यादव, शिल्पी देवी, माजिद अली प्रमुख नाम हैं। बता दें कि वर्ष 2018 में यह सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित थी।

## संक्षिप्त समाचार

### तोड़ी गई दुकान बनाकर दे प्रशासन, 10 लाख रुपये हर्जाना भी

**देहरादून, एजेंसी।** उच्च न्यायालय के आदेश पर चले अतिक्रमण हटाओ अभियान में तोड़ी गई दुकान प्रशासन को दोबारा बनाकर देनी होगी। यही नहीं प्रशासन अब दुकानदार को 10 लाख रुपये हर्जाने के तौर पर भी अदा करेगा। ये आदेश पीड़ित दुकानदार की याचिका पर अपर जिला जज प्रथम महेश चंद कौशिबा की अदालत ने दिए हैं। अदालत ने माना कि प्रशासन ने नियमों का उल्लंघन करते हुए दुकानदार को कोई नोटिस नहीं दिया। जबकि, उसने न तो सड़क पर अतिक्रमण किया था और न ही वह अवैध कब्जाधारी था। ऐसे में प्रशासन के इस काम को अदालत ने कानून का मखौल उड़ाने वाला भी बताया है।

याचिका महेश मलिक निवासी राजपुर रोड, दिलाराम बाजार ने दायर की थी। वह क्षेत्र में ही चिकन प्वाइंट नाम से एक दुकान चलाते हैं। जिस जगह पर यह दुकान है वह सिंचाई विभाग की थी और वर्ष 1990 में इसे दृशपाल सिंह बिष्ट को आवंटित किया गया था। तब से यह लीज पर चल रही थी।

यह जमीन उन्होंने दृशपाल सिंह बिष्ट से महेश मलिक ने किराए पर ली थी और इस पर टिनशेड डालकर अपनी दुकान चला रहे थे। वर्ष 2018 में उच्च न्यायालय ने एक जनहित याचिका पर फैसला सुनाते हुए शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने का आदेश दिया था। इस आदेश के बाद देहरादून में एक टास्क फोर्स का गठन किया गया और पूरे शहर में यह अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया।

इसी बीच 24 अक्तूबर 2020 को अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत टीम महेश मलिक की इस दुकान पर भी पहुंची। टीम ने बुल्डोजर से न सिर्फ ढांचा ढहाया बल्कि वहां रखे डीप फ्रीजर व अन्य सामान को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।

इस तरह महेश मलिक का करीब 20 लाख रुपये का नुकसान हुआ। इस याचिका में महेश मलिक ने उत्तराखंड राज्य, एमडीडीए, डीके सिंह तत्कालीन अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग, विजय सिंह रावत तत्कालीन एई सिंचाई विभाग, नागेंद्र प्रसाद पंत तत्कालीन डीआरओ सिंचाई विभाग और युसूफ, जिलेदार, सिंचाई विभाग को विपक्षी बनाया।

### किस नेता पर कितने मुकदमे, इस बार सब पता चलेगा, आपराधिक रिकॉर्ड भी जारी करेगा आयोग

**देहरादून, एजेंसी।** निर्वाचन आयोग निकाय चुनाव में आपराधिक रिकॉर्ड भी जारी करेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी वेबसाइट पर इसे प्रकाशित किया जाएगा साथ ही अखबारों में भी सूचना दी जाएगी।

लोकसभा, विधानसभा चुनावों की भांति नगर निकायों के चुनाव में भी दम आजमाने वाले नेताओं को अपना आपराधिक ब्योरा देना होगा। इस ब्योरे को जिला निर्वाचन अधिकारी अपनी वेबसाइट पर प्रसारित करने के साथ ही अखबारों के माध्यम से जनता के बीच तक उसकी सूचना पहुंचाएंगे। पहली बार आयोग ने यह शुरुआत की है।

वार्ड या निकाय अध्यक्ष का चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को इस बार शपथ पत्र पर अपना आपराधिक ब्योरा भी देना होगा। उस प्रत्याशी के खिलाफ किस थाने में किन धाराओं में कितने मुकदमे दर्ज हैं, इसकी सूचना जिलाधिकारी को देनी होगी। जिलाधिकारी के स्तर से सभी ऐसे प्रत्याशियों का यह ब्योरा किसी प्रचार के माध्यम जैसे वेबसाइट आदि पर जारी करनी है।

जनता के बीच इसकी सूचना अखबारों के माध्यम से दी जाएगी ताकि मतदाता अपने प्रत्याशी का आपराधिक रिकॉर्ड उस वेबसाइट पर देख सकें। राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने बताया कि निकायों में आपराधिक प्रवृत्ति को कम करने, मतदाताओं के बीच उसकी जानकारी देने के मकसद से यह बदलाव किया गया है।

### बहुउद्देशीय शिविर में उठाईं समस्याएं

**बाजपुर, एजेंसी।** प्रशासन गांव ओर अभियान के अंतर्गत बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एसडीएम अमृता शर्मा ने लोगों की समस्याओं को सुना। इस दौरान 26 शिकायतें दर्ज की गई। कुछ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। अन्य शेष समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को भेज दिया।

सोमवार को ब्लॉक कार्यालय में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में एसडीएम अमृता शर्मा ने लोगों की समस्याओं को सुना। एसडीएम ने परिवार रजिस्टर की नकल सहित अन्य कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर दिया। अन्य 11 समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। गांव जगन्नाथपुर निवासी मोहम्मद शकील अहमद ने खतौनी में पिता का नाम सही रूप से दर्ज करने, गांव मुंडिया पिस्तौर देहात निवासी निर्मला ने सीसी मार्ग निर्माण कराने सहित लोगों ने 26 शिकायतें दर्ज कराईं। शिविर में एक दिव्यांग को ट्राईसाइकिल दी गई। होम्योपैथिक चिकित्सा, बीज, महिला समूह सहित कई स्टाल लगाए गए। शिविर में तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट, बीडीओ कुंदन सिंह बिष्ट, एबीडीओ एससी पंत, सीडीपीओ रेनू यादव, डॉ. शिखा सम्मल, कैलाश शर्मा, लोकतंत्र सेनानी गोपाल कोछड़, ललित ग्वाल, जसवीर सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष उमा जोशी, वीरेंद्र बिष्ट, भगवंत मियान, कन्नू जोशी सहित 96 अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# हाईकोर्ट ने 2,906 पदों पर शिक्षक भर्ती मामले में शासन से मांगा जवाब



**देहरादून, एजेंसी।** शिक्षकों की भर्ती में शासन ने पहले बीएड और एनआईओएस से डीएलएड अभ्यर्थियों को शामिल किया था, लेकिन बाद में एनआईओएस से डीएलएड अभ्यर्थियों को अपात्र बताते हुए उन्हें भर्ती से बाहर कर दिया। इसके खिलाफ अभ्यर्थी सुप्रीम कोर्ट चले गए।

एनआईओएस से डीएलएड अभ्यर्थी 2,906 पदों पर चल रही शिक्षक भर्ती के मामले में फिर से हाईकोर्ट पहुंच गए। हाईकोर्ट ने उन्हें भर्ती में शामिल न करने के मामले में शिक्षा निदेशालय और शासन से 24 दिसंबर तक जवाब मांगा है।

प्रदेश में चल रही शिक्षकों की भर्ती में शासन ने पहले बीएड और एनआईओएस से डीएलएड अभ्यर्थियों को शामिल किया था, लेकिन बाद में एनआईओएस से डीएलएड अभ्यर्थियों को अपात्र बताते हुए उन्हें भर्ती से बाहर कर दिया। इसके खिलाफ अभ्यर्थी सुप्रीम कोर्ट चले गए।

सुप्रीम कोर्ट से उन्हें प्राथमिक में सहायक अध्यापक के पद के लिए पात्र और बीएड अभ्यर्थियों को अपात्र घोषित किया गया। इस बीच शिक्षकों की भर्ती के लिए पांच चरणों में काउंसलिंग भी पूरी हो चुकी है। 1800 से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्तिपत्र दिए जा चुके हैं, लेकिन एनआईओएस से डीएलएड अभ्यर्थी एक बार फिर प्रकरण को लेकर हाईकोर्ट पहुंच गए।

प्रभारी शिक्षा निदेशक आरएल आर्य के मुताबिक, हाईकोर्ट ने मामले में शिक्षा निदेशालय और शासन से जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि जब सुप्रीम कोर्ट ने एनआईओएस से डीएलएड अभ्यर्थियों को पात्र माना तो इन्हें शिक्षक भर्ती में शामिल क्यों नहीं किया गया।

# जश्न के नाम पर हुड़दंग बर्दाश्त नहीं : एसएसपी

**ऋषिकेश, एजेंसी।** एसएसपी टिहरी आयुष अग्रवाल ने होटल, कैंप और राफ्टिंग व्यवसायियों के साथ बैठक की। कहा कि जश्न के नाम पर हुड़दंग करने वालों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सोमवार को एसएसपी टिहरी आयुष अग्रवाल ने मुनि की रेती स्थित गढ़वाल मंडल विकास निगम के गंगा रिजॉर्ट में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। उन्होंने होटल और राफ्टिंग एसोसिएशन से जुड़े व्यवसायियों से क्रिसमस और न्यू ईयर का जश्न मनाने के लिए क्षेत्र में उमड़ने वाली सैलानियों की भीड़ के चलते यातायात, कानून व्यवस्था आदि को सुचारू बनाने के लिए सुझाव मांगे।

होटल व्यवसायी रघुवीर कठैत ने क्रिसमस और न्यू ईयर पर देर रात तक म्यूजिक सिस्टम बजाने पर प्रतिबंध लगाने, कॉकटेल पार्टी कर लड़ाई-झगड़ा और हुड़दंग करने वालों पर लगाम लगाने की मांग की। व्यवसायी प्रशांत ने सड़कों पर वाहन पार्क कर ट्रैफिक व्यवस्था को प्रभावित करने वालों पर कार्रवाई और पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था बनाए जाने की मांग की।

होटल व्यवसायी बचन पोखरियाल ने क्षेत्र में बढ़ते नशे के अवैध कारोबार पर नकेल कसने, गंगा किनारे सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर नशा करने वालों पर लगाम लगाने, लड़खड़ाती ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के संबंध में सुझाव दिए। व्यवसायी देवेंद्र कुडियाल ने तपोवन क्षेत्र में बालक नाथ चौराहे पर दुर्घटना की आशंका को देखते हुए सीसीटीवी कैमरा, ब्लिंकिंग रेड लाइट लगाने और पुलिस कर्मियों की तैनाती की मांग की।

एसएसपी आयुष अग्रवाल ने कहा कि क्रिसमस और न्यू ईयर पर पुलिस की ओर से सुरक्षा व्यवस्था चाकचौबंद रखी जाएगी। उन्होंने यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए स्थानीय व्यवसायियों से सहयोग की अपील की। कहा कि यदि कोई नशा करता पाया जाता है तो उसकी सूचना पुलिस को दे सकते हैं।

उन्होंने होटल और कैंप संचालकों को बिना लाइसेंस के शराब नहीं परोसने की हिदायत दी। कहा कि स्थानीय व्यवसायी पुलिस के साथ मिलकर व्यवस्था बनाएं और डायवर्जन व्यवस्था का पालन करें। समस्या से निपटने के लिए सामूहिक सहयोग जरूरी है। सभी मिलकर ही व्यवस्था को सुदृढ़ बना सकते हैं।

ट्रैफिक व्यवस्था बनाने के लिए पर्याप्त पार्किंग बनाई जाएंगी। विभागीय संबंधी समस्याओं को लेकर डीएम टिहरी को अवगत कराकर समाधान किया जाएगा। उन्होंने सख्त हिदायत दी कि क्रिसमस और न्यू ईयर के दिन रात 10 बजे के बाद ऊंची आवाज में म्यूजिक नहीं बजेगा। हुड़दंग रोकने के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस कर्मियों की तैनाती कर निगरानी रखी जाएगी।। इस मौके पर पर्यटन व्यवसायियों के अलावा मुनि की रेती थाना प्रभारी निरीक्षक रितेश साह, एसएसआई योगेश पांडे सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# मेयर सीट पर आरक्षण बदल भाजपा ने साधे एक तीर से दो निशाने

**नैनीताल, एजेंसी।** हल्द्वानी में सामान्य वर्ग के मतदाताओं की संख्या अधिक है, मेयर की सीट ओबीसी के लिए आरक्षित कराकर भाजपा खुद ही अपने जाल में फंस गई थी। उसे लगा सामान्य वर्ग के मतदाता नाराज हो सकते हैं। इसका असर 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में पड़ सकता है।

सामान्य वर्ग के मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक होने के बावजूद अनंतिम अधिसूचना में मेयर की सीट ओबीसी के लिए आरक्षित कराकर भाजपा खुद ही अपने जाल में फंस गई थी। एक ओर पार्टी में सिर फुटव्वल की नौबत पैदा हो गई तो दूसरी ओर उसे लगने लगा था कि इससे सामान्य वर्ग के मतदाता नाराज हो सकते हैं। यह नाराजगी 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में भारी न पड़े, यह समझाकर भी सीट सामान्य कराई गई।

हल्द्वानी नगर निगम क्षेत्र के 60 वार्डों की कुल जनसंख्या 2,81,215 में 2,42,010 संख्या मतदाताओं की हैं। अनुसूचित जाति के 26,726 मतदाता हैं, जो कुल जनसंख्या के 9.5 फीसदी हैं। जनजाति के मतदाता 1937 (0.69 फीसदी) हैं। जबकि ओबीसी की मतदाता 51,789 (18.42 फीसदी) हैं। शेष करीब 70 फीसदी से ज्यादा जनसंख्या सामान्य वर्ग के मतदाताओं की है, जो हर चुनाव में निर्णायक साबित होते हैं।

ऐसे में यदि भाजपा शुरू में ही मेयर की सीट सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित करा लेती तो जनता में यह संदेश जाता कि पार्टी निकाय चुनाव में सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व का मौका नहीं दे रही है। दूसरा शुरू में ही सामान्य वर्ग की सीट होने पर पार्टी के लिए दावेदारों का चयन करना कठिन रहता। ऐसे में पार्टी के बड़े पदाधिकारी अपने चहेते को टिकट दिलाने से भी चूक जाते।

यह सब देखकर पार्टी ने एक तीर से दो निशाने साधने का काम किया। पहले सीट को अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित कर यह संदेश दिया कि वह सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व देना चाहती है। सीट आरक्षित करने के बाद पार्टी में हुए बवंडर से भी भाजपा ने यह जता दिया कि एक वर्ग को प्रतिनिधित्व देने के बाद प्रत्याशी चयन करना पार्टी के लिए टेड़ी खीर हो गया है। लिहाजा भाजपा ने आखिर में वही किया जो वह शुरू में चाहती थी और मेयर सीट का आरक्षण बदलकर सामान्य कर दिया गया। इसके लिए पार्टी के सामान्य जाति के बड़े नेता भी सक्रिय थे।

राजनीति के जानकारों का मानना है कि सीट को सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित कर पार्टी ने अपने विरोधी धड़े को तो बाहर का रास्ता दिखा दिया। वहीं अब सामान्य वर्ग के मतदाताओं को साथ लेकर पार्टी वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को साधने की भी रणनीति बनाने लगी है।

# ढाई घंटे तक अधिकारियों का इंतजार, उसके बाद किया बैठक का बहिष्कार

**ऋषिकेश, एजेंसी।** उत्तराखंड शहरी क्षेत्र विकास एजेंसी (यूयूएसडीए) के अंतर्गत ऋषिकेश, मुनि की रेती, तपोवन व स्वर्गाश्रम में 1800 करोड़ रुपये से निकायों के विकास कार्यों को लेकर संबंधित क्षेत्रों के हितधारकों के साथ बैठक आयोजित हुई। अधिकारियों के निर्धारित समय पर न पहुंचने से आक्रोशित व्यापारियों ने बैठक का बहिष्कार किया। व्यापारी करीब ढाई घंटे तक अधिकारियों का इंतजार करने के बाद बैठक से उठ कर चले गए।

सोमवार को नगर निगम सभागार में बैठक प्रस्तावित थी। जिसके लिए प्रशासन की ओर से ढाई बजे का समय निर्धारित किया गया था। बैठक में कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल सहित देहरादून, टिहरी व पौड़ी के जिलाधिकारियों को शामिल होना था। बैठक में शहर के व्यापारियों सहित अन्य संगठनों को भी बुलाया गया था।

व्यापारी निर्धारित समय पर बैठक में पहुंच गए। लेकिन करीब चार बजे तक कैबिनेट मंत्री व जिल पहुंचने पर व्यापारी आक्रोशित हो गए। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष कोहली बैठक से उठ गए।

उनके उठते ही सभी व्यापारी अपने सीटों से उठे और बैठक का बहिष्कार कर दिया। शाम चार बजे बाद बिना व्यापारियों की मौजूदगी के हुई बैठक में मंत्री अग्रवाल ने बताया कि केंद्र सरकार की बाह्म सहायतित परियोजना के तहत ऋषिकेश, मुनि की रेती, तपोवन व स्वर्गाश्रम में 1800 करोड़ रुपये की धनराशि से वेडिंग जोन, सीवरेज सिस्टम, पेजयल आपूर्ति, नगरीय यातायात प्रबंधन, बाढ़ प्रबंधन, हरित विकास व सौंदर्यीकरण, पार्किंग आदि कार्य किए जाने हैं।

बताया कि अगले छह साल के भीतर यह कार्य किए जाएंगे। जिसके प्रथम चरण में 900 करोड़ और दूसरे चरण में 900 करोड़ रुपये की धनराशि खर्च की जाएंगी। बैठक में पुरानी सीवरेज लाइन के चौड़ीकरण, ब्रह्मपुरी के समीप राफ्टिंग को साइलेंट जोन घोषित करने, ट्रांसपोर्ट नगर की मांग, मुख्य चौराहों का शंख, धनुष आदि की आकृति में सौंदर्यीकरण, फायर ब्रिगेड की लाइन अलग किए जाने, यात्रा काल में बाईपास से ट्रैफिक शिफ्ट नहीं करने, गोसेवा केंद्र खोले जाने, गल्ला व कृषि व्यापारियों के लिए नवीन मंडी स्थल तलाश करने आदि से संबंधित कई सुझाव प्राप्त हुए।

इस अवसर पर डीएम पौड़ी डॉ. आशीष चौहान, यूयूएसडीए निदेशक चंद्रेश कुमार, यूयूएसडीए अपर निदेशक विनय मिश्रा, रविंद्र राणा आदि मौजूद रहे।

बैठक में सिर्फ पौड़ी के डीएम शामिल हुए। टिहरी व देहरादून के डीएम नहीं आए। जबकि बैठक में टिहरी, पौड़ी व देहरादून के जिलाधिकारियों को शामिल होना था। व्यापारियों का कहना है कि अधिकारी बैठकों को गंभीरता से नहीं लेते हैं। केवल औपचारिकता निभाई जाती है।

# फर्जीवाड़े से आईआईटी रुड़की में ड्राइवर बने व्यक्ति पर सीबीआई ने दर्ज किया मुकदमा

**देहरादून, एजेंसी।** फर्जीवाड़ा कर आईआईटी रुड़की में ड्राइवर की नौकरी पाने वाले व्यक्ति के खिलाफ सीबीआई ने मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि व्यक्ति ने खुद की उम्र करीब आठ साल कम दर्शाई और यह नौकरी हासिल की। वह इस नौकरी के लिए वर्ष 2018 में भी आवेदन कर चुका था। उस वक्त उसकी जन्मतिथि अलग थी। सीबीआई ने एक गुप्त शिकायत के आधार पर जांच की और उसके खिलाफ एंटी करप्शन ब्रांच देहरादून में मुकदमा दर्ज कर लिया।

सीबीआई से मिली जानकारी के अनुसार सचिन राठी निवासी शामली रोड, जवाहर नवोदय विद्यालय के पास, बघरा मुजफ्फरनगर के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। सचिन राठी ने इसी साल अगस्त में आईआईटी रुड़की में ड्राइवर ग्रेड-द्वितीय के पद पर नौकरी पाई थी।

सीबीआई ने जांच की तो पता चला कि सचिन राठी की जन्मतिथि 25 नवंबर 1988 है और उसने वर्ष 2005 में जनता इंटर कॉलेज हर्षोली मुजफ्फरनगर से हाईस्कूल की परीक्षा पास की थी। सचिन को कोई रोजगार नहीं मिल रहा था और वह उम्र सीमा भी पार कर चुका था। ऐसे में उसने मार्कंडेय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर, गाजीपुर उत्तर प्रदेश से एक नियमित छात्र के रूप में हाईस्कूल की परीक्षा दी। इसमें उसने अपनी जन्मतिथि 15 नवंबर 1996 दर्शाई।

इसके बाद राठी एक नवंबर 2016 को साइबेक्स सपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड दयानंद कॉलोनी लाजपत नगर, नई दिल्ली में ड्राइवर के रूप में नियुक्त हो गया। यहां उसने कुशल श्रेणी के ड्राइवर के रूप में 31 मई 2017 तक अपनी सेवाएं दीं। इसके बाद वह उच्च कुशल श्रेणी के ड्राइवर के तौर पर काम करने लगा। वह 2023 तक इसी कंपनी के रोल पर बना रहा।

यही कंपनी आईआईटी रुड़की में भी आउटसोर्स के आधार पर ड्राइवर उपलब्ध कराती है।

### चार पार्कों के सौंदर्यीकरण के लिए 90.70 लाख जारी

**ऋषिकेश, एजेंसी।** वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने सोमवार को ऋषिकेश नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत चार पार्कों के सौंदर्यीकरण के लिए 90.70 लाख रुपये की धनराशि जारी की है। वित्त मंत्री अग्रवाल ने बताया कि नगर निगम ऋषिकेश क्षेत्र के अंतर्गत भरत विहार में गैस एजेंसी के पास स्थित शिव मंदिर पार्क के जीर्णोद्धार का कार्य करीब 17. 94 लाख, बैराज कॉलोनी में डी 18 के सामने पार्क का जीर्णोद्धार 24. 96 लाख, आवास विकास वार्ड संख्या 25 में स्थित शिव पार्क का जीर्णोद्धार 24.88 लाख और भरत विहार गली नंबर एक और दो के बीच पार्क के जीर्णोद्धार के लिए 22. 92 लाख रुपये की धनराशि जारी की गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रांसजेंडरों के हितों की रक्षा के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

नई दिल्ली, । दिल्ली विश्वविद्यालय ने ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकार संरक्षण) अधिनियम, 2019 और नियम 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए डॉ. गीता मिश्रा, एसोसिएट प्रोफेसर, निरंतर शिक्षा और विस्तार विभाग, को इस अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के निरीक्षण और सुचारू कार्यान्वयन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसके अतिरिक्त, निरंतर शिक्षा और विस्तार विभाग के प्रोफेसर राजेश को समग्र प्रभारी नियुक्त किया गया है।

### परीक्षा परिणाम से संबंधित मामले में हस्तक्षेप से इनकार

नई दिल्ली, । दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों के संघ को उत्तर कुंजी में त्रुटियों के कारण सीएलएटी-2025 के परिणाम को संशोधित करने के निर्देश देने वाले आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विभु बाखरू एवं न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने उच्च न्यायालय के एकल न्यायाधीश के फैसले के खिलाफ संघ द्वारा की गई अपील पर विचार करते हुए कहा कि अंतरिम आदेश के लिए कोई मामला नहीं बनता है। पीठ ने प्रथम दृष्टया दो प्रश्नों के संबंध में एकल न्यायाधीश द्वारा लिए गए दृष्टिकोण में कोई त्रुटि नहीं पाई है। पीठ ने स्पष्ट किया कि संघ एकल न्यायाधीश के निर्णय के अनुसार परिणाम घोषित करने के लिए स्वतंत्र है। प्रवेश परीक्षा में दो प्रश्नों के उत्तर गलत बताए गए थे। याचिका में सात दिसंबर को संघ द्वारा प्रकाशित उत्तर कुंजी को चुनौती दी गई है। कुछ प्रश्नों के सही उत्तरों की घोषणा करने के लिए निर्देश देने की मांग की गई थी। एकल न्यायाधीश ने कहा कि गलतियां स्पष्ट हैं। उन पर आँखें मूंद लेना अन्याय होगा।

### दिल्ली कोचिंग सेंटर हादसा मामले में 2 फायर अधिकारी सस्पेंड, एलजी ने की कार्रवाई

नई दिल्ली, । राजधानी दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर के राव कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में तीन छात्रों की मौत के मामले में दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने बड़ा एक्शन लिया है. एलजी वीके सक्सेना ने दिल्ली सरकार के फायर डिपार्टमेंट के दो ग्रुप ह्यएह्न अधिकारियों को तत्काल सस्पेंड करने की मंजूरी दे दी है. जिसमें विभागीय अधिकारी वेद पाल और सहायक विभागीय अधिकारी उदय वीर सिंह को सस्पेंड किया गया है. सेंट्रल दिल्ली के जिला मजिस्ट्रेट की विस्तृत जांच से पता चला कि दोनों निलंबित अधिकारियों ने फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट जारी करने के लिए परिसर का निरीक्षण किया था. जांच में यह भी पाया गया कि अधिकारियों ने लाइब्रेरी के रूप में बेसमेंट के दुरुपयोग की जानकारी को छिपाया और इस मामले को दिल्ली नगर निगम को भेजने में विफल रहे. इसके बाद 9 जुलाई को फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट जारी कर दिया था. गलत तरीके से लाइब्रेरी चलाई जा रही थी दरअसल, 27 जुलाई 2024 को भारी बारिश की वजह से कोचिंग सेंटर के बेसमेंट के अंदर कुछ ही मिनटों में पानी भर गया था. पानी भरने से बेसमेंट की लाइब्रेरी में तीन छात्र फंसे रह गए थे, जिनकी बेसमेंट में ही मौत हो गई थी. जिला मजिस्ट्रेट (सेंट्रल) द्वारा की गई

### सर गंगा राम अस्पताल ने रॉयल केयर अस्पताल के साथ पार्किंसंस उपचार में नई क्रांति की शुरूआत की

नई दिल्ली, । सर गंगा राम अस्पताल ने रॉयल केयर सुपर स्पेशलिटी अस्पताल कोयंबटूर के साथ मिलकर एक ऐतिहासिक सहयोग की घोषणा की है। इस सहयोग का उद्देश्य कार्यात्मक न्यूरो विकारों, जैसे कि आवश्यक कंपन और पार्किंसंस रोग से पीड़ित मरीजों के लिए राज्य-आधारित मैग्नेटिक रेजोनेंस गाइडेड फोकस्ड अल्ट्रासाउंड थैलामोटोमी उपचार का परिचय कराना है। यह एक अग्रणी संयुक्त पहल है, जो उत्तरी भारत में पहली बार उपलब्ध हो रही है। सर गंगा राम अस्पताल आवश्यक बुनियादी ढांचा, जिसमें अत्याधुनिक 3 टेस्ला स्कैनिंग प्रणाली और विशेषज्ञ चिकित्सा कर्मी शामिल हैं, प्रदान करेगा। जबकि रॉयल केयर सुपर स्पेशलिटी अस्पताल अपनी विशाल अनुभव और अल्बर्ट न्यूरो डिवाइस प्रदान करेगा, जिसका उपयोग 150 से अधिक सफल प्रक्रियाओं में किया जा चुका है। इस प्रक्रिया, जिसे भारत के केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन और अमेरिकी खाद्य और औषधि प्रशासन द्वारा मंजूरी प्राप्त है, एक गैर-आक्रामक उपचार विकल्प है जो मस्तिष्क के उप-मिलीमीटर क्षेत्रों को सटीक रूप से लक्षित करने की अनुमति देता है, ताकि आवश्यक कंपन और पार्किंसंस रोग के लक्षणों को कम किया जा सके। यह उन्नत उपचार उन मरीजों के लिए दीर्घकालिक राहत प्रदान करने के लिए सिद्ध हुआ है, जिन्होंने पारंपरिक उपचारों के प्रति सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी है। यह प्रक्रिया उच्च योग्य न्यूरोसर्जनों और न्यूरोलॉजिस्टों की टीम द्वारा दी जाएगी, जिन्होंने फोकस्ड अल्ट्रासाउंड तकनीक में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

# बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई से केजरीवाल को होती हैं तकलीफः प्रवीण शंकर कपूर

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



नई दिल्ली, । दक्षिणी जिला पुलिस ने अवैध रूप से दिल्ली में रह रहे बांग्लादेशी और घुसपैठियों के आधार कार्ड और वोटर कार्ड बनाने के एक बड़े गैंग का पदार्फाश करते हुए गैंग के लोगों को गिरफ्तार कर लिया है. इस मामले को लेकर भाजपा दिल्ली प्रदेश के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने आम आदमी पार्टी और उसके राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है। भाजपा दिल्ली प्रदेश के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि आम आदमी पार्टी को आखिर इस बात से क्यों तकलीफ होती है जब हम बांग्लादेशियों और अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्याओं का दिल्ली में रहने का मामला उठाते हैं। प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि उनकी तकलीफ होने का कारण यह है कि अवैध रूप से इनका आधार कार्ड बनने के बाद फिर आधार कार्ड के बेसिस पर इनका वोट बनता है और फिर यह दिल्ली के मतदाता बन जाते हैं। इसके बाद ये वोटर कार्ड के आधार पर सरकार की सारी योजनाओं का लाभ लेना शुरू कर देते हैं. जब भारतीय जनता पार्टी इन लोगों पर निशाना साधती है तो सबसे ज्यादा केजरीवाल व उनके सांसद संजय सिंह तिलमिलाते हैं। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि मैं पूछना चाहता हूं आखिर क्या रिश्ता है अरविंद केजरीवाल का रोहिंग्या और अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों से. अब दिल्ली पुलिस ने एक बहुत बड़े गैंग का खुलासा करके 11 लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया है. यह इस बात को दिखाता है कि आखिर कितने बड़े स्तर पर रोहिंग्या और बांग्लादेशियों को दिल्ली में शरण देने का काम चल रहा है। बता दें कि दिल्ली पुलिस ने मंगलवार सुबह एक बड़े गैर कानूनी इमीग्रेशन रैकेट का पदार्फाश किया है, जिसमें 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस अधिकारी के अनुसार 11 लोगों में से पांच बांग्लादेशी नागरिक हैं और अन्य जाली दस्तावेज बनाने में शामिल पाए गए. ये सभी आरोपी फर्जी वेबसाइटों का इस्तेमाल कर बांग्लादेशी नागरिकों के लिए आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और अन्य जाली दस्तावेज बनाने में संलिप्त थे. अवैध रूप से रहने वाले प्रवासियों के खिलाफ अभियान पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई एक अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य दिल्ली में अवैध रूप से रहने वाले प्रवासियों की पहचान करना और उन्हें कानून के दायरे में लाना है. यह विशेष कार्रवाई दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना के निर्देश पर की जा रही है. उपराज्यपाल ने मुख्य सचिव और पुलिस आयुक्त को आदेश दिया था कि वे दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी प्रवासियों की पहचान करने और उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के लिए एक विशेष अभियान चलाएं. पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस अभियान के तहत अब तक शहरभर में 1000 से अधिक अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की पहचान की जा चुकी है.

# बाबा साहब अंबेडकर का अपमान करने वाली भाजपा दलित विरोधी पार्टी है - संजय सिंह

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



संसद में बाबा साहब का अपमान करने वाले देश के गृहमंत्री अमित शाह का बचाव कर रही भाजपा को आम आदमी पार्टी ने आड़े हाथ लिया है। ह्वआपह्व के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह का कहना है कि भाजपा की दलित और संविधान विरोधी मानसिकता फिर उजागर हो गई है। भाजपा बाबा साहब डॉ. अंबेडकर का अपमान करने के बावजूद अमित शाह के बयान का बचाव कर रही है। भाजपा के एक भी नेता ने आज तक अमित शाह के बयान को गलत नहीं ठहराया, जो भाजपा की दलित, शोषित और वंचित विरोधी मानसिकता दिखाता है। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को लेकर संसद में दिए गए अमित शाह के आपत्तिजनक बयान के खिलाफ आम आदमी पार्टी जगह-जगह प्रदर्शन कर रही है और अपना विरोध जता रही है। इसी तरह से चंडीगढ़ नगर निगम में भी यह प्रस्ताव आया है, जिसे लेकर भाजपा के लोग वहां हंगामा कर रहे हैं। सोमवार को लखनऊ में प्रदर्शन हुआ। इस ठंड के महीने में वहां पुलिस हमारे लोगों पर लाठीचार्ज कर रही है। मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि बाबा साहब के अपमान के बावजूद भाजपा उसका बचाव कर रही है। एक भी भाजपा के नेता ने अमित शाह के बयान को आज तक गलत नहीं कहा। यह दिखाता है कि इस देश के दलित, शोषित, वंचित वर्ग के प्रति भाजपा की मानसिकता क्या है। आरएसएस ने संविधान का विरोध किया था। उसने बाबा साहब का पुतला जलाया था। आरएसएस और भाजपा हमेशा से दलितों और वंचितों के खिलाफ रही हैं। उन्होंने आरक्षण का विरोध किया था। मंदिर के शिलान्यास में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और वर्तमान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को नहीं बुलाया था। आरएसएस और भाजपा का लगातार यह चरित्र देखने को मिला है कि यह हमेशा से बाबा साहब, इस देश के दलितों, पिछड़ों और वंचितों का अपमान करते रहे हैं। वन नेशन, वन इलेक्शन के सवाल पर संजय सिंह ने कहा कि हम शुरू से ही इसके खिलाफ हैं। वन नेशन, वन इलेक्शन एक बेवकूफी का फामूर्ला है, जो ये लोग लेकर आए हैं। इससे देश में तानाशाही आएगी। लोकतंत्र में बार-बार चुनाव होना जनता के लिए ठीक होता है। अगर मोदी जी को महाराष्ट्र, यूपी और बिहार के चुनाव में जाना होता है तो उसके पहले उन्हें कम से कम पेट्रोल और डीजल के दाम कम करने पड़ते हैं। महंगाई कम करनी पड़ती है। जनता को राहत मिलती है। अब ऐसे तो ये लोग निरंकुश सत्ता चलाएंगे। फिर देश में तोड़फोड़ करके अपनी सरकारें चलाएंगे। कभी इसका विधायक तोड़ेंगे, कभी उसका विधायक तोड़ेंगे।

# 50 वारदात में शामिल गैंग दबोचा, गैंग लीडर भी पकड़ा



नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

हत्या के प्रयास, लूट, स्नैचिंग, आर्म्स एक्ट, चोरी इत्यादि के 50 वारदात में शामिल एक गैंग को आरके पुरम थाना की पुलिस टीम ने पकड़ा है। इस गैंग के मास्टरमाइंड सहित तीन बदमाशों को पुलिस गिरफ्तार करने में कामयाब हुई है। गिरफ्तार किए गए बदमाशों की पहचान राकेश उर्फ छंगा, संदीप और विपिन उर्फ रवि के रूप में हुई है। रवि और संदीप दोनों सगे भाई हैं। इनके पास से पुलिस टीम ने सात मोबाइल, स्कूटी और अन्य सामान बरामद किया है। फिलहाल इनकी गिरफ्तारी से पुलिस ने पांच मामलों का खुलासा करने का दावा किया है। डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि गैंग का मास्टरमाइंड राकेश पहले से 10 मामलों में शामिल रहा है। जबकि संदीप पर भी कई मामले पहले से चल रहे हैं। यह दिल्ली पुलिस का घोषित बीसी भी है। यह सभी आरोपी दिल्ली के तिगड़ी इलाके के रहने वाले हैं। वसंत विहार एसीपी गरिमा तिवारी की देखरेख में एसएचओ रविंद्र कुमार त्यागी, इंस्पेक्टर विनय कुमार यादव, अजीत कुमार यादव, हेड कांस्टेबल सुंदर और कांस्टेबल प्रिंस की टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से इस गैंग के बारे में पता लगाया था। फिर जानकारी मिलने पर सबसे पहले गैंग के लीडर राकेश उर्फ छंगा को रिंग रोड से पकड़ा। उसके बाद उनके दो और सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया। आगे की कार्रवाई पुलिस टीम के द्वारा की जा रही है।

### मनीष सिसोदिया ने किया मनोज तिवारी पर पलटवार

नई दिल्ली, । भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) सांसद मनोज तिवारी ने अपने एक्स अकाउंट पर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद का एक पुराना वीडियो पोस्ट किया है। तिवारी ने अपनी पोस्ट में लिखा मुझे दिल्ली के आम आदमी पार्टी के मुखिया का ये मुस्कान भरा वीडियो मिला.. जिसको सुनकर हर कोई ऐसे बहुरूपिये का असली रंग देख पाएगा। आगे उन्होंने लिखा कि आम आदमी पार्टी (आप) दलित विरोधी है। केजरीवाल का 9 सेकंड का वीडियो किया पोस्ट बता दें कि बीजेपी नेता मनोज तिवारी ने अपने एक्स अकाउंट पर केजरीवाल का 9 सेकेंड का वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में केजरीवाल को यह कहते हुए सुना गया कि कोई कह रहा था, ह्यजिसने भी संविधान लिखा होगा, उसने भी शराब पीकर ही संविधान लिखा होगा ह्न हालांकि, मनोज तिवारी का यह पोस्ट तब आया है, जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा भारतीय संविधान के निमार्ता के रूप में जाने जाने वाले डॉ. भीम राव आंबेडकर पर की गई टिप्पणी को लेकर विवाद छिड़ा हुआ है। मनोज तिवारी जी सांसद हो, थोड़ी तो शर्म करो उधर, मनोज तिवारी पर पलटवार करते हुए मनीष सिसोदिया ने भी अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट डाली है। उन्होंने तिवारी को लेकर निशाना साधा है। सिसोदिया ने एक्स अकाउंट पर लिखा मनोज तिवारी जी सांसद हो, थोड़ी तो शर्म करो। झूठ ट्वीट कर रहे हो।

# कड़कड़डूमा शिक्षण संस्थान ने प्रशिक्षुओं के लिए थर्ड जेंडर पर मॉड्यूल विकास कार्यशाला का सफल आयोजन

● थर्ड जेंडर को पाठ्यक्रम में शामिल करना चाहिए प्रो.सुमन

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

शिक्षा के क्षेत्र में समावेशिता को बढ़ावा देने और थर्ड जेंडर के मुद्दों पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मंगलवार को कड़कड़डूमा में स्थित डिस्ट्रिक्ट इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड ट्रेनिंग (DIET) में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षुओं के लिए थर्ड जेंडर पर मॉड्यूल विकास विषय पर आयोजित इस कार्यशाला में शिक्षा जगत के जाने-माने विद्वानों और विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस कार्यशाला में दिल्ली के विभिन्न संस्थानों से शिक्षकों ने भाग लिया । कार्यशाला का शुभारंभ संस्थान के प्राचार्य और परियोजना समन्वयक डॉ. पवन कुमार ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान देना नहीं है बल्कि एक ऐसी पीढ़ी तैयार करना है जो सभी के लिए समानता और सम्मान के मूल्यों को आत्मसात करे। थर्ड जेंडर के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना, समाज को अधिक समावेशी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया । मुख्य वक्ता के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर हंसराज सुमन ने थर्ड जेंडर और उनके विकास पर चर्चा करते हुए कहा कि भाषा और साहित्य समाज में बदलाव का सशक्त माध्यम हैं। इसके माध्यम से ही समाज में सकारात्मक बदलाव की ओर बढ़ा जा सकता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि हिंदी साहित्य में विभिन्न कहानियों और कविताओं के माध्यम से हमेशा से मानवीय संवेदनाओं को उकेरा गया है। उन्होंने कहा कि हमें अपने साहित्य और पाठ्यक्रम में थर्ड जेंडर की उपस्थिति को शामिल करना चाहिए ताकि भविष्य की पीढ़ियां उनके संघर्षों और योगदानों से परिचित हो सकें। साहित्य के माध्यम से हम समाज में संवेदनशीलता और स्वीकृति का माहौल तैयार कर सकते हैं। ।प्रो.सुमन ने यह भी सुझाव दिया कि शिक्षकों को कक्षाओं में ऐसे उदाहरण प्रस्तुत करने चाहिए जो थर्ड जेंडर के योगदान को रेखांकित करते हों। उन्होंने कहा कि थर्ड जेंडर को पाठ्यक्रम में शामिल करना चाहिए ताकि समाज उनके विषय में जाने । यह पहल न केवल विद्यार्थियों को जागरूक बनाएगी बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में भी सहायक होगी। प्रो.सुमन ने आगे कहा कि समाज में सामाजिक परिवर्तन के लिए पाकिस्तानी फिल्म बोल थर्ड जेंडर के लिए एक सही दिशा देने का कार्य किया है । इस फिल्म में सामाजिक व पारिवारिक परिवेश में थर्ड जेंडर की स्थिति को भावनात्मक ढंग से दशार्या गया है विशिष्ट वक्ता के रूप में इंद्रप्रस्थ कॉलेज में सहायक प्रोफेसर डॉ. जे.पी. सिंह ने शिक्षा में थर्ड जेंडर की अनुपस्थिति को समाज में व्याप्त पूर्वाग्रहों का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि, थर्ड जेंडर समुदाय की समस्याएं समाज के दकियानूसी विचारों और भेदभाव से जुड़ी हैं। शिक्षा के माध्यम से इन पूर्वाग्रहों को समाप्त किया जा सकता है। यह कार्यशाला थर्ड जेंडर के प्रति प्रशिक्षुओं को संवेदनशील बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। डॉ. सिंह ने थर्ड जेंडर बच्चों की शिक्षा को लेकर चुनौतियों का उल्लेख किया और सुझाव दिया कि उन्हें शिक्षा में समान अवसर प्रदान करने के लिए स्कूलों और शिक्षण संस्थानों में विशेष प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज की मुख्यधारा में थर्ड जेंडर को स्थान देने के लिए शिक्षक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। यह कार्यशाला इस दिशा में एक बड़ा कदम है। शिक्षा निदेशालय से सेवानिवृत्त शिक्षक श्री राजपाल सिंह ने कार्यशाला में अपने लंबे शिक्षण अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि शिक्षा एक ऐसा माध्यम है जो समाज की सोच को बदल सकता है। थर्ड जेंडर को शिक्षा प्रणाली में उचित स्थान दिए बिना समावेशी समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रशिक्षकों को थर्ड जेंडर के छात्रों के साथ संवेदनशीलता और सम्मान के साथ व्यवहार करने के लिए प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा में समावेशिता से समाज में असमानता और भेदभाव को समाप्त किया जा सकता है। प्रशिक्षुओं के लिए विकसित किया गया यह मॉड्यूल उनकी भूमिका को प्रभावी बनाने में सहायक होगा दामिनी एनजीओ के निदेशक व विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रमोद कुमार ने समाज में थर्ड जेंडर समुदाय की दुर्दशा और उनके संघर्षों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि थर्ड जेंडर समुदाय अभी भी शिक्षा, रोजगार और सामाजिक स्वीकृति में काफी पिछड़ा हुआ है। उन्हें समाज में उचित सम्मान और अधिकार देने के लिए ऐसे कार्यक्रम बेहद जरूरी हैं ।उन्होंने यह भी कहा कि तृतीय लिंग समुदाय के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए शिक्षकों को उनकी सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों को समझने की आवश्यकता है । उन्होंने कहा इस कार्यशाला जैसे प्रयास शिक्षकों और छात्रों को संवेदनशील बनाने के साथ-साथ समाज में समावेशिता की दिशा में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। कार्यशाला समन्वयक डॉ. राघव आचार्य ने मॉड्यूल निर्माण की प्रक्रिया और इसके महत्व पर विस्तार से चर्चा की । उन्होंने कहा कि यह मॉड्यूल न केवल प्रशिक्षुओं को शिक्षण में सहायता प्रदान करेगा, बल्कि उन्हें थर्ड जेंडर छात्रों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने में भी मदद करेगा। उन्होंने मॉड्यूल में शामिल की जाने वाली प्रमुख गतिविधियों और अध्ययन सामग्रियों के बारे में बताया।

# द्वारका में कार से बरामद हुई भारी मात्रा में शराब



नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

द्वारका साउथ थाना की पुलिस टीम ने शराब तस्करी के एक मामले का खुलासा किया है। इसमें 2544 क्वार्टर शराब का भी बरामद किया गया है और तस्करी में इस्तेमाल एक कार को पुलिस ने जप्त किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बॉबी के रूप में हुई है, यह आजादपुर के बरौला गांव का रहने वाला है। डीसीपी द्वारका अंकित सिंह ने बताया की एसीपी द्वारका की देखरेख में एसएचओ द्वारका संजीव मंडल, सेक्टर - 1 पुलिस चौकी इंचार्ज, हेड कांस्टेबल संजय की टीम मधु विहार नाला के पास ट्रैप लगाकर चेकिंग कर रही थी। उसी दौरान एक कार को जांच के लिए रोका जो राजापुरी के तरफ से पालम की ओर जा रही थी। कार की जब तलाशी ली गई तो पिछले वाले सीट पर 55 पेटी शराब की मिली। जिसके अंदर से पुलिस ने 2544 क्वार्टर शराब का बरामद किया। आरोपी के खिलाफ द्वारका साउथ थाना में दिल्ली एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

# स्वास्थ्य शिविर आयोजित

नई दिल्ली, । क्रिसमस डे के अवसर पर कीर्ति नगर में कालरा अस्पताल के सौजन्य से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कालरा अस्पताल के हार्ट रोग विशेषज्ञ डॉ आर एन कालरा ने कहा कि हर साल की तरह इस बार कि क्रिसमस डे के अवसर पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया व हार्ट की जांच के साथ मास्क वितरित भी किये। शिविर में आये 300 से लोगों को मास्क के साथ साथ दवाईयों का भी दिया गया। उन्होंने कहा कि सर्दी के मौसम के साथ दिल्ली में वायु प्रदूषण का कहर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है ऐसे में स्वास्थ्य के प्रति जागरुक रहना चाहिए। इस मौके कालरा अस्पताल के डायरेक्टर डॉं अंकित कालरा ने कहा कि वायु प्रदूषण से लंग व हार्ट को ज्यादा घतरा रहता है। इसलिये वायु प्रदूषण से बचने के लिये मास्क पहनकर घर से बाहर निकलने।

# राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने फिर आप के खिलाफ खोला मोर्चा, अस्पतालों की हालत पर पूछ रहीं सवाल



नई दिल्ली, । राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने मंगलवार को अपनी ही पार्टी, पर दिल्ली के स्वास्थ्य मॉडल को लेकर हमला बोला और कहा कि अस्पतालों की हालत इतनी खराब है कि लोग इलाज और दवा के बिना जान गंवा रहे हैं. एक्स पर एक पोस्ट में मालीवाल ने कहा, ह्वदिल्ली के सरकारी अस्पतालों की हालत बहुत खराब है. लोग इलाज और दवा के बिना मर रहे हैं. फर्जी गारंटी कार्ड बांटकर जनता से झूठ बोला जा रहा है। मैं दिल्ली के दो और सरकारी अस्पतालों की हालत देखकर वापस आई हूं। आज मैं फर्जी स्वास्थ्य क्रांति का पदार्फाश करूंगी !ह्व वहीं, इससे पहले स्वाति मालीवाल ने कुछ दिन पहले ही पार्कों की स्थिति का जायजा लिया था. जबकि इससे पहले स्वाति मालीवाल ने महिला सुरक्षा के मुद्दे पर अरविंद केजरीवाल पर सवाल उठाए हैं. उन्होंने कहा कि चुनाव आते ही महिला सुरक्षा का मुद्दा याद आने लगा. जबकि इससे पहले स्वाति मालीवाल सुल्तानपुर माजरा पहुंचीं थीं. यहां उन्होंने पार्कों में फैली गंदगी पर हैरानी जताई. उन्होंने लोगों की समस्याएं भी सुनी.

# पिटाई का बदला लेने के लिए मार दी गोली, दिल्ली पुलिस ने दो नाबालिग सहित पांच आरोपियों को दबोचा



नई दिल्ली, । दिल्ली में अपराध थमने का नाम नहीं ले रहा है. इसी कड़ी में अंबेडकर नगर इलाके में 22 दिसंबर की रात को आपसी रंजिश में दो पक्षों में जमकर मारपीट और फायरिंग हुई, जिसमें गोली लगने से एक व्यक्ति घायल हो गया. आरोपी पक्ष ने पिटाई का बदला लेने के लिए फायरिंग की थी. घायल को इलाज के लिए सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है. वहीं, पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो नाबालिग सहित पांच आरोपियों को पकड़ा है. उनके पास से देशी कट्टा और खाली कारतूस बरामद किया है. डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि 22 दिसंबर की रात करीब 8:40 बजे अंबेडकर नगर पुलिस को टी-पॉइंट छोटी मस्जिद रोड, ए-ब्लॉक के पास फायरिंग की सूचना मिली थी. सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस को मदनगीर निवासी कुंदन उर्फ पार्थम घायल मिले. तुरंत पुलिस वाले उसको इलाज के लिए सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया. डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि मौके से देशी कट्टा और कारतूस बरामद हुआ है. हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई. इसके बाद दो नाबालिग समेत पांच आरोपियों को पकड़ लिया गया है. आरोपियों की पहचान खानपुर निवासी 23 वर्षीय अन्ना उर्फ कमल, 22 वर्षीय साहिल और मदनगीर निवासी 23 वर्षीय शुभम के तौर पर हुई है. पूछताछ में पता चला कि अन्ना और साहिल ने फायरिंग की थी. पार्थम और शेरा ने अन्ना की पिटाई की थी. इसी झगड़े का बदला लेने के लिए अन्ना ने अपने साथियों के साथ मिलकर कुंदन पर हमला किया.

# हरियाणा के मशहूर गायक अजय हुड्डा एवं गायिका रुचिका जांगिड़ इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण

दिल्ली सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रेटर कैलाश विधानसभा के शाहपुर जट गांव में दो दिवसीय शाहपुर जट फेस्टिवल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभ आरंभ पर्यटन विभाग के मंत्री श्री सौरभ भारद्वाज जी के द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम 24 और 25 दिसंबर दोपहर 2:00 बजे से लेकर शाम को 7:00 तक जारी रहेगा। कार्यक्रम में गांव की सभ्यता से जुड़ी लोकप्रिय रागनियों, हरियाणवी फोक डांस, हास्य कवि सम्मेलन, मैजिक शो, स्टैंडअप कॉमेडी तथा कठपुतली नाटक का आयोजन किया गया, साथ ही साथ गांव के बड़े बुजुर्गों और महिलाओं एवं बच्चों ने स्टेज पर रैंप वॉक करते हुए हरियाणा की परंपरागत पोशाकों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में लोगों के आकर्षण का मुख्य केंद्र हरियाणा के मशहूर गायक अजय हुड्डा एवं मशहूर गायिका रुचिका जांगिड़ की शानदार प्रस्तुति है। शाहपुर जट गांव में आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा भिन्न-भिन्न प्रकार की प्रस्तुतियों का प्रबंध किया गया है । यह कार्यक्रम 24 और 25 दिसंबर दोपहर 2:00 बजे से लेकर शाम को 7:00 तक चलेगा। जैसा कि नाम से ही ज्ञात होता है कि गांव शाहपुर जट मुख्य रूप से जाट समुदाय के लोगों का गांव है। इसीलिए स्थानीय लोगों की पसंद को ध्यान में रखते हुए दिल्ली पर्यटन विभाग द्वारा कार्यक्रम में हरियाणा की संस्कृति की पहचान रागनी, हरियाणवी संगीत एवं फॉक डांस की प्रस्तुतियों का प्रबंध इस कार्यक्रम में किया गया है। कार्यक्रम में जहां एक और रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है, वहीं दूसरी ओर तरह-तरह के हरियाणवी पकवानों तथा अन्य भारतीय परंपरा से जुड़े पकवानों की स्टाल भी लगी है, जहां कार्यक्रम में आने वाले लोग इन भिन्न-भिन्न प्रकार के भोजन का स्वाद ले सकते हैं । क्योंकि आज के समय में शाहपुर जट गांव फैशन स्ट्रीट के नाम से भी जाना जाता है। आज शाहपुर जटगांव में दिल्ली और देश के वस्त्रों से जुड़े बड़े-बड़े ब्रांड के शोरूम हमें देखने को मिलते हैं। मुख्य रूप से शादी विवाह के कार्यक्रमों में दूल्हा और दुल्हन की साज सज्जा और उनके सुंदर-सुंदर वस्त्रों के सैकड़ो शोरूम शाहपुर जट फैशन स्ट्रीट में देखने को मिलते हैं। लोग दूर-दूर से शाहपुर जटगांव फैशन स्ट्रीट में शादियों की तथा अन्य फैमिली प्रोग्राम के लिए शॉपिंग करने आते हैं। यही कारण है की शाहपुर जट फेस्टिवल में फूड स्टॉल के साथ-साथ सुंदर-सुंदर वस्त्रों के स्टाल भी लगे हुए हैं, जहां कार्यक्रम में आने वाले लोग इन सुंदर-सुंदर वस्त्रों को खरीद सकते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पर्यटन मंत्री श्री सौरभ भारद्वाज जी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम हमारे युवा पीढ़ी को हमारी हजारों हजार साल पुरानी परंपराओं से हमारे सभ्यता से रूबरू कराने का एक मौका है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम होते रहने चाहिए ताकि जो हमारे आने वाली पीढ़ी है उनके दिलों में भी हमारे बुजुर्गों की यह धरोहर, हमारी परंपराएं जिंदा रहे और हमारी युवा पीढ़ी अपनी आने वाली पीढ़ियों को इस परंपरा और हमारे कल्चर से परिचित कर सके। उन्होंने कहा की इस दो दिवसीय शाहपुर जट फेस्टिवल कार्यक्रम को करने के पीछे भी दिल्ली सरकार की यही कोशिश है, कि हमारे बुजुर्गों की धरोहर और हमारी सभ्यता आगे भी सदियों सदियों तक इसी तरह से जीवित रहे। इस दो दिवसीय शाहपुर जट फेस्टिवल कार्यक्रम में जहां एक ओर लोगों ने हास्य कवि सम्मेलन और स्टैंड अप कॉमेडियन की प्रस्तुतियों का आनंद लेते हुए जमकर ठहाके लगाए, वहीं दूसरी ओर कार्यक्रम में आए लोगों ने हरियाणवी रागनी, पारंपरिक संगीत और फोक डांस के साथ साथ मशहूर गायक अजय हुड्डा के गानों पर जमकर ठुमके लगाए। बच्चों ने इस दो दिवसीय प्रोग्राम में आयोजित कठपुतली के प्रोग्राम का जमकर मजा लिया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में कल 25 दिसंबर को हरियाणा की मशहूर गायिका रुचिका जांगिड़ अपने संगीत से लोगों को मंत्रमुग्ध करने आ रही हैं।

### संदिग्ध हालात में बच्ची की मौत

नई दिल्ली, । आर्मी कैम्प शंकर विहार में 8 साल की एक बच्ची की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस के मुताबिक बसंत बिहार थाने इलाके के शंकर बिहार मिलिट्री एरिया में कल शाम से एक बच्ची गायब थी। रात भर माता पिता उसे खोजते रहे और आज सुबह के समय खाली प्लाट के कमरे मे बच्ची जंगले से लटकी हुई मिली। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस हत्या के आरोप की जांच कर रही है। इलाके के कैमरे और आसपास के कैमरे को भी खंगाल रही है। पुलिस मृतक बच्ची के परिजनों से पूछताछ कर रही है। जानकारों का कहना है कि बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ और फिर उसकी हत्या कर दी गई है। लोगों ने बच्ची को इंसाफ दिलाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया औ एनएच 8 धौलाकुआं से जयपुर जाने आने वाली सड़क पर जाम लगा दिया। मामला बढ़ता देख मौके पर पहुंचे पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने समझा बुझाकर लोगों को शांत किया। पुलिस का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

# इंस्टाग्राम पर पिस्टल संग रील डालने वाले 2 लड़कों को दिल्ली पुलिस ने किया अरेस्ट, तीसरा फरार

नई दिल्ली, । दिल्ली पुलिस ने बताया कि हम बच्चों में गन कल्चर यानी सोशल मीडिया पर चाकू या गन दिखाकर हीरो बनने वाले लोगों पर लगाम लगाने में जुटे हुए हैं। इसके लिए हमने ज्वाइन्ट सीपी के आदेश के अन्तर्गत वेस्टर्न रेंज में ऑपरेशन फ्लैश आउट भी चलाया हुआ है। इसके तहत दिल्ली के एडीशनल डीसीपी अमित वर्मा ने बताया कि हमने दो लड़कों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर पिस्टल के साथ रील अपलोड की थी। डीसीपी ने बताया कि हमे इंटेलीजेंस और लोगों के जरिए जानकारी मिलती रहती है। हमारे कॉन्सटेबल देवेन्द्र के जरिए पता चला कि दो लड़कों ने व्हाट्सऐप पर स्टेटस लगाया हुआ है, जिसमें वो लोग पिस्टल लहरा रहे हैं। हालांकि हमारे पास मोबाइल नंबर नहीं था, केवल सुनी हुई बात थी। मगर फिर वीडियो के जरिए हमने ट्रेस किया तो इंस्टाग्राम पर वही वीडियो मिल गया। इसके बाद हमने इंस्टा आईडी निकाली और उन लड़कों को अरेस्ट किया। पुलिस ने बताया कि हमने तीन में से दो लड़कों मानव और अनुराग को अरेस्ट कर लिया है। वहीं तीसरा लड़का करण फरार हो गया है। उसकी भी खोजबीन जारी है। इन लोगों के पास कंट्रीमेड पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई हैष पुलिस ने बताया कि यह मोटरसाइकिल रनोला से चोरी हुई थी। इस तरह एक और केस सुलझ गया। इसके बाद पुलिस ने पूछताछ की, तो पता चला कि ये लोग देशी पिस्टल किसी और से लेकर आए थे। ये लोग इसे राघव से लाए थे। राघव के ऊपर पहले से करीब 25 केस दर्ज हैं। ये सारे केस चोरी और छिनैती के हैं। इसके बाद हमने राघव के अरेस्ट किया और फिर एक और शख्स को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि इस तरह एक चेन खुलने लगी है और हम अभी पूछताछ और छानबीन जारी किए हैं ताकि इसके मुख्य सोर्स तक पहुंचा जा सके।

# अरविंद केजरीवाल का एक और बड़ा चुनावी एलान, दिल्ली में देंगे 24 घंटे साफ पानी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली,। दिल्ली में विधानसभा चुनाव नजदीक हैं। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल लगातार दिल्ली के लोगों के लिए बड़ी-बड़ी चुनावी घोषणाएं कर रहे हैं। एक बार फिर अरविंद केजरील ने एक और चुनावी वादा किया है। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में हम 24 घंटे साफ पानी देंगे। प्लांट लगाकर अमोनिया को हटाएंगे। वहीं ढाई हजार ट्यूबवेल लगाएंगे। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि राजेंद्र नगर विधानसभा की एक कॉलोनी में आज से 24 घंटे पानी की सप्लाई शुरू हो रही है। इसे जल्द ही पूरी दिल्ली में शुरू किया जाएगा। इससे पहले भी केजरीवाल ने तीन बड़ी घोषणाएं की हैं। बूस्टर पंपिंग स्टेशन के उद्घाटन के बाद अरविंद केजरीवाल और दिल्ली की सीएम आतिशी ने राजेंद्र नगर के पांडव नगर स्थित डीडीए फ्लैट्स के स्थानीय आवास पर पहुंचे। जहां पर पानी की गुणवत्ता जांचने के लिए अरविंद केजरीवाल ने सीधे नल से पानी पिया और कहा कि ये पानी साफ है। बीते मंगलवार को दिल्ली में अरविंद केजरीवाल ने महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिए। मुख्यमंत्री आतिशी और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को पूर्वी किदवई नगर से महिला सम्मान राशि योजना के लिए पंजीकरण का आगाज किया। योजना में महिलाओं को 2,100 रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे। इसी तरह, 60 साल से ऊपर के बुजुर्गों के मुफ्त इलाज की संजीवनी योजना के रजिस्ट्रेशन भी जंगपुरा से शुरू हो गए। अब तक कर चुके हैं ये बड़ी घोषणाएं... डॉ. आंबेडकर सम्मान स्कॉलरशिप योजना का एलान आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले दलित समाज के लिए बड़ी घोषणा की। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने डॉ. आंबेडकर सम्मान स्कॉलरशिप योजना का एलान किया था। इससे पहले भी आप कई लोकलुभावन योजना की घोषणा




कर चुकी है। जिसमें बुजुर्गों के लिए संजीवनी योजना और ऑटोवालों को पांच बड़ी गारंटी, महिला सम्मान योजना आदि शामिल हैं। बुजुर्गों को मिला संजीवनी योजना का कवच संजीवनी योजना के तहत पंजीकरण कराने वाले बुजुर्गों को मुफ्त इलाज कराने का एक और सुरक्षा कवच मिल गया है। पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और मुख्यमंत्री आतिशी के साथ आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने जंगपुरा विधानसभा में बुजुर्गों का पंजीकरण कर इसकी शुरूआत की। केजरीवाल ने कहा कि संजीवनी योजना के तहत 60 साल से ऊपर के बुजुर्गों के इलाज का सारा खर्चा दिल्ली सरकार उठाएगी। महिला सम्मान राशि और संजीवनी योजना को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह है। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में बड़ी संख्या में बुजुर्ग हैं। जितने लोग रजिस्ट्रेशन करेंगे, उन सभी को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के अस्पतालों सारा इलाज मुफ्त है, लेकिन संजीवनी योजना के तहत बुजुर्ग अपना इलाज मुफ्त में निजी अस्पतालों में भी करा सकते हैं। ऑटो चालकों के लिए पांच बड़ी गारंटियां हर चालक का 10 लाख तक का जीवन बीमा और 5 लाख का एक्सीडेंट इंश्योरेंस बेटी की शादी में 1 लाख की सहायता वर्दी के लिए साल में 2 बार 2500 रुपये बच्चों को कॉम्पिटिशन के एग्जाम की तैयारी के लिए कोचिंग का खर्च सरकार उठाएगी पूछो ऐप फिर से चालू होगा महिला सम्मान योजना अरविंद केजरीवाल ने महिलाओं के लिए महिला सम्मान योजना की घोषणा की थी। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं के खाते में हर महीने सरकार एक हजार रुपये भेजेगी। वहीं, केजरीवाल ने चुनाव के बाद महिलाओं को एक हजार की जगह 2100 रुपये देने की भी बात कही। केजरीवाल का दावा है कि दोबारा आप की सरकार बनने पर यह राशि 2100 रुपये कर दी जाएगी। अरविंद केजरीवाल के मुताबिक, हर महिला के अकाउंट हर महीने कुछ पैसे डलवाने का वादा बीते मार्च में किया था। 18 वर्ष से अधिक उम्र की हर महिला को योजना का लाभ मिलेगा। इसके लिए महिलाओं को रजिस्ट्रेशन करना होगा। जो महिलाएं रजिस्ट्रेशन करेंगी उनके अकाउंट में हर महीने पैसे आने शुरू हो जाएंगे।

### योग और व्यायाम भारतीय संस्कृति का पौराणिक हिस्सा : श्रीचंद शर्मा

नई दिल्ली, 24 दिसंबर (वेब वार्ता)। योग और व्यायाम का भारतीय संस्कृति में पौराणिक महत्व है। सनातन काल से ही हमारे ऋषि मुनि योग साधना से शरीर को स्वस्थ रखते थे। स्वस्थ शरीर ही स्वस्थ मस्तिक की पहचान है और स्वस्थ मस्तिष्क से स्वस्थ समाज का निर्माण हो सकता है। ये बातें भारतीय जनता पार्टी के एमएलसी विधायक श्रीचंद शर्मा ने ह्यबॉडी हंक्सह्ण जिम के उद्घाटन समारोह के दौरान कहीं। बता दें कि मंगलवार को लाल कुआं में डी. आर कॉम्प्लेक्स, द्वितीय तल पर इस जिम का विधिवत उद्घाटन हुआ। इस कार्यक्रम में सियासी और फिटनेस जगत के तमाम दिग्गज चेहरे पहुंचे। दावा है कि ये जिम दिल्ली एनसीआर का सबसे बड़ा जिम है, जिसका क्षेत्रफल दस हजार वर्ग फिट है। जिम की शुरूआत श्रीचंद शर्मा (एमएलसी) और जाने माने फिटनेस आइकॉन दीपक शर्मा (जेलर, तिहाड़) ने रिबन काट कर की। इस अवसर पर दीपक शर्मा ने कहा कि युवा नशे की बजाय यदि शरीर को स्वस्थ रखने पर देंगे और सही खान पान की आदत डालेंगे तो भविष्य सुनहरा होगा। यही नहीं उन्होंने इसे एक निरंतर और मेहनत व लगन की प्रक्रिया बताते हुए कहा कि युवा जल्दी सुडौल बनने के चक्कर में दवाओं और स्टेरॉइड का इस्तेमाल करने लगते हैं, जो गलत है।

## अदालत ने अंकित शर्मा हत्याकांड में ताहिर हुसैन की जमानत अर्जी पर पुलिस से जवाब मांगा

नई दिल्ली,। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन की उस याचिका पर पुलिस से जवाब मांगा, जिसमें फरवरी 2020 में उत्तर पूर्व दिल्ली में हुए दंगों के दौरान आईबी कर्मी अंकित शर्मा की हत्या से संबंधित मामले में जमानत मांगी गई है। न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने हुसैन की उस याचिका पर पुलिस को नोटिस जारी किया, जिसमें परिस्थितियों में व्यापक बदलाव के अभाव में हुसैन की जमानत याचिका खारिज करने के निचली अदालत के तीन दिसंबर के आदेश को चुनौती दी गई थी। हुसैन ने अपनी याचिका में कहा कि मामले में सुनवाई शुरू हो गई है और अभियोजन पक्ष के 114 गवाहों में से 20 से अब तक पूछताछ हो चुकी है तथा वह पिछले चार साल नौ महीने से जेल में है। अधिवक्ता तारा नरुला के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया कि आवेदक लंबे समय तक जेल में रहा है और अभी बड़ी संख्या में गवाहों से पूछताछ होनी है, इसलिए सुनवाई जल्द समाप्त होने की संभावना नहीं है। याचिका में कहा गया कि दंगाई भीड़ में शामिल होने और हत्या को अंजाम देने के सह-आरोपियों को उच्च न्यायालय ने जमानत दे दी है। अभियोजन पक्ष के अनुसार शिकायतकर्ता रवींद्र कुमार ने 26 फरवरी, 2020 को दयालपुर थाने के अधिकारियों को सूचित किया था कि आसूचना ब्यूरो (आईबी) में पदस्थ उनका बेटा अंकित शर्मा 25 फरवरी, 2020 से लापता है। उन्हें बाद में कुछ स्थानीय लोगों से पता चला कि एक व्यक्ति की हत्या करने के बाद उसे चांद बाग पुलिया की मस्जिद से खजूरी खास के नाले मे फेंक दिया गया है। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि शर्मा का शव खजूरी खास नाले से मिला और उसके शरीर पर 51 घाव थे। मामले में हुसैन एक आरोपी है। अभियोजन पक्ष के अनुसार शर्मा की हत्या करने वाली हिंसक भीड़ में चार और आरोपी शामिल थे। नागरिकता संशोधन कानून के समर्थकों और इसका विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसा के बाद 24 फरवरी, 2020 को पूर्वोत्तर दिल्ली में सांप्रदायिक झड़पें हुईं, जिनमें कम से कम 53 लोग मारे गए और कई घायल हो गए।

## 5 बंग्लादेशी नागरिकों सहित 11 आरोपी गिरफ्तार

### बंगलादेश के नागरिकों का बनाते भारत का आधार कार्ड




दिल्ली पुलिस ने बंग्लादेशी नागरिकों को भारत का आधार कार्ड इत्यादि बनाने वाले गैंग का पदार्फाश किया है। इस मामले में साउथ जिला पुलिस ने 5 बांग्लादेशी नागरिको को गिरफ्तार किया है। इसी के साथ साथ 6 और लोगो को भी पकड़ा है। जिन्होंने नकली सर्टिफिकेट, आधार कार्ड, वोटर कार्ड बनाने में मदद की थी। दिल्ली पुलिस के मुताबिक संगम विहार इलाके में एक शख्स शिन्टू शेख का मर्डर हुआ था। जिसमे 4 संदिग्ध को पकड़ा गया था। जब उनसे पूछताछ की गई तो पता चला कि ये सभी बंगलादेशी थे। इनके पास से आधार कार्ड भी बरामद हुए थे। जब आगे की जांच की गई, तो पता चला मृतक शिन्टू शेख ने इन्हें फर्जी कगजातो के जरिए अवैध रूप से भारत लाने में मदद की थी। और दिल्ली में अपने ही घर पर इन्हें ठहराया था। पूछताछ में पता चला की किसी बात को लेकर इनका शिन्टू शेख से झगड़ा हो गया था, जिसके बाद इन चारों ने शिन्टू शेख की हत्या कर दी थी। साउथ डिस्ट्रिक्ट के एएटीएस के इंस्पेक्टर उमेश यादव की टीम ने इस बड़े मामले का खुलास करने में कामयाबी पाई है।

## पेट्रोलिंग में दबोचा गया स्कूटी चोर आरोपी



पंजाबी बाग थाना के मादीपुर पुलिस चौकी की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान दीपांशु उर्फ मुकेश के रूप में हुई है। यह पहले से आठ आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। इसके पास से चोरी की स्कूटी और अन्य सामान बरामद किया गया है। इसकी गिरफ्तारी से पुलिस ने तीन मामलों का खुलासा करने का दावा किया है, जो द्वारका नॉर्थ और पंजाबी बाग थाना में दर्ज थे। गिरफ्तार आरोपी पश्चिम विहार के मीरा बाग इलाके का रहने वाला है। डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने बताया कि चौकी इंचार्ज संदीप दलाल, हेड कांस्टेबल अमित और देशराज की टीम ने पेट्रोलिंग के दौरान इस शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया। जब यह पुलिस टीम को देखकर वहां से स्कूटी लेकर भागने लगा था। पुलिस टीम ने जब पीछा करके पकड़ा, स्कूटी के डॉक्यूमेंट की जांच की तो वह द्वारका नॉर्थ थाना इलाके से चोरी की निकली। उसके बाद इसके पास से चोरी के और अन्य सामान भी बरामद किए गए।

## वांटेड भगोड़ा को मोरी गेट के पास से पुलिस ने दबोचा

### सेन्ट्रल डिस्ट्रिक्ट ऑपरेशन यूनिट टीम की कारवाई




सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के ऑपरेशन यूनिट की पुलिस टीम ने एक मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान राजकुमार के रूप में हुई है। यह पहले से स्नैचिंग और आर्म्स एक्ट के तीन मामलों में शामिल रहा है। इसकी तलाश लोकल पुलिस को स्नेचिंग के मामले में थी, जिसमें कोर्ट ने बाद में इसे भगोड़ा भी घोषित कर दिया था। डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया कि सहायक सब इंस्पेक्टर सतीश, हेड कांस्टेबल मनीष कुमार और विवेक की पुलिस टीम ने एक इनफॉरमेशन के आधार पर इस फरार आरोपी के ठिकाने के बारे में पता लगाया। फिर इसके बारे में सूचना मिली की यह मोरी गेट इलाके में आने वाला है। पुलिस ने वहां ट्रैप लगाकर इसको पकड़ा। पुलिस के अनुसार 2 साल पहले सिविल लाइन थाना में इसके खिलाफ मामला दर्ज हुआ था। जिसमें तीस हजारी कोर्ट ने इस साल अगस्त में इसे भगोड़ा घोषित कर दिया था।

## हिन्दुस्तान स्काउट्स के नेशनल चेयरमैन करूणाकर प्रधान ने मालवीय जंयती पर शिक्षार्थ कार्य का संकल्प कराया




दिल्ली। हिन्दुस्तान स्काउट्स एवं गाईड्स के संस्थापक भारतरत्न मदन मोहन मालवीय जी की एक सौ तिरेसठवीं जन्म जंयती पर पूरे देश भर में कार्यक्रम हो रहे हैं। इस बात की जानकारी देते हुए हिन्दुस्तान स्काउट्स के राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ.करूणाकर प्रधान ने कहा कि हिन्दुस्तान स्काउट्स के बत्तीस लाख प्रशिक्षु महामना जी की जन्म जयंती पर विद्यादान का संकल्प करेगें। उल्लेखनीय है कि गोरों के राज में अकादमिक शिक्षा सत्र में स्काउट्स प्रशिक्षण से वंचित किये गये हिन्दुस्तानी बच्चों के लिए महान शिक्षाविद् महामना जी ने हिस्कागा को 1928 में स्थापित किया। महामना मालवीय मिशन, दिल्ली में इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल द्वारा महामना मालवीय पुस्तकालय एवं शोध केन्द्र का शिलान्यास किया जाएगा। महामना मालवीय मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरीशंकर सिंह ने जानकारी दी कि इस केन्द्र के माध्यम से सैकड़ों जरूरतमंद बच्चों के पढ़ने और कौशल विकास व प्रौद्यौगिक ज्ञान के लिए निःशुल्क सुविधा दी जाएगी। राउज एवेन्यू में पच्चीस दिसम्बर को सुबह आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय से शिक्षत एवं महामना जी के अनुयायी भी भारी

## आप गलत तरीके से बुजुर्गों से ले रही है निजी जानकारी बांसुरी स्वराज बोंली- चुनावी छलावा कर रहे केजरीवाल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । दिल्ली भारतीय जनता पार्टी की मंत्री और सांसद बांसुरी स्वराज ने मंगलवार को प्रेस वार्ता कर कहा कि आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल चुनावी छलावा कर रहे हैं। महिलाओं और बुजुर्गों से आम आदमी पार्टी झूठ बोल रही है। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य सचिव ने स्पष्ट किया है कि संजीवनी नाम की कोई योजना नहीं है। देश में आयुष्मान योजना है, जिसे केजरीवाल सरकार उसे लागू नहीं कर रही है। उन्होंने कहा, बुजुर्गों से गलत तरीके से उनकी व्यक्तिगत जानकारी ले रही है। भारतीय जनता पार्टी इस बारे में कानूनी सलाह लेगी। दिल्ली की महिलाओं को भ्रमित कर रही आप- भाजपा मार्च में आम आदमी पार्टी सरकार ने महिलाओं को एक-एक हजार रुपये देने की घोषणा थी। कहा गया था कि अक्टूबर में महिलाओं के अकाउंट में पैसे आ जाएंगे। लोकसभा में भी आम आदमी



पार्टी ने पंजीकरण अभियान चलाया था अब चुनाव आने पर फिर से अभियान चलाया जा रहा है। पंजाब की तरह दिल्ली की महिलाओं को भ्रमित किया जा रहा है। ह्णगर्मी में पानी के लिए तरसते हैं दिल्लीवाले दिल्ली के बुजुर्गों और महिलाओं को अपना व्यक्तिगत जानकारी किसी राजनीतिक पार्टी को नहीं देना चाहिए। दिल्ली में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। निःशुल्क पानी तो दूर घरों में पानी आता नहीं है या फिर दूषित पानी आ रहा है। चुनाव आने पर केजरीवाल एक घर में जाकर नल का पानी पी रहे हैं। दिल्लीवासी गर्मी में एक बूंद पानी के लिए तरसती है और वर्षा होने पर सड़कें तालाब बन जाती है। उन्होंने कहा कि निःशुल्क बिजली की जगह भारी भरकम बिल भेजा जा रहा है। पीपीएसी और पेंशन अधिभार वसूला जा रहा है। यमुना साफ होने की जगह और गंदी हो गई है। प्रदूषण बढ़ गया है। सीवर का पानी सड़क पर बह रहा है। जल भराव के कारण राजेंद्र नगर में तीन छात्रों की मौत हो गई। यह सरकार सिर्फ प्रचार, प्रसार और भ्रष्टाचार में लिपटी हुई है। दिल्ली के लोग इसे सत्ता से हटाएंगे। बुजुर्गों से विश्वासघात कर रहे हैं केजरीवाल : कपूर दिल्ली भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि अरविंद केजरीवाल संजीवनी योजना के फार्म भरवाने के नाम पर बुजुर्गों के साथ विश्वासघात कर रहे हैं। दिल्ली के बुजुर्ग यह जानना चाहते हैं कि क्या संजीवनी सरकारी पंजीकृत स्वास्थ योजना है? केजरीवाल होर्डिंग पर स्वयं को दिल्ली का बेटा एवं भाई बता रहे हैं, लेकिन दिल्ली के बुजुर्गों व महिलाओं की भावनाओं से खिलवाड़ कर रहे हैं। स्वयं को श्रवण कुमार बताने वाले आम आदमी पार्टी संयोजक को बताना चाहिए कि क्या कोई बेटा अपने मां-बाप को झूठे सपने बेचता है? उन्हें दिल्ली के बुजुर्गों को बताना चाहिए कि जब पंजाब सरकार ने आयुष्मान योजना को लागू किया है, तो दिल्ली में क्यों नहीं इसका लाभ दिया जा रहा है।

## दिल्ली में चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल का हिंदुत्व के मुद्दे से किनारा

नई दिल्ली,। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल दिल्ली चुनाव में हिंदुत्व के मुद्दे को तूल नहीं देना चाहते हैं। उन्होंने इस मुद्दे से किनारा करते हुए कहा है कि वह स्कूल, अस्पताल, पानी का इंतजाम करना जानते हैं और बाकी बड़े-बड़े मुद्दे उनको (भाजपा) मुबारक। केजरीवाल ने यह भी कहा कि वह अयोध्या में परिवार के साथ भगवान राम के दर्शन करके आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि भगवान पर किसी का एकाधिकार नहीं है, उनपर राजनीति नहीं करनी चाहिए। केजरीवाल से सवाल किया गया कि हिंदुत्व के मुद्दे पर उनकी राय क्या है, आपके लिए कहा जाता है कि आप भी सॉफ्ट हिंदुत्व पर चलने लगे थे। इसके जवाब में पूर्व सीएम ने कहा, मेरी नजरों में कोई सॉफ्ट हिंदुत्व नहीं है, कोई हार्ड हिंदुत्व नहीं है। ये सारे मुद्दे उनको मुबारक हों। आप मेरे से पूछ लो दिल्ली में घर-घर पानी कैसे देना है, मैं पूरा प्लान समझा दूंगा। मैं यमुना कैसे साफ करनी है, मुझ से पूछ लीजिए, बच्चों को शिक्षा कैसे देनी, अस्पताल कैसे ठीक करनी है,



दवाइयां कैसे पहुंचानी है, जनता के समस्याओं के कैसे समाधान, (हाथ जोड़कर हंसते हुए) बाकी सारे बड़े-बड़े मुद्दे उनको ही मुबारक हों। एक अन्य सवाल के जवाब में केजरीवाल ने कहा, मैं गया था राम मंदिर, अपने माता-पिता और पत्नी को लेकर गया था। दोबार जाएंगे, तिबारा जाएगा। भगवान के ऊपर किसी का एकाधिकार नहीं है। भगवान के साथ राजनीति मत करो। भगवान से डरो। ऊपर वाले से डरो। कोई तो शक्ति है जो इस दुनिया को चला रही है, उससे डरो। अहंकार मत करो, इनको बहुत अंकार हो गया है। केजरीवाल ने कहा कि आपस में लड़ने से देश तरक्की नहीं करेगा, शांति के साथ सभी लोगों को मिलकर काम करना है। उन्होंने कहा, मेरी एक ही विचारधारा है, इंसानियत, प्यार, सहिष्णुता, शांति। हमें शांति के साथ देश का विकास करना है। देश के 140 करोड़ लोग एक साथ। हम आपस में लड़ाई झगड़े करेंगे, गाली गलौच करेंगे? अभी माहौल बहुत खराब हो गया देश का, जिस तरह हम देखते हैं सोशल मीडिया पर, आसपास, वॉट्सऐप ग्रुप में। यह अच्छा नहीं है देश के लिए, शांति होनी चाहिए, प्यार मोहब्बत होनी चाहिए, तभी तो देश तरक्की करेगा। हम दुनिया में नंबर एक देश बन सकते हैं, हमारे पास भगवान का दिया सबकुछ है, लेकिन हम आपस में ही लड़ते रहते हैं। आपस में लड़ने से बात नहीं बनेगी।

## कार्यक्रम में रागिनी, परंपरागत संगीत, हास्य कवि सम्मेलन, स्टैंडअप कॉमेडी एवं फॉक डांस का भी आयोजन किया गया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रेटर कैलाश विधानसभा के शाहपुर जट गांव में दो दिवसीय शाहपुर जट फेस्टिवल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभ आरंभ पर्यटन विभाग के मंत्री श्री सौरभ भारद्वाज जी के द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम 24 और 25 दिसंबर दोपहर 2:00 बजे से लेकर शाम को 7:00 तक जारी रहेगा। कार्यक्रम में गांव की सभ्यता से जुड़ी लोकप्रिय रागनियों, हरियाणवी फोक डांस, हास्य कवि सम्मेलन, मैजिक शो, स्टैंडअप कॉमेडी तथा कठपुतली नाटक का आयोजन किया गया, साथ ही साथ गांव के बड़े बुजुर्गों और महिलाओं एवं बच्चों ने स्टेज पर रैंप वॉक करते हुए हरियाणा की परंपरागत पोशाकों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में लोगों के आकर्षण का मुख्य केंद्र हरियाणा के मशहूर गायक अजय हुड्डा एवं मशहूर गायिका रुचिका जांगिड़ की शानदार प्रस्तुति है। शाहपुर जट गांव में आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा भिन्न-भिन्न प्रकार की प्रस्तुतियों का प्रबंध किया गया है । यह कार्यक्रम 24 और 25 दिसंबर दोपहर 2:00 बजे से लेकर शाम को 7:00 तक चलेगा। जैसा कि नाम से ही ज्ञात होता है कि गांव शाहपुर जट मुख्य रूप से जाट समुदाय के लोगों का गांव है। इसीलिए स्थानीय लोगों की पसंद को ध्यान में रखते हुए दिल्ली पर्यटन विभाग द्वारा कार्यक्रम में हरियाणा की संस्कृति की पहचान रागनी, हरियाणवी संगीत एवं फॉक डांस की प्रस्तुतियों का प्रबंध इस कार्यक्रम में किया गया है। कार्यक्रम में जहां एक और रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है, वहीं दूसरी ओर तरह-तरह के हरियाणवी पकवानों तथा अन्य भारतीय परंपरा से जुड़े पकवानों की स्टाल भी लगी है, जहां कार्यक्रम में आने वाले लोग इन भिन्न-भिन्न प्रकार के भोजन का स्वाद ले सकते हैं । क्योंकि आज के समय में शाहपुर जट गांव फैशन स्ट्रीट के नाम से भी जाना जाता है। आज शाहपुर जटगांव में दिल्ली और देश के वस्त्रों से जुड़े बड़े-बड़े ब्रांड के शोरूम हमें देखने को मिलते हैं। मुख्य रूप से शादी विवाह के कार्यक्रमों में दूल्हा और दुल्हन की साज सज्जा और उनके सुंदर-सुंदर वस्त्रों के सैकड़ो शोरूम शाहपुर जट फैशन स्ट्रीट में देखने को मिलते हैं। लोग दूर-दूर से शाहपुर जटगांव फैशन स्ट्रीट में शादियों की तथा अन्य फैमिली प्रोग्राम के लिए शॉपिंग करने आते हैं। यही कारण है की शाहपुर जट फेस्टिवल में फूड स्टॉल के साथ-साथ सुंदर-सुंदर वस्त्रों के स्टाल भी लगे हुए हैं, जहां कार्यक्रम में आने वाले लोग इन सुंदर-सुंदर वस्त्रों को खरीद सकते हैं। इस दो दिवसीय शाहपुर जट फेस्टिवल कार्यक्रम में जहां एक ओर लोगों ने हास्य कवि सम्मेलन और स्टैंड अप कॉमेडियन की प्रस्तुतियों का आनंद लेते हुए जमकर ठहाके लगाए, वहीं दूसरी ओर कार्यक्रम में आए लोगों ने हरियाणवी रागनी, पारंपरिक संगीत और फोक डांस के साथ साथ मशहूर गायक अजय हुड्डा के गानों पर जमकर ठुमके लगाए। बच्चों ने इस दो दिवसीय प्रोग्राम में आयोजित कठपुतली के प्रोग्राम का जमकर मजा लिया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में कल 25 दिसंबर को हरियाणा की मशहूर गायिका रुचिका जांगिड़ अपने संगीत से लोगों को मंत्रमुग्ध करने आ रही हैं।

## वजीराबाद में जुए के अड्डे पर रेड, 15 पकड़े

●87 हजार कैश और अन्य सामान भी बरामद

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

वजीराबाद थाना की पुलिस टीम ने जुए के अड्डे पर छापा मारकर 15 आरोपियों को पकड़ा है। मौके से पुलिस ने 87000 से ज्यादा कैश के अलावा कसीनो, चार्ट, कैलकुलेटर और जुआ के दौरान इस्तेमाल और भी सामान को बरामद किया गया है। डीसीपी राजा बांठिया ने बताया कि पुलिस टीम को सूचना मिली थी की संत नगर कार पार्किंग के पास हुए का अड्डा चलाया जा रहा है। उस सूचना पर एसीपी नीरव पटेल की देखरेख में एसएचओ मनोज वर्मा, सब इंस्पेक्टर संजीत कुमार, हेड कांस्टेबल पवन, हरेंद्र, कांस्टेबल राजा चौधरी और लक्ष्मी शंकर की टीम ने वहां पर छापा मारा। देखा कि वहां पर कसीनो वाला जुए का अड्डा चल रहा है। मौके पर 15 लोग मौजूद थे, पुलिस ने दांव पर लगे 87970 रुपए जप्त कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में से कई लोग अड्डा चलाने वाले भी हैं। पुलिस ने उनके खिलाफ दिल्ली पब्लिक गैंबलिंग एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर लिया है। पूछताछ में पुलिस को पता चला कि 56 साल का लक्ष्मण जैन का यह जगह था। जिसने जुआ का अड्डा चलाने के लिए किराए पर जगह दिया था। सुमित जैन, सुनील कुमार, रिंकू शर्मा, अर्पित जैन और अशोक कुमार मिलकर यह जुए का अड्डा चला रहे थे। पुलिस के अनुसार लक्ष्मण जैन पहले से रेप, धमकी देने, गैंबलिंग इत्यादि के सात मामलों में शामिल रहा है। जो इसके खिलाफ तिमारपुर, बुराड़ी और कोतवाली थाना में दर्ज है।

## बदायूं का तस्कर बरेली से लेकर दिल्ली आता था हेरोइन

### कश्मीरी गेट मैट्रो स्टेशन के पास स्पेशल स्टाफ ने पकड़ा



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट के स्पेशल स्टाफ की पुलिस टीम ने यूपी से ड्रग लाकर दिल्ली में तस्करी करने के आरोप में एक शख्स को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 97 ग्राम हेरोइन भी बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहम्मद जीशान के रूप में हुई है। यह उत्तर प्रदेश के बदायूं का रहने वाला है। इसके ऊपर पहले से मामले हैं या नहीं इसकी जांच पुलिस टीम कर रही है। डीसीपी नॉर्थ राजा बांठिया ने बताया कि पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि बरेली से हेरोइन लाकर दिल्ली में बेचने के मामले में एक शख्स शामिल है। उस इनफॉरमेशन के आधार पर एसीपी नीरव पटेल की देखरेख में इंस्पेक्टर रोहित सारस्वत की देखरेख में सब इंस्पेक्टर विनीत, मनोज, एएसआई राजीव, हेड कांस्टेबल आकाश और कांस्टेबल विक्की की टीम ने पता लगाना शुरू किया था। सही जानकारी मिलने पर शाम के समय कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन के पास ट्रैप लगाकर इस आरोपी को दबोच लिया। तलाशी में इसके पास से प्लास्टिक के पाउच में हेरोइन बरामद की गई। इसके खिलाफ सिविल लाइंस थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और पूछताछ में पुलिस टीम को पता चला कि यह बरेली के रहने वाले एक परवेज नाम के शख्स से हेरोइन लाता है। इस गोरख धंधे में इसके साथ और भी कई लोग शामिल हैं। जिसके बारे में पुलिस और पता लगा रही है।

### आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक आसिम अहमद खान और देवेंद्र सहरावत कांग्रेस में शामिल

नई दिल्ली,। दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी तेजी से चल रही है और इस बीच नेताओं का दल बदल जारी है. सोमवार रात, आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व विधायक कर्नल देवेंद्र सिंह सहरावत और आसिम अहमद खान ने कांग्रेस पार्टी में प्रवेश किया. इन दोनों नेताओं को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव, प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी काजी निजामुद्दीन, एआईसीसी सचिव दानिश अबरार और सुखविंदर सिंह डैनी ने पटका पहनाकर पार्टी में शामिल कराया. कर्नल देवेंद्र सिंह सहरावत कर्नल देवेंद्र सिंह सहरावत ने 2015 में आम आदमी पार्टी के टिकट पर दक्षिणी दिल्ली की बिजवासन विधानसभा सीट से चुनाव जीतकर विधायक बने थे. वे एक किसान परिवार से आते हैं और भारतीय सेना के पूर्व अधिकारी हैं. सहरावत ने 2014 में दक्षिणी दिल्ली लोकसभा सीट से भी चुनाव लड़ा था,

## अंकित शर्मा हत्याकांड में पुलिस से जवाब मांगा

नई दिल्ली, । दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन की याचिका पर पुलिस से जवाब मांगा है। इस याचिका में ताहिर ने फरवरी 2020 में उत्तर पूर्वी दिल्ली में हुई हिंसा के दौरान आईबी कर्मी अंकित शर्मा की हत्या से संबंधित मामले में जमानत मांगी है। न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंहदीरत्ता की पीठ ने ताहिर हुसैन की उस याचिका पर पुलिस को नोटिस जारी किया, जिसमें परिस्थितियों में व्यापक बदलाव के अभाव में हुसैन की जमानत याचिका खारिज करने के निचली अदालत के तीन दिसंबर के आदेश को चुनौती दी गई थी। हुसैन ने अपनी याचिका में कहा कि मामले में सुनवाई शुरू हो गई है। अभियोजन पक्ष के 114 गवाहों में से 20 से अब तक पूछताछ हो चुकी है। ताहिर हुसैन पिछले चार साल से ज्यादा समय से जेल में है।

अधिवक्ता तारा नरुला के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया कि आवेदक लंबे समय तक जेल में रहा है।

अभी बड़ी संख्या में गवाहों से पूछताछ होनी है, इसलिए सुनवाई जल्द समाप्त होने की संभावना नहीं है।

# मणिपुर में नक्सली हमले में रोहतक का जवान बलिदान

प्रात: किरण संवाददाता



रोहतक। मणिपुर में नक्सलियों के हमले में रोहतक के किलोई गांव के रहने वाले सेना का जवान बलिदान हो गया। बलिदानी का पार्थिव शरीर मंगलवार को गांव किलोई लाया जाएगा और जहां उनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। गांव किलोई निवासी करीब 45 वर्षीय सुनील पहलवान बीएसएफ में तैनात थे। जिन्होंने करीब 18 साल पहले बीएसएफ में भर्ती हुए थे। फिलहाल उनकी ड्यूटी मणिपुर में थी।

15 दिन पहले खत्म हुई थी छुट्टी

सुनील पहलवान के दोस्त गांव किलोई निवासी धर्मबीर ने बताया कि उनका दोस्त 15 दिन पहले ही छुट्टी खत्म करके वापस ड्यूटी पर गया था। 22 दिसंबर को उन्हें सूचना मिली कि सुनील पहलवान बलिदान हो गया। सूचना के अनुसार वह सुबह के समय ड्यूटी पर था। इसी दौरान नक्सलियों ने हमला कर दिया, जिसमें और उनका दोस्त सुनील पहलवान बलिदान हो गया। इसकी सूचना मिलते ही परिवार व गांव में मातम छा गया।

दो बेटियों के पिता थे बलिदानी सुनील

उनके दोस्त धर्मबीर ने बताया कि बलिदानी सुनील पहलवान दो बेटियों के पिता थे। हमेशा खुशमिजाज रहते थे। सुनील बचपन से ही पहलवानी का शौक रखते थे। गांव में सभी लोग उन्हें पहलवान कहकर पुकारते थे।

पूर्व मुख्यमंत्री ने इंटरनेट मीडिया जताया शोक

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने इंटरनेट मीडिया पर लिखा कि किलोई के वीर सपूत सुनील पहलवान की मणिपुर में शहादत की खबर से मन व्यथित है। कर्तव्यपालन करते हुए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले बलिदानी को सादर श्रद्धांजलि व परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। रोहतक लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने इंटरनेट मीडिया पर लिखा कि मणिपुर में बीएसएफ के सुनील ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। उनकी शहादत को विनम्र श्रद्धांजलि व परिवार के प्रति गहरी शोक संवेदनाएं प्रकट करता हूं। दुःख की इस घड़ी में पूरा देश अपने बलिदानी के परिवार के साथ एकजुट खड़ा है।

मणिपुर में जारी है हिंसा

मणिपुर में अभी तक हिंसा का दौर जारी है। हिंसा की छिटपुट घटनाओं के बीच मणिपुर सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी हाथ लगी। सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान चलाकर बड़ी मात्रा में हथियारों का जखीरा बरामद किया।मणिपुर पुलिस ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि ये अभियान क्षेत्र में व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी तरह की हिंसा को रोकने के लिए चलाए गए थे।

# ढाई महीने बाद हरियाणा में हुई बारिश

प्रात: किरण संवाददाता



हिसार। प्रदेश में करीब ढाई माह बाद सीजन की पहली वर्षा हुई। वो भी प्रदेश के सभी जिलों में। सोमवार तड़के से ही 10 से ज्यादा जिलों में हल्की बूंदाबांदी और कुछ जिलों में तेज वर्षा हुई। इससे दिन के तापमान में सात से आठ डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हुई है।

दिन और रात के तापमान में अंतर कम होने से ठंड बढ़ गई है। मंगलवार से तीन दिन तक मौसम साफ रहने और प्रदेश के 17 जिलों में कोहरा छाने का यलो अलर्ट जारी किया है। इस वर्षा से हवा भी साफ होने की उम्मीद है।

27 दिसंबर से फिर बदलेगा मौसम

वहीं, मौसम विज्ञानियों ने 27 दिसंबर से फिर से मौसम में बदलाव के साथ ही वर्षा और ओलावृष्टि की संभावना व्यक्त की है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि अभी ये वर्षा रबी की फसलों के लिए भी बेहतर रहेगी।

मौसम में बदलाव के साथ ही प्रदेश के दक्षिण पश्चिमी हिस्से के जिलों में छिटपुट बूंदाबांदी और वर्षा की संभावना जताई गई थी। सोमवार तड़के करीब पांच बजे से पहले ही बूंदाबांदी शुरू हो गई थी। पूरा दिन यह जारी रही। दिन-रात के तापमान में अंतर कम होने से ठंड बढ़ेगी।

प्रदेश में तापमान

| जिला | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| अंबाला | 9.1 | 13.2 |
| हिसार | 10.8 | 14.1 |
| करनाल | 8.5 | 13.6 |
| कुरुक्षेत्र | 9.3 | 12.6 |
| पानीपत | 8.1 | 14.6 |
| रोहतक | 11.8 | 15.3 |
| सिरसा | 12.4 | 14.8 |

(तापमान डिग्री सेल्सियस में)

दिन-रात के तापमान का अंतर हुआ कम

मौसम में बदलाव और वर्षा के बाद दिन के तापमान में गिरावट और रात के तापमान में बढ़ोतरी होने से दोनों का अंतर कम हो गया है। इससे ठंड भी बढ़ी है। हिसार और कुरुक्षेत्र के तापमान में 3.3, सिरसा के तापमान में 2.4 डिग्री का अंतर रहा गया है।

इन जिलों में हुई इतनी वर्षा

| जिला | बारिश (मिमी में) |
|---|---|
| भिवानी | 3.1 |
| सिरसा | 3 |
| करनाल | 3 |
| हिसार | 2.4 |
| कुरुक्षेत्र | 2 |
| रोहतक | 1.5 |
| जींद | 1.2 |
| नारनौल | 1 |
| पानीपत | 0.5 |
| सोनीपत | 0.5 |

हिमपात से मनाली व अटल टनल में फंसे 4,000 पर्यटक मनाली

मौसम के करवट बदलते ही सोमवार को मनाली व लाहुल स्पीति के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात से 4,000 के करीब पर्यटक फंस गए। 3,000 पर्यटकों को पुलिस ने पांच घंटे में रेस्क्यू कर लिया है, लेकिन 1,000 के करीब पर्यटकों को निकालने का कार्य रात तक जारी रहा। अटल टनल रोहतांग के आसपास चार से छह इंच तक हिमपात हुआ है। कश्मीर में तापमान माइनस तीन डिग्री तक चल रहा है।

# जनपद न्यायाधीश व जिलाधिकारी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

बदायूँ जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार तृतीय, जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवकुमारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह ने मंगलवार को जिला कारागार का संयुक्त निरीक्षण किया। जिला कारागार में पाकशाला एवं समस्त बैरिकों का निरीक्षण किया तथा निरन्तर स्वच्छता बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया। विधिक सहायता के बारे में पूछताछ की गयी। महिला कैदियों के साथ रह रहे उनके छोटे बच्चों के लिए दूध की व्यवस्था कराने के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान ऐसे निरुद्ध बन्दी जो दंण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 436क से आच्छादित है तथा अपनी आधी सजा से अधिक समय व्यतीत कर चुके हैं उससे सम्बन्धित बंदियों की सूची व इनकी रिहाई के सन्दर्भ में किये गये कार्यवाही उपलब्ध कराये जाने हेतु अधीक्षक जिला कारागार को निर्देशित किया गया। जिला कारागार बदायूं में पाकशाला एवं समस्त बैरिकों का निरीक्षण किया तथा निरन्तर स्वच्छता बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया। जिला कारागार में निरूद्ध बन्दियों की समस्याओं को सुना गया, उनके विधिक सहायता के बारे में पूछताछ की गयी तथा उनको विधिक सहायता हेतु जागरूक भी किया गया। इसी क्रम में निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने, जमानदार उपलब्ध कराने, नियमित रूप से बन्दियों को दवा उपलब्ध कराने, एवं महिला कैदियों से एक-एक कर पूछताछ की गयी इसी क्रम में महिला कैदियों के साथ रह रहे उनके छोटे बच्चों के लिए दूध की व्यवस्था कराने के लिए निर्देशित किया गया साथ ही जिला कारागार में स्थित चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया गया चिकित्सालय में भर्ती बन्दियों से पूछताछ की गयी।

इसके अतिरिक्त दिनांक 08.03.2025 को आयोजित होने वाली आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में मुकद्दमा दायर होने से पूर्व प्री-लिटिगेशन स्तर पर सुलह समझौते के आधार पर अपने वादों का निस्तारण करा सकते हैं। निरीक्षण के दौरान सत्यवीर सिंह, राकेश कुमार, कशिश सक्सेना, राजेन्द्र कुमार, कुंवर रणंजय सिंह, मो0 खालिद, सन्तोष रावत डॉ0 शारिक हुसैन आदि उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई जनशिकायत निस्तारण हेतु कार्यशाला

- शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करें अधिकारी
- शासन स्तर से लिया जाता है शिकायतों के निस्तारण का फीडबैक



प्रात: किरण संवाददाता

बदायूं: जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में भारत सरकार की केंद्रीय लोक शिकायत प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस) तथा स्टेट पोर्टल समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) पर प्राप्त लोक शिकायतों के निराकरण किए जाने तथा प्रगति रिपोर्ट को पोर्टल पर प्रतिदिन अपलोड किए जाने के संबंध में आयोजित कार्यशाला में अधिकारियों से समय सीमा के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण करने के लिए कहा।

जिलाधिकारी ने बताया कि भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में शासन के निर्देशों के क्रम में सुशासन सप्ताह 19 दिसंबर से 24 दिसंबर तक मनाया जा रहा है। उन्होंने सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर अंतर्गत आयोजित कार्यशाला में अधिकारियों को संवेदीकरण करते हुए कहा कि आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण माननीय मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकताओं में है इसलिए सभी अधिकारी प्राप्त जन शिकायतों का प्राथमिकता पर गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता शासन स्तर से शिकायतकर्ता से दूरभाष पर वार्ता कर जानी जाती है तथा जनपद स्तर पर कंट्रोल रूम से भी शिकायतों के निस्तारण के संबंध में फीडबैक लिया जाता है। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वह अपने विभाग से संबंधित जन शिकायतों को पोर्टल पर स्वयं देखें तथा प्रगति रिपोर्ट को पोर्टल पर प्रतिदिन अपलोड करें।

जिलाधिकारी ने भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर निस्तारण करने के लिए कहा तथा निस्तारण के समय की फोटो लेने तथा निस्तारण के समय दोनों पक्षों के सहमति पत्र पर हस्ताक्षर भी कराने के लिए कहा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा, नगर मजिस्ट्रेट प्रवर्धन शर्मा, डिप्टी कलेक्टर सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# स्कूलों में गूंजी जिंगल बेल की धुन, खूब थिरके नन्हे-मुन्ने छात्र




प्रात: किरण संवाददाता

गाजियाबाद। क्रिसमस के मौके पर मंगलवार को जिले के विभिन्न स्कूलों में उत्साह के साथ क्रिसमस का त्योहार मनाया गया। छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ यीशु और मदर मैरी की कहानी का शानदार मंचन किया। नन्हे-मुन्ने छात्र जिंगल बेल धुन पर खूब थिरके। वहीं सांता क्लोज ने शिक्षकों और छात्रों को उपहार स्वरूप मिठाई, चॉकलेट एवं टॉफी वितरित कीं। प्रताप विहार स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में क्रिसमस कार्निवाल का शानदार आयोजन हुआ। स्कूल को हस्तनिर्मित मोमबत्तियों, नीले सफेद गुब्बारे और लाइट से सजाया गया। कार्निवल में एम्बर, टेरा, एक्वा और एथर के बीच प्रतियोगिताएं हुईं, जिसमें टेरा सदन विजयी रहा। टेरा सदन ने सादगी और खूबसूरती से मदर मेरी और यीशु की प्रेरक कहानी को दशार्या। एम्बर सदन ने यीशु के त्याग और परोपकार को सजीव किया। गिटार की धुन पर क्रिसमस कैरल की प्रस्तुति से चार चांद लगा दिए। प्रधानाचार्या डॉ. सिन्नी सभी को बधाई दी। कैरल गायन और नृत्य के साथ यीशु मसीह के जन्म को दशार्या:

डीपीएस राजनगर एक्सटेंशन क्रिसमस कैंटाटा में छात्रों ने यीशु मसीह के जन्म की कहानी को कैरल गायन और नृत्य प्रस्तुति के साथ खूबसूरती से दशार्या। रूडोल्फ डांस और मेरी क्रिसमस प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरूआत पवित्र मोमबत्तियां जलाकर हुई। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त विंग कमांडर एनएन शर्मा उपस्थित रहे। जिनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। प्रधानाचार्या पल्लवी उपाध्याय दया और हेडमिस्ट्रेस प्रियंका घोष ने उदारता और प्रेम जैसे मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# एनसीआर के बाजारों में चोरी करने वाले 5 नाबालिग चोर पकड़े, 57 मोबाइल फोन बरामद



नोएडा। दिल्ली एनसीआर के नोएडा क्षेत्र में भीड़-भाड़ वाले बाजारों, सब्जी व फलों की मण्डियों व साप्ताहिक बाजारों में खरादारी करने गए लोगों की जेब से मोबाइल फोन और अन्य कीमती सामान चोरी वाले एक गैंग में शामिल 5 बाल अपचारियों को पुलिस ने अभिरक्षा में लेकर 57 कीमती मोबाइल फोन बरामद किया है। एडीसीपी सेन्ट्रल नोएडा हृदेश कठेरिया ने एक प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि थाना फेस-2 पुलिस ने एक ऐसे नाबालिग चोरों के गैंग का पदार्फाश किया है जो बाजारों में खरीदारी करने गए लोगों की जेब से मोबाइल फोन और अन्य कीमती सामान चोरी करता है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार नाबालिगों की उम्र 12 से 16 वर्ष के बीच में है। उन्होंने बताया कि इनकी निशानदेही पर यहां के विभिन्न साप्ताहिक बाजारों से चोरी किए गए 57 मोबाइल फोन बरामद हुआ है। एडीसीपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपी साप्ताहिक बाजारों में खरीदारी करने वाले लोगों की जेब से मोबाइल फोन और अन्य सामान चोरी करते हैं। नाबालिगों ने मोबाइल फोन की 100 से ज्यादा चोरी की वारदातें करनी स्वीकार की है। उन्होंने बताया कि पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इनके गैंग में और कितने लोग शामिल है। पुलिस को शक है कि इनके गैग में कुछ व्यस्क लोग भी हैं जो इनकी सहायता से चोरी की वारदातें करवाते हैं, तथा चोरी के माल को बेचने का काम करते हैं। एडीसीपी ने बताया कि सभी बाल अपचारी एनसीआर क्षेत्र में भीड़-भाड़ वाले बाजारों, सब्जी व फलों की मण्डियों व साप्ताहिक बाजारों में मौका पाकर लोगों के कीमती मोबाइल फोन चोरी करते थे और चोरी के मोबाइल फोन सस्ते दामों पर बेच देते थे। पूछताछ के दौरान पता चला है कि बाल अपचारी नियमित रूप से लगने वाली मण्डी तथा साप्ताहिक बाजार में आने वाले ग्राहक विशेषकर महिलाओं को टारगेट करते थे। यह सभी बाल अपचारी ग्राहकों का ध्यान भंग होने की प्रतीक्षा करते थे तथा थोड़ी सी भी चूक होने पर तुरन्त मोबाइल लेकर गायब हो जाते थे। बाल अपचारी समूह में कार्य करते थे तथा मोबाइल चुराने के बाद पकड़े जाने की संभावना की आशंका होते ही दूसरे साथी को मोबाइल पकड़ा देते थे।

# राज्यमंत्री राजेश नागर का लकड़पुर गांव में हुआ जोरदार स्वागत

फरीदाबाद। हरियाणा सरकार के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार राजेश नागर और उत्तर प्रदेश अमरोहा के सांसद कवर सिंह तवंर का लकड़पुर गांव में निर्वतमान पार्षद एवं भाजपा नेता जितेन्द्र भड़ाना(जित्ते भाई) ने अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर सहमल सिंह बिधुरी (चेयरमैन, एसबी ट्रांसपोर्ट) भी मुख्य रूप से मौजूद थे। जैसे ही राज्यमंत्री और सांसद का काफिला गांव में पहुंचा गांव वालों ने राजेश नागर जिन्दाबाद, कवर सिंह तंवर जिन्दाबाद के नारे लगाकर और पुष्प वर्षा करके दोनो लोकप्रिय नेताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर जितेन्द्र भड़ाना(जित्ते भाई) ने गांव के मौजिक लोगों के साथ मिलकर दोनों नेताओं का शॉल ओढ़ाकर व पगड़ी बांधकर अभिनन्दन किया। इस अवसर पर राजेश नागर ने कहा कि जितेन्द्र भड़ाना(जित्ते भाई) वाकई में जमीन से जुड़े नेता है और निर्वतमान पार्षद के पद पर रहते हुए उन्होनें हमशा जनता के भलाई और विकास के बारे में सोचा। मेरा मानना है कि ऐसे नेता खूब तरक्की करते है। इस मौके पर कवर सिंह तंवर ने कहा कि जितेन्द्र भड़ाना के बारे में सुना तो बहुत था लेकिन इतनी भारी भीड़ देखकर लगता है कि जनता उनके कन्धे से कन्धा मिलाकर चलने को सदैव तैयार है। इस अवसर पर जितेन्द्र भड़ाना(जित्ते भाई) ने कहा कि जनता ने हमेशा मुझे प्यार और आशीर्वाद दिया है तभी तो वह पार्षद बने ताकि में उनकी तन, मन और धन से सेवा कर सकूं। उन्होनें कहा कि राजेश नागर मेरे मार्गदर्शक बनकर आए है और में उनकी ऊगली पकडकर राजनीति में और आगे बढ्ढगा ताकि मेरा वार्ड विकसित और खुशहर बन सके। इस मौके पर जगबीर भड़ाना, संजीव भड़ाना, विजय सरपंच, सुभी भाई, छोटे भड़ाना, सतेंद्र भड़ाना, वेद भड़ाना, भोले भगत जी ऋषिपाल भड़ाना, ओमपाल भड़ाना, रामगोपाल भड़ाना, अजय ठाकुर जी, रामपाल जी, अशोक चौधरी, नरेंद्र भड़ाना, रूपराम, सतीश भड़ाना, रोहित सिंह, करतार सिंह, दूबे जी, हरीश भाटी, राजवीर प्रधान जी (नंदा वाले), गुप्ता जी, बदन सिंह, पूरण भड़ाना, रितिक भड़ाना, हर्ष भड़ाना, निक्षय भदाना इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# फरीदाबाद: चार गाडि के टायर किए चोरी, ईंटों के सहारे छोड़ भागे चोर

फरीदाबाद। नहरपार सेक्टर-78 स्थित हैबिटेट सोसायटी के बाहर खड़ी चार गाडि के टायर बीती रात चोर चुराकर ले गए। इनमें से एक ब्रेजा, बलेनो, इग्निस और एक अन्य गाड़ी शामिल थी। मंगलवार को जानकारी देते हुए पीड़ित गोविंद पाल ने बताया कि जब उन्होंने यहां पर सोसाइटी में अपने मकान लिए थे, तब उन्हें बताया गया था कि पार्किंग व सिक्योरिटी की व्यवस्था सोसायटी के अंदर ही है, लेकिन सोसाइटी में कभी उनकी गाडि को पार्क करने नहीं दिया। बल्कि बाकायदा बाहर बोर्ड लगाकर या लिखा कार पार्किंग एट ओनर रिस्क। जिसके चलते वह मजबूरन अपनी गाडि को सोसाइटी के बाहर ही खड़ी करते हैं। उन्होंने बताया कि इससे पहले यहां पर गाडि को पंचर कर दिया जाता था। फिर कई बार गाडि के शीशे टूटे हुए पाए, लेकिन अब चार गाडि को ईंट पर खड़ा कर चारों गाडि के टायरों को चुरा लिए गए। जिसके चलते यहां रहने वाले लोग अब खुद को भी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। वही गोविंद पाल ने बताया कि उन्होंने कई बार पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन आज तक पुलिस किसी को भी गिरफ्तार नहीं कर पाई है। उन्हें लगता है कि पुलिस भले ही उनकी शिकायत दर्ज कर लेगी, लेकिन किसी भी आरोपी को नहीं पकड़ा जाएगा। वह चाहते हैं कि सोसाइटी में ही उनकी गाडि को पार्क कराया जाए,

# नोएडा में प्रेमिका को पाने के लिए महिला की हत्या करने वाला गिरफ्तार



नोएडा। थाना ईकोटेक-प्रथम क्षेत्र में एक महिला की 25 नवंबर को हुई हत्या के मामले में पुलिस ने आज एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। एक प्रेस वार्ता के दौरान अपर पुलिस उपायुक्त जोन तृतीय अशोक कुमार सिंह ने बताया कि थाना ईकोटेक-प्रथम क्षेत्र में स्थित एक फैक्ट्री के पास 25 नवंबर को एक अज्ञात महिला का शव पुलिस को मिला था। बाद में महिला की शिनाख्त सुमन पत्नी कालीचरण निवासी मंगोलपुरी दिल्ली के रूप मे हुयी थी। उन्होंने बताया कि इस मामले में मृतका की बेटी ने थाना ईकोटेक-प्रथम में मुकदमा दर्ज करवाया था। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही पुलिस ने आज एक सूचना का आधार पर महिला की हत्या करने के आरोपी विक्की उर्फ सतीश पुत्र बलवन्त उम्र 29 वर्ष को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि मृतका की बेटी से विक्की प्रेम करता था। मृतका इस बात का विरोध करती थी। प्रेमिका को पाने के लिए उसने उसकी मां को रास्ते से हटाने का निर्णय लिया तथा दिल्ली से ग्रेटर नोएडा लेकर आया, और उसकी हत्या कर शव को यहां पर फेंक दिया था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा बताया गया है कि उसने एक बाल अपचारी को अपनी प्रेमिका की मां के घर भेजकर बहाने से बुलाया था। जिसके बाद वह अपनी अर्टिगा कार में बैठाकर घर से कुछ दूर करनाल बाईपास के नजदीक गाड़ी में ही मृतका की गला घोटकर हत्या कर दी थी जिसके बाद मृतका के शव को गाड़ी में लेकर ग्रेटर नोएडा में सुनसान रास्ता देखकर शव को छिपाने के उद्देश्य से फेंककर फरार हो गया था। उन्होंने बताया कि अभियुक्त का एक साथी वांछित है, जिसकी तलाश हेतु टीम गठित है। उन्होंने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने उसकी 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

# कराटे में 13 बच्चों ने येलो बेल्ट प्राप्त किया

गाजियाबाद। प्रताप विहार स्थित गाजियाबाद कराटे स्कूल में मंगलवार को कलर बेल्ट के लिए परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें 13 बच्चों ने परीक्षा में सफल होकर येलो बेल्ट एवं 11 ने ऑरेंज बेल्ट प्राप्त की। गाजियाबाद कराटे स्कूल के प्रशिक्षक नरेंद्र सिंह ने बताया कि मंगलवार को कलर बेल्ट कराटे परीक्षा में कुल 49 बच्चों ने हिस्सा लिया। नैनीताल से आए राकेश कुमार ने इन सभी बच्चों की परीक्षा ली। बच्चों ने अलग अलग तकनीक और अभ्यास कर अपनी प्रतिभा दिखाई। इसमें 13 बच्चों ने येलो बेल्ट प्राप्त की। जिसमें अक्षज, अरिहंत, गर्विका, सेल्वी, युवान, अथर्व त्यागी, डिंपल रानी,इल्मा,जिगर पवार, शब्द,गर्व,अभिषेक व आकांक्षा शामिल हैं। वहीं 11 बच्चों ने ऑरेंज बेल्ट, तीन ने ग्रीन बेल्ट,आठ ने पर्पल बेल्ट की परीक्षा उत्तीर्ण की।इस अवसर पर रोहतास कुमार,श्रीकांत शर्मा, नरेश शर्मा आदि अन्य लोग मौजूद रहे।

# पीएस वॉरियर्स को 141 रन से टीएनएम क्रिकेट एकेडमी ने मात दी

गाजियाबाद। एक्सटेंशन स्थित क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जा रहे टी 20 क्रिकेट टूनार्मेंट में मंगलवार को टीएनएम क्रिकेट एकेडमी ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए पीएस वॉरियर्स को 141 रन से हरा दिया। पांच विकेट लेने वाले कबीर को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच में टॉस जीत पहले बल्लेबाजी करते हुए टीएनएम क्रिकेट एकेडमी ने 20 ओवर में 216 रन बनाए। गर्वित चौधरी ने 74, रितिक ने 69 और अमन ने 53 रन बनाए। लक्ष्य का जवाब देने उतरी पीएस वॉरियर्स की टीम 13.5 ओवर में 75 रन पर ही ढेर हो गई। सोनू ने सबसे ज्यादा 34 रन बनाए। विपक्षी टीम के गेंदबाज कबीर ने सर्वाधिक पांच विकेट लिए। इसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# ग्रेटर नोएडा में नामी अस्पताल व दो फाइनेंस कंपनियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

ग्रेटर नोएडा । ग्रेटर नोएडा के थाना बीटा-टू में एक व्यक्ति ने फोर्टिस अस्पताल और दो फाइनेंस कंपनियां के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाया है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना बीटा-दो के प्रभारी निरीक्षक विद्युत गोयल ने बताया कि राहुल कुमार भाटी ने कोर्ट के आदेश पर थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है। उन्होंने फोर्टिस अस्पताल, राम तीरथ लीजिंग एंड फाइनेंस कंपनी प्राइवेट लिमिटेड, मोंनेडो फाइनेंशियल सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ धारा 420, 467 ,468, 471, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज करवाया है। उन्होंने बताया कि पीड़ित के अनुसार उसकी पत्नी अंजू बंसल को पिछले कुछ महीने से छाती में दर्द की शिकायत चल रही थी। उन्होंने उसे गाजियाबाद के अस्पताल में दिखाया। वहां से उन्हें एम्स रेफर किया गया। पता चला कि गर्भावस्था की वजह से उसकी पत्नी को आरएचडी नामक बीमारी हो गई है, जिसका इलाज केवल ऑपरेशन है। उन्होंने बताया कि पीड़ित के अनुसार ऑपरेशन करने के लिए एम्स में जब उन्हें जल्दी कोई अपॉइंटमेंट नहीं मिला तो उन्होंने अपनी पत्नी को ग्रेटर नोएडा स्थित फोर्टिस अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया। यहां पर डॉक्टर विवेक टंडन द्वारा उनका ऑपरेशन 2 अप्रैल वर्ष 2023 को किया गया। उन्होंने बताया कि पीड़ित के अनुसार अस्पताल के स्टाफ द्वारा मेडिकल पॉलिसी के बारे में पूछा गया, तब पीड़ित ने बताया कि उसके पास स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की हेल्थ पॉलिसी है। अस्पताल कर्मचारियों द्वारा उक्त पॉलिसी के संबंध में समस्त दस्तावेज जिसमें आधार कार्ड, पैन कार्ड व कैंसिल चेक पीड़ित से लिए गए। महिला को भर्ती करते समय 9,292 रुपया ऑनलाइन जमा कराया गया। कहा गया कि डिस्चार्ज के समय यह रकम वापस कर दी जाएगी। पीड़ित के अनुसार जब उसने कैंसिल चेक व अन्य दस्तावेज के बारे में पूछा तो कहा गया कि अस्पताल की पॉलिसी है। हर भर्ती होने वाले मरीज से यह दस्तावेज लिया जाता है। पीड़ित के अनुसार उनकी पत्नी का दो अप्रैल को ऑपरेशन हुआ तथा 4 अप्रैल 2023 को वह अस्पताल से डिस्चार्ज हो गई। पीड़ित के अनुसार जब डिस्चार्ज करते समय पीड़ित ने अपनी जमा की गई राशि वापस मांगी तो कहा गया कि आपके अकाउंट में रकम ऑनलाइन ट्रांसफर कर दी जाएगी। पीड़ित के अनुसार 6 माह तक उसके पैसे अकाउंट में वापस नहीं आए। इसी बीच राम तीरथ लीजिंग एंड फाइनेंस कंपनी प्राइवेट लिमिटेड और मोनेडो फाइनेंशियल सर्विस प्राइवेट लिमिटेड से फोन आने लगे। उक्त लोगों ने कहा कि आपने अपनी पत्नी की इलाज के लिए लोन लिया है। उसे लौटा दो नहीं तो आपके खिलाफ मुकदमा किया जाएगा। जब पीड़ित ने कहा कि मैंने कोई लोन नहीं लिया है तो आरोपियों ने उन्हें धमकी दी। जब वह इस संबंध में फोर्टिस अस्पताल ग्रेटर नोएडा गया तथा पता किया तो उन्हें पता चला कि उनकी मेडिक्लेम पॉलिसी से क्लेम कैंसिल हो गया था। इस कारण अस्पताल द्वारा अन्य तृतीय पक्ष राम तीरथ एंड लीजिंग फाइनेंस कंपनी प्राइवेट लिमिटेड, मोनैडो फाइनेंशियल सर्विस प्राइवेट लिमिटेड से लोन लेकर उनके बिल का भुगतान किया गया है। पीड़ित के अनुसार अस्पताल के कर्मचारियों की बात सुनकर वह दंग रह गए। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है। इस बाबत फोर्टिस अस्पताल प्रबंधन से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन किसी से बात नहीं हो पाई।

# जनपदीय कैरियर गाईडेंस मेले में विद्यार्थियों ने लिया कैरियर के सपनों की नई उड़ान का संकल्प

## सभी बच्चे लक्ष्य के साथ ईमानदारी से मेहनत करें और सफलता की उत्तरोत्तर शिखर पर पहुंचे: डीएम

प्रात: किरण संवाददाता



अमरोहा। जिलधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता मे समग्र शिक्षा माध्यमिक के सौजन्य से जनपदीय कैरियर गाईडेंस मेले का आयोजन राजकीय इण्टर कालेज अमरोहा के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, अश्वनी कुमार मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी एवं अतिथियों ने ज्ञान की देवी माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर राजकीय बालिका इ0का0 अमरोहा की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुत्ति दी। जनपद स्तरीय कैरियर गाईडेंस मेले में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के छात्र/छात्राओं द्वारा लगाई गई स्टाल का जिलाधिकारी ने एक एक करके छात्राओं से वार्ता कर अवलोकन किया। कैरियर गाईडेंस मेले को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिलाधिकारी महोदया ने कहा कि किसी भी मुकाम तक पहुंचने के लिए संघर्ष एवं परिश्रम की आवश्यकता होती है। बीज तब ही अच्छा पौधा बनकर फल प्रदान करता है जब उसकी मिट्टी उपजाऊ हो।आज कैरियर गाईडेंस मेले के माध्यम से जो प्लेटफार्म दिया गया है उससे प्रेरणा लेकर विद्यार्थियों को सपनों की नई उड़ान का संकल्प लेना चाहिए। ध्यान रहे हम कितने भी उच्च पद पर आसीन हो जाए हमें अपनी जमीन, अपने जीवन मूल्य एवं संस्कार नहीं भूलने चाहिए। हर व्यक्ति एवं पद का अपना एक अलग महत्व है। हमें अपने माता-पिता, बुजुर्गों एवं शिक्षकों का आदर हमेशा करना चाहिए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि अश्वनी कुमार मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि हम बड़े लक्ष्य निर्धारित कर उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए परिश्रम करेंगे तो वह मंजिल निश्चित ही प्राप्त होगी। कैरियर गाईडेंस मेले में विभिन्न छात्र/छात्राओं ने अपने सपनों को चार्ट पेपर, मॉडल एवं अपनी वेशभूषा के रूप में उकेरा है। इससे प्रतीत होता है कि आपने अपने कैरियर का लक्ष्य निर्धारित कर लिया है। आवश्यकता है उसके अनुसार मेहनत और परिश्रम करने की। अपर पुलिस अधीक्षक राजीव सिंह ने कैरियर गाईडेंस मेंले में छात्र/छात्राओं को आई0पी0एस0, एन0डी0ए0, सी0डी0एस0, आई0एम0ए0, पीपीएस में कैरियर कैसे बनता है के सम्बन्ध में विस्तार से बताया।

मदनपाल सिंह, जिला समन्वयक मा0शि0 ने यूपी पंख पोर्टल के बारे में विस्तार से बताते हुए कैरियर गाईडेंस मेले की आख्या एवं उपस्थित अधिकारियों का स्वागत किया। कैरियर गाईडेंस मेले में निर्णायक डा0 पवन गैरा, डा0 सौरभ अग्रवाल एवं श्री गौरव पुण्डीर ने राजकीय माध्यमिक विद्यालयों द्वारा लगायी गयी स्टॉल का विधिवत मूल्यांकन किया, जिसमें प्रथम विजेता, राजकीय बालिका इण्टर कालेज हसनपुर, द्वितीय विजेता पं0 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इण्टर कालेज गजस्थल एवं तृतीय स्थान पर राजकीय हाईस्कूल रहरई विजेता रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदया एवं मंचासीन अतिथियों ने श्रीमती प्रीति चौधरी की पुस्तक हमने प्रीत की है गजल से का विमोचन किया। साथ ही राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त करने पर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कैरियर गाईडेंस मेले में जिला विद्यालय निरीक्षक विष्णु प्रताप, उपनिदेशक कृषि राम प्रवेश, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज अमरोहा, ललित कुमार, सतीश कुमार, डा0 धर्म सिंह, राघवा खानम, डा0 साबिया खातून, पवन कुमार त्यागी, राजेन्द्र सिंह,किरनलता, डा0 मृढ़िक व्रतेश, संजीव कुमार, ओमप्रकाश सिंह, विकास कुमार, सतीश चन्द, अशोक कुमार, कुमकुम, आकाशदीप, धीरेन्द्र कुमार, तेज बहादुर, अंकुल कुमार यादव, रवि कुमार आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रीति चैधरी एवं डा0 साबिया खातून द्वारा किया गया।

# संसद के कलुषित परिवेश का जिम्मेवार कौन?

पिछले कुछ दिनों से संसद में जो कुछ हो रहा है, उससे देश निराश है। संसद चलाकर ही सरकार विपक्ष के सवालों के जवाब सही ढंग से दे सकती है। हंगामे के माहौल में सांसदों को अपनी बात रखने का मौका ही नहीं मिलता। कोई बच्चा भी समझ सकता है वेल में जाकर नारेबाजी और हंगामा कर सदन की कार्यवाही रोकने से कैसे विरोध जताया जा सकता है। अच्छी बात तो तब कही जाएगी, जब आप अपने सवाल साफ-साफ रखें और सरकार साफ-साफ जवाब दे पाए। लेकिन इससे भी अधिक चिंता का विषय यह है कि संसद की कार्रवाई में बाधा अपवाद की बजाय नियम बन गया है और हमारे राजनेताओं को इस पर कोई पछतावा नहीं होता है। पिछले वर्षों में यह गिरावट बड़ी तेजी से आई है। सांसद एक-दूसरे पर चिल्लाते हैं, विधायी कागजों को छीनकर फाड़ देते हैं, छोटे से मुद्दे पर सदन के बीचों-बीच आ जाते हैं। पिछले वर्षों में ज्यादातर विधेयकों को बिना चर्चा के ही पारित किया गया है। यह संसदीय प्रणाली का दुरुपयोग है। अब विपक्षी पार्टियों और कुछ सांसदों ने संसद की दुर्गति कर रखी है। दोनों सदनों में निजी एजेंडों को लेकर अनुत्पादक हंगामा कर कार्यवाही ठप करा देना आम बात है। संसद में शोर-शराबा, वेल में जाकर नारेबाजी करना, एक-दूसरे पर निजी कटाक्ष करना यहां तक कि कई बार हाथापाई पर उतारू हो जाना आज संसद की आम तस्वीर है। आखिर सियासी पार्टियों और सांसदों का बर्ताव इतना अराजक क्यों हो गया है? क्या आज पार्टियों के निहित स्वार्थों ने संसद को मजाक बनाकर रख दिया है। सांसदों के रवैये को देखते हुए लगता नहीं है कि उसकी मंशा देश के विकास की योजनाएं बनने देने की है। ऐसा लग रहा है कि सांसदों ने पूरे संसदीय लोकतंत्र को बंधक बना लिया है। क्योंकि लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही आजकल टीवी पर लाइव दिखाई जाती है, लिहाजा देश का आम आदमी भी वह सब कुछ देखता है, जो संसद में रोज हो रहा है। आखिर सांसद लोगों के सामने अपनी क्या छवि पेश कर रहे हैं? जरा सोचिए कि देश के लोगों के मन में आपकी क्या छवि बनती जा रही है? यह सच है कि इस गिरावट का कारण यह है कि राजनीति आज संख्या का खेल बन गई है जिसके चलते क्षेत्रीय क्षत्रप अपनी मनमर्जी कराने के लिए दबाव डालते हैं। वे न केवल दादागिरी की राजनीति में विश्वास करते हैं अपितु सफल संसद सत्र के पैमाने को ह्यजिसकी लाठी, उसकी भैंसह्न भी बनाते हैं। आज विषय-वस्तु की बजाय आकार महत्वपूर्ण बन गया है जिसके चलते संसद में गली-मोहल्लों के झगड़ों जैसे दृश्य देखने को मिलते हैं। इसलिए इस गिरती राजनीतिक संस्कृति और नैतिक मूल्यों में संसदीय कार्रवाई में राजनीति को प्रभावित करने वाली विषय सामग्री नहीं मिलती है। कुल मिलाकर ऐसा लगता है कि संसद अब महज एक स्कोरिंग क्लब बन कर रह गई है। बहुतों को पता होगा कि संसद की एक मिनट की कार्यवाही पर ढाई लाख रुपए खर्च हो जाते हैं। इस तरह एक दिन की सामान्य कार्यवाही पर औसतन छह करोड़ रुपए का खर्च आता है। जिस दिन कार्यवाही लंबी चलती है, उस दिन खर्च और बढ़ जाता है। जरा सोचिए कि यह पैसा आता कहां से है। जाहिर है कि देश के आम लोगों की जेब से ही आता है। लोकतंत्र में इससे बड़ा और क्या मजाक होगा कि संसद की कार्यवाही लगातार ठप रहे या फिर दिन भर रह-रह कर हंगामा होता रहे, फिर भी एक दिन में छह करोड़ रुपए खर्च हो जाएं।

# 100वीं जन्म जयन्ती (25 दिसम्बर, 2024) पर विशेष: मैं हूं सदैव अटल

25 दिसंबर 1924 को मध्यप्रदेश के ग्वालियर में श्रीमती कृष्णा देवी-कृष्ण बिहारी वाजपेयी के घर जन्मे अटल बिहारी वाजपेयी के पास चार दशक से अधिक समय का संसदीय अनुभव था। वे 1957 से संसद सदस्य रहे हैं। वे 5वीं, 6वीं, 7वीं लोकसभा और फिर उसके बाद 10वीं, 11वीं, 12वीं और 13वीं लोकसभा में चुनाव जीतकर पहुंचे। इसके अलावा 1962 और 1986 में दो बार वे राज्यसभा के सदस्य भी रहे। वर्ष 2004 में वे पांचवी बार लगातार लखनऊ से चुनाव जीतकर लोक सभा पहुंचे थे। वाजपेयी जी इकलौते नेता हैं जिन्हें चार अलग-अलग राज्यों उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश और दिल्ली से चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचने का गौरव हासिल है। गौरवशाली कार्यकाल अभूतपूर्व एक प्रधानमंत्री के तौर पर उनका कार्यकाल इतना गौरवशाली रहा कि एक दशक के बाद भी उस कार्यकाल को न सिर्फ याद किया जाता है, बल्कि उस पर अमल भी किया जाता है। इसमें पोखरण परमाणु परीक्षण, आर्थिक नीतियों में दूरदर्शिता आदि शामिल हैं। आधारभूत संरचना के विकास की बड़ी योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, नदी जोड़ो योजना, राष्ट्रीय राजमार्ग और स्वर्णिम चतुर्भुज योजनाएं भी इनमें शामिल हैं। बहुत ही कम ऐसे प्रधानमंत्री हुए जिन्होंने समाज पर इतना सकारात्मक प्रभाव छोड़ा। हार नहीं मानूंगा स्तुत्य, अटल जी की शिक्षा के दौरान कई साहित्यिक, कलात्मक और वैज्ञानिक उपलब्धियां उनके नाम रहीं। उन्होंने राष्ट्रधर्म, पाञ्चजन्य के अलावा दैनिक अखबारों जैसे स्वदेश और वीर अर्जुन का संपादन किया। इसके अलावा भी उनकी बहुत सी किताबें प्रकाशित हुईं जिनमें मेरी संसदीय यात्रा-चार भाग में, मेरी इक्यावन कविताएं, संकल्प काल, शक्ति से शांति, अमर बलिदान, कैदी कविराज की कुंडलियां इमरजेंसी के दौरान जेल में लिखी गई कविताओं का संकलन आदि प्रमुख हैं। कवि मन सदैव अटल आज भी जनमन में आलोकित है। कंठहार हार नहीं मानूंगा, रार नहीं ठानूंगा, काल के कपाल पर लिखता मिटाता हूँ...। संयुक्त् राष्ट्रत में गूंजी हिंदी शुचिता की राजनीति के प्रतिपालक अटल बिहारी वाजपेयी 1951 में जनसंघ के संस्थापक सदस्य और फिर 1968-1973 में भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष और 1955-1977 तक जनसंघ संसदीय पार्टी के नेता रहे। वह 1977 से 1980 तक जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य के रूप में और 1980 से 1986 तक भाजपा के अध्यक्ष रहे। साथ ही 1980-1984, 1986, 1993-1996 में वे भाजपा संसदीय दल के नेता रहे। ग्यारहवीं लोक सभा के दौरान वह नेता विपक्ष के पद पर रहे। इससे पहले मोरारजी देसाई की सरकार में उन्होंने 24 मार्च 1977 से 28 जुलाई 1979 तक विदेश मंत्री का पदभार भी संभाला। दौरान पहली बार हिंद की हिंदी गूंजी। कंठ था मां भारती के ऐसे सपूत का जिसकी वाकपटुता और भाषण-कौशल के मुरीद विरोधी खेमे में भी रहे। 4 अक्टूबर 1977 को संयुक्त6 राष्ट्रद के मंच से करीब 43 मिनट बोले। वह दौर शीतयुद्ध के चरम का था। पूरी दुनिया किसी न किसी के पाले में थी। भारत की उस वक्तम में गुटनिरपेक्षता की आवाज बुलंद कर रह थे अटल बिहारी वाजपेयी। दृढ़निश्चय के एक साल अटल, अटल के 1998-99 के प्रधानमंत्री के कार्यकाल को दृढ़निश्चय के एक साल के रूप में जाना जाता है। इसी दौरान 1998 के मई महीने में भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया था जिन्होंने परमाणु परीक्षण को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। फरवरी 1999 में पाकिस्तान बस यात्रा ने उपमहाद्वीप की परेशानियों को सुलझाने के लिए एक नए दौर का सूत्रपात किया। इसे चहुंओर प्रशंसा मिली। इस मामले में भारत की ईमानदार कोशिश ने वैश्विक समुदाय में अच्छा प्रभाव छोड़ा। बाद में जब मित्रता का यह रूप धोखे के रूप में कारगिल के तौर पर परिलक्षित हुआ तब भी वाजपेयी जी ने विषम परिस्थितियों का सफलतापूर्वक मुकाबला किया और घुसपैठियों को बाहर खदेड़ने में सफलता हासिल की। नवरत्न में समाहित आदर, अटल बिहारी वाजपेयी को राष्ट्र के प्रति उनके सेवाओं के मद्देनजर वर्ष 1992 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। उन्हे सर्वश्रेष्ठ संसद सदस्य आदि पुरस्कार से नवाजा गया। इससे पहले 1993 में कानपुर विश्वदविद्यालय ने मानद डॉक्ट्रेट की उपाधि से नवाजा था। 2015 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न की उपाधि से अलंकृत किया गया। गमगीन 16 अगस्त 2018 को भारत के महारत्न अटल, अनंत के नवरत्न में समाहित हो गए। प्रेरणापुंज मै अटल था, मैं अटल हू और मैं अटल रहूंगा का मूलमंत्र सदैव अटल हो गया। महामना की जन्म शताब्दी पर विनम्र शब्दांजलि!

# देश के अप्रतिम नेता अटल बिहारी वाजपेयी की विरासत का जश्न

इसे किसी संगठन या समाज के भीतर निर्णय लेने और लागू करने की प्रक्रिया के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। शासन केवल व्यवस्था बनाए रखने के लिए ही आवश्यक नहीं है; यह उद्देश्यों को प्राप्त करने और समुदाय या समूह की आवश्यकताओं को सम्बोधित करने में भी मदद करता है। विश्व बैंक के अनुसार, सुशासन वह तरीका है जिसमें विकास के लिए किसी देश के आर्थिक और सामाजिक संसाधनों के प्रबंधन में शक्ति का प्रयोग किया जाता है। संस्थाओं को इस तरह से संचालित होना चाहिए कि दूसरों के लिए यह देखना आसान हो कि क्या कार्य किए जा रहे हैं। यह भ्रष्ट आचरण को भी रोकता है। शासक वर्ग को लोगों के प्रति जवाबदेह होना चाहिए। इससे लोगों और पूरे समाज की बेहतरी सुनिश्चित होगी।






**प्रियंका सौरभ**
(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार)

भारत में हर साल 25 दिसम्बर को देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष्य में सुशासन दिवस मनाया जाता है। पहली बार 2014 में मनाया गया यह दिवस पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन प्रदान करने और यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है कि विकास का लाभ हर नागरिक तक पहुँचे। अटल बिहारी वाजपेयी एक प्रमुख भारतीय राजनेता और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संस्थापक सदस्य थे। अपनी वाक्पटुता और काव्य कौशल के लिए जाने-जाने वाले, उन्हें उनके उदार राजनीतिक विचारों और आम सहमति बनाने के प्रयासों के लिए पार्टी लाइनों से परे सम्मान दिया जाता था। वाजपेयी का राजनीतिक करियर पाँच दशकों से अधिक समय तक चला, जिसके दौरान उन्होंने भारत की घरेलू और विदेश नीतियों को आकार देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा के सम्मान में, उन्हें 2015 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया। 25 दिसम्बर, 1924 को ग्वालियर, मध्य प्रदेश में जन्मे अटल बिहारी वाजपेयी एक प्रतिष्ठित राजनेता, कवि और वक्ता थे। उन्होंने तीन बार भारत के प्रधान मंत्री के रूप में कार्य किया और देश के विकास पथ पर एक अमिट छाप छोड़ी। उनके कार्यकाल में महत्त्वपूर्ण आर्थिक सुधार, स्वर्णिम चतुर्भुज जैसी बुनियादी ढांचा परियोजनाएँ और भारत की वैश्विक स्थिति में सुधार के प्रयास शामिल थे। वाजपेयी के नेतृत्व की विशेषता लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता थी, जो उनकी जयंती को सुशासन दिवस मनाने का एक उपयुक्त अवसर बनाती है। सुशासन दिवस 2024 न केवल वाजपेयी की विरासत का स्मरण करता है, बल्कि नागरिकों और अधिकारियों से देश के समग्र विकास के लिए पारदर्शी, जवाबदेह और समावेशी शासन को बढ़ावा देने का आग्रह भी करता है। 25 दिसम्बर, 2024 का सुशासन दिवस विशेष महत्त्व रखता है क्योंकि यह अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती है। इस मील के पत्थर को मनाने के लिए, प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग ने 19 से 24 दिसम्बर, 2024 तक चलने वाले ह्यप्रशासन गाँव की ओरह्न नामक एक सप्ताह के अभियान की घोषणा की है। इस पहल का उद्देश्य शासन को जमीनी स्तर पर लाना है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि प्रशासनिक सेवाएँ ग्रामीण आबादी तक पहुँच सकें। सुशासन दिवस पारदर्शी, जवाबदेह और लोगों की जरूरतों के प्रति उत्तरदायी शासन के महत्त्व की याद दिलाता है। सुशासन सार्वजनिक संसाधनों और संस्थानों को ईमानदारी और निष्पक्ष रूप से, भ्रष्टाचार या सत्ता के दुरुपयोग के बिना प्रबंधित करने की एक प्रक्रिया है। यह सुनिश्चित करता है कि कानूनों का पालन किया जाए, मानवाधिकारों की रक्षा की जाए और समाज की जरूरतों को पूरा किया जाए। इसका उद्देश्य नागरिकों की प्रभावी रूप से सेवा करने और शासन प्रक्रिया में जनता की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार की ज़िम्मेदारी के बारे में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाना है। भारतीय राजनीति में उनके योगदान और पारदर्शी और जवाबदेह सरकार के लिए उनके दृष्टिकोण को मान्यता देना। जागरूकता को बढ़ावा देना, नागरिकों को सुशासन के महत्त्व और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी भूमिका के बारे में शिक्षित करना। जनता की प्रभावी और नैतिक रूप से सेवा करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को मजबूत करना। इसे किसी संगठन या समाज के भीतर निर्णय लेने और लागू करने की प्रक्रिया के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। शासन केवल व्यवस्था बनाए रखने के लिए ही आवश्यक नहीं है; यह उद्देश्यों को प्राप्त करने और समुदाय या समूह की आवश्यकताओं को सम्बोधित करने में भी मदद करता है। विश्व बैंक के अनुसार, सुशासन ह्लवह तरीका है जिसमें विकास के लिए किसी देश के आर्थिक और सामाजिक संसाधनों के प्रबंधन में शक्ति का प्रयोग किया जाता हैह्व। संस्थाओं को इस तरह से संचालित होना चाहिए कि दूसरों के लिए यह देखना आसान हो कि क्या कार्य किए जा रहे हैं। यह भ्रष्ट आचरण को भी रोकता है। शासक वर्ग को लोगों के प्रति जवाबदेह होना चाहिए। इससे लोगों और पूरे समाज की बेहतरी सुनिश्चित होगी। शासी संस्थाओं को लोगों की चिंताओं के प्रति संवेदनशील होना चाहिए और उचित समय के भीतर उनकी जरूरतों को पूरा करना चाहिए। समाज के सभी वर्गों के लोगों को बिना किसी भेदभाव के सुधार के लिए समान अवसर प्रदान किए जाने चाहिए। निर्णय समाज के एक बड़े वर्ग की सहमति से लिए जाने चाहिए, ताकि यह किसी के लिए हानिकारक न हो। उपलब्ध संसाधनों का कुशलतापूर्वक उपयोग किया जाना चाहिए ताकि ऐसे परिणाम प्राप्त हों जो उनके समुदाय की आवश्यकताओं को पूरा करें। प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों को बनाए रखने के लिए कानूनी ढांचे को निष्पक्ष तरीके से लागू किया जाना चाहिए। समाज के लोगों को वैध संगठनों या प्रतिनिधियों के माध्यम से अपनी राय व्यक्त करने में सक्षम होना चाहिए। इसमें कमजोर और पिछड़े समूह भी शामिल हैं। सुशासन प्रथाएँ जनता के हितों को बनाए रखने में मदद करती हैं। सुशासन किसी संगठन को गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदान करने के लिए मौजूदा संसाधनों का इष्टतम और कुशल उपयोग करने में सक्षम बनाता है। सुशासन प्रथाएँ शक्ति और पद के अत्यधिक उपयोग के विरुद्ध जाँच और संतुलन भी सुनिश्चित करती हैं। शासन प्रक्रिया में जनता की भागीदारी तभी प्राप्त की जा सकती है जब सुशासन प्रथाओं को लागू किया जाए। सुशासन दिवस विभिन्न पहलों के माध्यम से नैतिक शासन, पारदर्शिता और नागरिक भागीदारी पर जोर देता है। इन पहलों का उद्देश्य प्रशासन को अधिक कुशल, जवाबदेह और नागरिक-केंद्रित बनाना है। ई-गवर्नेंस, डिजिटल साक्षरता और सरकारी सेवाओं तक निर्बाध पहुँच को बढ़ावा देता है। नागरिकों को सार्वजनिक सूचना तक पहुँचने के लिए सशक्त बनाकर पारदर्शिता सुनिश्चित करता है। सरकारी परियोजनाओं पर प्रतिक्रिया प्रदान करके नीति निर्माण मीं नागरिकों की भागीदारी को प्रोत्साहित करता है। पूरे भारत में स्वच्छता, सफाई और अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार पर ध्यान केंद्रित करता है। लाभार्थियों को सीधे सब्सिडी हस्तांतरित करता है, भ्रष्टाचार को कम करता है और लक्षित वितरण सुनिश्चित करता है। कुशल शासन के लिए देरी को सम्बोधित करते हुए सरकारी परियोजनाओं के समय पर निष्पादन की निगरानी करता है।

# भारतरत्न की सौवीं जयंती पर विशेष राजनीति और विकास के दूरद्रष्टा थे अटल

इस कदम से उन्होंने भारत को निर्विवाद रूप से विश्व मानचित्र पर एक सुदृढ वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित कर दिया। यह सब इतनी गोपनीयता से किया गया कि अति विकसित जासूसी उपग्रहों व तकनीकी से संपन्न पश्चिमी देशों को इसकी भनक तक नहीं लगी। यही नहीं इसके बाद पश्चिमी देशों द्वारा भारत पर अनेक प्रतिबंध लगाए गए लेकिन वाजपेयी सरकार ने सबका दृढ़तापूर्वक सामना करते हुए आर्थिक विकास की ऊचाइयों को छुआ। वाजपेयीजी ने पड़ोसी देश पाकिस्तान के साथ रिश्तों को सौहार्दपूर्ण बनाने की दृष्टि से भी अनेक उपक्रम किये।





**रीना रानी**
लेखक

श्रेष्ठ राजनेता, संवेदनशील साहित्यकार, भारतमाता के सच्चे सपूत, अजातशत्रु पूर्व प्रधानमन्त्री भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेयी का व्यक्तित्व हिमालय के समान विराट था। अटल जी देश के लोगों के जीवन में अपने विचारों का जो प्रभाव डाला, वह कभी भूलाया नहीं जा सकेगा। आर्थिक विकास और सामाजिक कल्याण के लिए उनके द्वारा किए गए कार्य हमेशा याद स्मरणीय रहेगा। उनका कृतित्व और राष्ट्र के बीच अमर रहेगा। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी सच्चे मायने में भारत के रत्न थे। उन्होंने जमीन से जुड़े रहकर राजनीति की और लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई थी। आज उनके विचार और देश के विकास की प्रवाह को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी आगे बढ़ा रहे हैं। आजीवन अविवाहित रहने का निर्णय लेने और उसका निर्वहन करते हुए भारत की राजनीति में मूल्यों और आदर्शों को स्थापित करने वाले राजनेता और प्रधानमंत्री के रूप में किये कार्यों के कारण उन्हें भारत के विकास का दूरदृष्टा कहा गया है। समर्थकों में समर्पण भाव पैदा करने तथा विरोधियों का दिल जीतने में अटल जी अव्वल थे। उनका सार्वजनिक जीवन बेदाग और साफ सुथरा रहा। पारदर्शी सार्वजनिक जीवन के कारण ही हर कोई उनका सम्मान करता था। विरोधी भी उनके प्रशंसक थे। अटल जी के लिए राष्ट्रहित सदा सर्वोपरि रहा। अटलजी जब भी संसद में अपनी बात रखते थे, तो उनके विरोधी भी गंभीरता से उनकी वाणी को सुनते थे। एक कवि के रूप में अपनी कविताओं के माध्यम अटल जी हमेशा सामाजिक बुराइयों पर प्रहार करते रहे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक से लेकर प्रधानमंत्री तक का सफर तय करने वाले युगपुरुष अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्म ग्वालियर में 25 दिसम्बर 1924 को हुआ था। उनकी बीए की शिक्षा ग्वालियर के विक्टोरिया कालेज में हुई। कानपुर के डीएवी महाविद्यालय से कला में स्नातकोत्तर उपाधि भी प्रथम श्रेणी में प्राप्त की। एक प्रखर वक्ता और कवि के गुण उन्हें उनके पिता से मिले। छात्र जीवन से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक बने। लम्बे समय तक राष्ट्रधर्म, पांचजन्य और वीर अर्जुन आदि राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत अनेक पत्र-पत्रिकाओं का सफल सम्पादन भी किया। अटलजी भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य के रूप में डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पं. दीनदयाल उपाध्याय के साथ काम किया। 1968 से 1973 तक भारतीय जनसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। अटल बिहारी वाजपेयी 1957 के लोकसभा चुनावों में पहली बार उत्तर प्रदेश की बलरामपुर लोकसभा सीट से जनसंघ के प्रत्याशी के रूप में विजयी हुए।उन्होंने अपने ओजस्वी भाषणों से प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू तक को प्रभावित किया। 1975 में इंदिरा गांधी द्वारा आपातकाल लगाने का अटल बिहारी वाजपेयी ने खुलकर विरोध किया था और उन्हें कारावास भी झेलना पड़ा। 1977 के लोकसभा चुनाव के बाद देश में मोरारजी देसाई के नेतृत्व में पहली बार गैर कांग्रेसी सरकार जनता पार्टी की बनी, जिसमें बतौर विदेशमंत्री उन्होंने पूरे विश्व में भारत की छवि बनाई। विदेश मंत्री के रूप में संयुक्त राष्ट्र में हिंदी में भाषण देने वाले देश के पहले वक्ता बने। 1980 में जनता पार्टी के टूटने के बाद अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने वैचारिक सहयोगी नेताओं के साथ भारतीय जनता पार्टी की स्थापना की और वे संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। 1996 के लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़े दल के रूप में उभरी तो अटलजी सर्वसम्मति से संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद अटलजी देश के प्रधानमंत्री बने। दुर्भाग्यवश यह सरकार 13 दिन ही चली। 1998 में भाजपा फिर दूसरी बार सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी और अटल बिहारी वाजपेयी दूसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने। लेकिन 13 महीने तक ही यह सरकार चल सकी। इस 13 महीने के छोटे से कार्यकाल में ही अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रधानमंत्री रहते हुए दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय दिया और पोखरण में परमाणु परीक्षण कर सम्पूर्ण विश्व को भारत की ताकत का एहसास कराया। अमेरिका और यूरोपीय संघ समेत कई देशों ने भारत पर कई तरह के प्रतिबंध लगा दिए, उसके बावजूद भारत अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में हर तरह की चुनौतियों से सफलतापूर्वक निबटने में सफल रहा। कारगिल युद्ध में जीत के बाद हुए 1999 के लोकसभा चुनाव में भाजपा फिर अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी और अटलजी के नेतृत्व में 13 दलों से गठबंधन करके राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार बनी। इस सरकार ने अपना पूरा पांच साल का कार्यकाल पूर्ण किया। इस कार्यकाल में देश के अन्दर प्रगति के अनेक आयाम छुए। अटलजी की सरकार ने भारत के चारों कोनों को सड़क मार्ग से जोड़ने के लिए स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना की शुरूआत की और दिल्ली, कलकत्ता, चेन्नई व मुम्बई को राजमार्ग से जोड़ा गया। अटल जी को देश-विदेश में अब तक अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने 2015 में अटलजी को भारत के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया। अटल जी को देश-विदेश में अब तक अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। उनकी सौवीं जयंती पर उनकी ही चंद पंक्तियों के साथ सादर श्रद्धांजलि। दिश दिश गूंजा संगठन राग केशव के जीवन का पराग अंतस्थल की अवरुद्ध आग भगवा ध्वज का संदेश त्याग।

# क्रिसमस का त्यौहार सही मायनों में कैसे मनाएं?



**संत राजिन्दर सिंह जी महाराज**

आज विश्वभर में क्रिसमस का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस दिन ईसा मसीह का जन्म हुआ था। ईसा मसीह का मूल संदेश, प्रेम का संदेश था। उनकी इन शिक्षाओं के आधार पर ही ईसाई धर्म की शुरूआत हुई। ईसा ने अपने शिष्यों को जो महान संदेश दिया, उसको दो आज्ञाओं में समेट सकते हैं। पहला ह्लआप अपने प्रभु को पूर्ण हृदय से, पूर्ण आत्मा से तथा पूरे मन से प्यार करें ह्व और दूसरा ह्लअपने पड़ोसी से ऐसे ही प्यार करो जैसा हम अपने आपसे करते हैं। आज के दिन खुशियों के इस त्यौहार पर लोग एक-दूसरे से मिलते-जुलते हैं तथा भेंट व शुभकामनाएं देते हैं, जिससे कि सारा वातावरण प्रेम से भरपूर हो जाता है। प्रेम करना ही सदा का प्रेम पाना है। जब हम दूसरों को प्रेम करते हैं तो स्वाभाविक रूप से हम वापसी में भी प्रेम प्राप्त करते हैं। यदि हम सब एक-दूसरे को प्रेम बांटेंगे तो उसका प्रभाव यह होगा कि यह संसार एक स्नेहमयी स्थान बन जाएगा। यदि हम औरों को प्रेम देते हैं तो अंत में हम भी अधिक प्यार पाते हैं। जिसका कारण यह है कि प्रेम एक ऐसा गुण है जो न सिर्फ नफरत, हिंसा, स्वार्थ, लोभ और क्रोध को खत्म करता है बल्कि इससे हमारे अंदर के सभी नकारात्मक विकार भी नष्ट हो जाते हैं।

इसके द्वारा हम शांति, आनंद और मस्ती से सराबोर हो जाते हैं। जितना अधिक हम संसार को प्रेम देते हैं, उतना अधिक वह लोग जिन्होंने प्रेम का अनुभव नहीं किया होता, उसे पाकर वे खुशी से भरपूर हो जाते हैं। परिणामस्वरूप उनका जीवन बदल जाता है और वे अनुभव करते हैं कि उनके जीवन में क्रोध और नफरत की तुलना में प्रेम कितना अधिक मूल्यवान है। लोग जितना अधिक प्रेम के ठंडक देने वाले हाथों का स्पर्श पाते हैं, वह उतना ही खुश होते हैं और उस प्रेम की खुशी को औरों में बांटते हैं। समय के साथ-साथ हमारे द्वारा दूसरों को दिया गया यह प्रेम बर्फ की उस गेंद के समान है जो पहाड़ी से नीचे की ओर लुढ़कती हुए बड़ी और बड़ी होती जाती है और एक गतिशीलता से कार्य करती है। अर्थात हमारे अंदर प्रेम का विस्तार होना शुरू हो जाता है और यह प्रेम हमसे औरों में भी फैलता है। इस प्रकार धीरे-धीरे यह संसार प्रेम का एक ऐसा स्थान बन जाएगा, जहाँ हरेक की ज़िंदगी प्रेम, खुशी, आनंद और रोशनी से भरपूर होगी। हम ऐसी अवस्था को कैसे प्राप्त कर सकते हैं? जहाँ हम दूसरों से प्रेम चाहने की अपेक्षा उन्हें प्रेम दें। आध्यात्मिक मार्ग पर चलकर ही हम दूसरों के प्रति अपने अंदर प्रेम का विकास कर सकते हैं। इसके लिए हमें प्रतिदिन ध्यान-अभ्यास में समय देना होगा क्योंकि ध्यान-अभ्यास न सिर्फ हमारे मन को शांत करता है बल्कि यह हमारे भीतर प्रभु के प्रेम को भी जागृत करता है। जैसे-जैसे हम ध्यान-अभ्यास में तरक्की करते हैं तो हम प्रभु के प्रेम की मस्ती की धारा में हमेशा मग्न रहते हैं। जब हमारी आत्मा प्रभु-प्रेम की मस्ती की इस धारा में डुबकी लगाती है तो इसके द्वारा हमारी आत्मा इस शरीर से ऊपर उठकर अंतर के दिव्य-प्रेम और आनंद के मंडलों में उड़ान भरने लगती है और अंतर में प्रभु के प्रेम का अनुभव करती है क्योंकि प्रभु प्रेम है, हमारी आत्मा भी उनका अंश होने के नाते प्रेम है और प्रभु के पास वापिस जाने का मार्ग भी प्रेम ही है। जब हम ध्यान-अभ्यास से इस तरह के दिव्य-प्रेम का अनुभव करते हैं तब हम प्राकृतिक रूप से इसे दूसरों में फैलाते हैं। हम जहाँ कहीं भी जाएं, प्रेम के प्रकाश-स्तंभ बन जाते हैं। हम उस प्रेम को न केवल अपने परिवार, मित्रों और प्रियजनों में बांटते हैं बल्कि अजनबियों को भी लुटाते हैं। अंततः में हम पूरी दुनिया में प्रेम को फैलाने वाले प्रकाश-स्तंभ बन जाते हैं। ध्यान-अभ्यास द्वारा हम विश्व को दो महानतम उपहार प्रदान कर सकतेहैं। एक ह्यविश्व-प्रेमह्न दूसरा ह्यविश्व-शांतिह्न। ईसा मसीह यही चाहते थे कि उनके शिष्य सिर्फ उनका संदेश सुनें ही नहीं, बल्कि उसे अपने जीवन में भी ढालें। प्रभु के संदेश को बहुत से लोग सुनते हैं पर उनमें से बहुत कम लोग उसे समझते हैं और जो लोग उसे समझते हैं, उनमें से बहुत ही कम होते हैं जो उसे अपने जीवन में ढालते हैं। तो आईये! क्रिसमस के इस पावन त्यौहार पर हम ईसा मसीह की शिक्षाओं को अपने जीवन में ढालें। यदि हम ईसा मसीह की आज्ञाओं पर चलेंगे तो यकीनन सही मायनों में क्रिसमस मनाएंगे।

# अटल जी की विचारधारा देश के लिए प्रेरणा स्रोत : राजनाथ

प्रात : किरण संवाददाता






लखनऊ। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित अटल युवा महाकुंभ के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अटल जी के अद्वितीय व्यक्तित्व और उनके साथ जुड़ी स्मृतियों को साझा किया। इस अवसर पर उन्होंने अटल जी की महानता का स्मरण करते हुए प्रदेश के विकास में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि अटल जी का जीवन और विचारधारा आज भी प्रेरणा के स्रोत हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा, अटल जी का व्यक्तित्व इतना विराट था कि उनकी कार्यशैली और निर्णयों की पूरी दुनिया कायल थी। लखनऊ अटल जी के दिल में बसता था और यहां के लोग उन्हें उतनी ही गहराई से जानते और समझते थे। उन्होंने अटल जी के जीवन के अनेक प्रसंगों को याद करते हुए उनकी हाजिर जवाबी और सहजता का जिक्र किया।

रक्षा मंत्री ने पाकिस्तान दौरे के दौरान अटल जी के चर्चित जवाब को याद करते हुए कहा, एक महिला पत्रकार ने जब उनसे कहा कि मैं आपसे शादी करना चाहती हूं, बशर्ते आप मुझे मुंह दिखाई में कश्मीर दें, तो अटल जी ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, मैं तैयार हूं, अगर आप दहेज में पूरा पाकिस्तान दें। इस जवाब ने उनकी चतुराई और सहजता को पूरी दुनिया के सामने प्रस्तुत किया।

रक्षा मंत्री ने अटल जी के साथ अपने व्यक्तिगत अनुभवों को साझा करते हुए कहा, मुझे उनके साथ एक अभिभावक का स्नेह और मंत्रिमंडल में सहकर्मी के रूप में काम करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उनकी सरकार जब एक वोट से गिरी, तब उनके ऐतिहासिक भाषण ने लोकतंत्र और देशप्रेम की नई परिभाषा गढ़ी। उन्होंने कहा था, सरकारें आएंगी-जाएंगी, पार्टियां बनेंगी-बिगड़ेंगी, लेकिन यह देश और इसका लोकतंत्र अमर रहना चाहिए। यह उनकी दूरदर्शिता और सिद्धांतवाद का प्रमाण था।

कार्यक्रम में बच्चों द्वारा अटल जी के जीवन पर प्रस्तुत की गई झांकियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रक्षा मंत्री ने भरपूर सराहना की। उन्होंने इसे नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक बताते हुए कहा, अटल जी के विचार और योगदान आज भी युवाओं के लिए पथ प्रदर्शक हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा, आज उत्तर प्रदेश विकास के हर पैमाने पर देश के अन्य राज्यों से आगे खड़ा है। सीएम योगी के कुशल नेतृत्व और अथक प्रयासों से यूपी को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। यह प्रदेश अटल जी के सपनों का साकार रूप बनता जा रहा है।

## मुजफ्फरनगर में भूस्वामियों ने मजार को ध्वस्त किया, मामला दर्ज



मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर जिले के बुढ़ाना कस्बे के कांधला रोड पर भूस्वामियों द्वारा एक पुरानी मजार को ध्वस्त कर दिया गया। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि मामले में आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपियों में छोटा बाजार निवासी गुलजार उद्दीन, उसके भाई अगान और अमीर जिया तथा 10 से 15 अन्य लोग शामिल हैं। बुढ़ाना के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) गजेंद्र पाल सिंह ने संवाददाताओं को बताया, पुलिस ने शिकायत के आधार पर भूस्वामियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और तथ्यों का पता लगाने तथा उचित कानूनी कार्रवाई करने के लिए जांच जारी है। बुढ़ाना कस्बात निवासी पवनीश कुमार ने शिकायत में आरोप लगाया कि बुढाना-कांधला रोड पर सब्जी मंडी के पास सड़क के किनारे स्थित एक पीर की मजार को छोटा बाजार निवासी गुलजार उद्दीन, उसके भाई अगान तथा अमीर जिया ने 10-15 लोगों के साथ मिलकर तोड़ दिया। बुढाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। सिंह ने कहा कि पुलिस ने विस्तृत जांच और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## सुलतानपुर में लखनऊ-बलिया मार्ग पर ट्रैक्टर से टकराने से कार सवार युवक की मौत

सुलतानपुर। सुलतानपुर जिले के गोसाईगंज कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ-बलिया मार्ग पर चीनी मिल के पास सोमवार की रात एक ट्रैक्टर से टक्कर होने से कार सवार एक युवक की मौत हो गयी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। गोसाईगंज थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) अखिलेश सिंह ने बताया कि सोमवार की रात करीब पौने बारह बजे के आसपास गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के लखनऊ-बलिया मार्ग पर चीनी मिल के पास सड़क हादसा हुआ। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान प्रयागराज के अल्लापुर थाना अंतर्गत नेता चौराहा निवासी उदित कुमार सिंह (39) के रूप में हुई है। घटना का ब्यौरा देते हुए एसएचओ ने कहा कि एक ट्रैक्टर ट्रॉली कादीपुर की ओर जा रही थी, तभी पीछे से एक तेज रफ्तार कार सीधे ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराकर पलट गई। कार पर चालक समेत दो लोग सवार थे। टक्कर के बाद कार का गेट खुलने पर एक व्यक्ति ने तो कूदकर जान बचा ली लेकिन दूसरा व्यक्ति कार के अंदर ही फंसा रहा। उसके सिर के पीछे हिस्से में गंभीर चोटें आईं।

टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। एम्बुलेंस बुलाकर गंभीर रूप से घायल युवक को राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि घटना में पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## भाजपा ने किया दलितों और पिछड़ों को मिलने वाले अधिकारों का हमेशा विरोध: मौहम्मद हैदर



प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। आम आदमी पार्टी कार्यकताओं ने ने जिला मुख्यालय पर एकत्र होकर गृह मंत्री अमित शाह द्वारा भारतीय संसद में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर पर की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में जोरदार विरोध प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। इस दौरान उन्होंने कहा कि हाल ही में भारतीय संसद में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर जी पर अभद्र टिप्पणी कर घोर अपमान किया गया। जिसके कारण अंबेडकरवादियों और उनके करोड़ों समर्थकों सहित तमाम जाती धर्म के लोगों की भावनाओं पर गहरा आघात पहुंचा है। बाबा साहब डॉ. अंबेडकर ने भारतीय समाज को एक समानता का दृष्टिकोण दिया और संविधान के निर्माण में अपनी अमूल्य भूमिका निभाई। वे दलितों, पिछड़ों, और समाज के सभी शोषित वर्गों के लिए एक प्रेरणा स्रोत हैं। उनका सम्मान केवल एक व्यक्ति या समुदाय का नहीं, बल्कि सम्पूर्ण देश का सम्मान है। हमें गहरा दुख और चिंता है कि अमित शाह ने संसद के सदन में डॉ. अंबेडकर के योगदान को नकारते हुए उनके प्रति अपमानजनक टिप्पणी की। यह न केवल उनके योगदान को कम करने का प्रयास है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र और समाज के मूल्यों के खिलाफ भी है। ऐसी टिप्पणियाँ समाज में असंतोष और तनाव उत्पन्न कर सकती हैं, जो हमारी एकता और अखंडता के लिए हानिकारक हैं।इंजीनियर मोहम्मद हैदर ने कहा की हमारी मांग है महामहिम राष्ट्रपति इस मामले को गंभीरता से लेकर अमित शाह के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए, ताकि देशवासियों, विशेष रूप से अल्पसंख्यक समाज, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, और अन्य पिछड़े वर्गों के अधिकारों की रक्षा की जा सके। डॉ. अंबेडकर के योगदान और उनकी विचारधारा को सम्मानित किया जाए और ऐसे कृत्यों को किसी भी सूरत में सहन न किया जाए। हमें विश्वास है कि आप इस मुद्दे को संज्ञान में लेकर उचित कदम उठाकर महापुरुषों के सम्मान की रक्षा करेंगे। इस मौके पर जिला प्रभारी मोहम्मद आमिर, जिला सचिव रियाज अहमद, सदस्य प्रांत कमेटी अमर सिंह खागी, जिला संगठन मंत्री डॉक्टर नफीस अहमद, महिला जिला अध्यक्ष कविता का कांत, अर्पित शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी शाहिद हुसैन, राजीव यादव, तंजीम हुसैन, हुकुम सिंह खागी, फाजिल मंसूरी, मोहम्मद फरीद, विजय पाल जी, हर शरण सिंह, मोहम्मद जकी, मोहम्मद असलम, नूरुल हसन, मुंतज़िर अहमद, शाहिद अली, राजपाल सिंह, उमर खान, रविकांत, महबूब अली, ब्रह्मपाल सिंह, राजदीप, आदि कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों में बारिश और बदली से ठिठुरन बढ़ी

लखनऊ। पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बर्फवारी के बीच राजधानी लखनऊ और आसपास के जिलों में बारिश की फुहारों से ठंड बढ़ गयी है। पिछले एक सप्ताह से उत्तर प्रदेश के अधिसंख्य जिलों का तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया जा रहा था मगर सोमवार रात से बर्फीली हवाओं ने लोगों को सर से पांव तक गर्म कपड़ों में ढकने को विवश कर दिया था। देर रात हुयी हल्की वर्षा का दौर लखनऊ, कानपुर,उन्नाव,बाराबंकी समेत कई जिलों में जारी रहा।

आज सुबह बादलों से ढके आसमान और बर्फीली हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। मौसम विभाग ने हालांकि पहले ही 23 से 26 दिसंबर के बीच बारिश और तापमान में गिरावट का पूर्वानुमान व्यक्त किया था। मौसम विभाग के अनुसार बारिश और हवाओं के चलते आने वाले दिनों मे तापमान में और गिरावट होने का अनुमान है।

### मुनीब चौधरी की घातक गेंदबाजी से ऐपीएस 57 रन से जीती

गाजियाबाद । नेहरू नगर स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले जा रहे आठवां कार्पेडियम बीआर शर्मा ट्रॉफी में मंगलवार को ऐपीएस ने मुनीब चौधरी की घातक गेंदबाजी से नेशनल क्रिकेट एकेडमी को 57 रन से हरा दिया। मैन ऑफ द मैच बने मुनीब ने छह विकेट झटके। मंगलवार को खेले गए मैच में टॉस जीत पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लेते हुए ऐपीएस की टीम 37.4 ओवर में 229 रन बनाकर आउट हो गई। अनुराग सिंह ने 63 रन की पारी खेली। कल्याण ने 47, दिलशाद ने 39 रन बनाए।

भूपेश और आरुष को तीन तीन विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नेशनल क्रिकेट एकेडमी की शुरूआत खराब रही। लेकिन इसके बाद आयुष पांडे ने एक छोर संभाले हुए 80 रन बनाए लेकिन टीम को जीत दिला नहीं सके। देव ने 29 रन का योगदान दिया।ऐपीएस के गेंदबाज मुनीब चौधरी ने घातक गेंदबाजी करते हुए 19 रन देकर छह विकेट झटके।इसके लिए मुनीब को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## सपा, बसपा और कांग्रेस का ढोंग नहीं चलेगा, जनता सच्चाई समझ चुकी : केशव प्रसाद मौर्य

प्रात : किरण संवाददाता

लखनऊ। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को लेकर अमित शाह की कथित अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में विपक्षी दलों के आंदोलन-प्रदर्शन की घोषणा के बाद उप्र के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को कहा कि अब समाजवादी पार्टी (सपा), बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और कांग्रेस का यह ढोंग नहीं चलेगा क्योंकि जनता इनकी सच्चाई समझ चुकी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हाल में राज्यसभा में आंबेडकर को लेकर उनकी कथित अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस और बसपा ने मंगलवार को आंदोलन-प्रदर्शन की घोषणा की है।

इस बीच, सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में उप मुख्यमंत्री व भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता मौर्य ने कहा, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने अपना जीवन दलितों, पिछड़ों और वंचितों के अधिकारों के लिए समर्पित किया, लेकिन सपा, बसपा और कांग्रेस ने उनके विचारों का इस्तेमाल केवल वोटबैंक की राजनीति के लिए किया। उन्होंने कहा, करहल में दलित बेटी की हत्या और आंबेडकर जी की मूर्ति तोड़ने पर सपा की चुप्पी, बसपा का बार-बार रंग बदलना और कांग्रेस का घड़ियाली आंसू बहाना, इनके असली चरित्र को उजागर करता है। मौर्य ने इसी पोस्ट में कहा, जो लोग गृहमंत्री अमित शाह जी के बयान को तोड़-मरोड़कर नौटंकी कर रहे हैं, उन्हें पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए।

उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा, बाबा साहेब के आदर्शों का इन दलों ने बार-बार अपमान किया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा ने सबका साथ, सबका विकास के जरिए बाबा साहेब के सपनों को साकार करने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। अब सपा, बसपा और कांग्रेस का यह ढोंग नहीं चलेगा। जनता इनकी सच्चाई समझ चुकी है। इससे पहले, बसपा की प्रमुख मायावती ने सोमवार को एक्स पर अपील की थी, केंद्रीय गृहमंत्री से संसद में बाबा साहेब विरोधी टिप्पणी को वापस लेने की मांग को लेकर बसपा द्वारा मंगलवार को देश भर में जिला मुख्यालयों पर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने की सर्व समाज से अपील।

उन्होंने कहा, बाबा साहेब के नाम पर छलावे की राजनीति करने वालों से सावधान रहना जरूरी है।

कांग्रेस सांसद राकेश राठौर ने सोमवार को पत्रकारों से कहा था, हम बाबा साहेब और संविधान का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे।

उन्होंने कहा, हम तत्काल अमित शाह के इस्तीफे की मांग करते हैं। हम भाजपा के इस घटिया कृत्य के लिए वृहद स्तर पर इसका विरोध करेंगे।

राठौर ने कहा कि इसी क्रम में कांग्रेस मंगलवार को प्रदेश के सभी जिलों में बाबा साहेब आंबेडकर सम्मान मार्च का आयोजन करेगी एवं गांवों में चौपालों के माध्यम से भाजपा की दलित विरोधी सोच को उजागर किया जाएगा।

## मुजफ्फरनगर पुलिस ने पहचान ऐप लॉन्च किया, अपराध पर अंकुश लगाया जाएगा

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरनगर। अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस हाईटेक तकनीक का इस्तेमाल कर रही है। इसी क्रम में मुजफ्फरनगर पुलिस ने मंगलवार को पहचान ऐप लॉन्च किया। इसके माध्यम से अपराध पर अंकुश लगाया जाएगा। इस ऐप में अपराधियों का काला चिट्ठा भी होगा।

मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह ने पहचान ऐप लॉन्च किया। ऐप को एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत के नेतृत्व में कंप्यूटर ऑपरेटर सौरभ कुमार ने तैयार किया है। इसमें सभी अपराधियों से जुड़ी जानकारियां होगी, जो एक क्लिक पर सामने आएगी। जनपद के भूमाफिया, गैंगस्टर के अलावा जितने भी गैंग संचालित हैं, उनके सरगना और सदस्यों के नाम, इनाम की राशि और मुकदमे से जुड़ी जानकारियां भी हैं। टएसएसपी अभिषेक सिंह ने ऐप की लॉन्चिंग के दौरान पत्रकारों को जानकारी दी कि यह ऐप अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए काफी कारगर साबित होगा, जिसमें जनपद और आसपास के सभी अपराधियों की डिटेल्स हैं, जो एक क्लिक से सामने आ जाएगा। इसमें बड़े गैंग के सदस्यों के नाम, फोटो, सरगना के नाम, अपराध और कौन अपराधी किस तरह से अपराध को अंजाम देता है, उससे जुड़ी जानकारियां भी होगी। यह ऐप एसपी सिटी के नेतृत्व में कंप्यूटर ऑपरेटर ने बनाया है। यह तीन चरण में काम करता है। उन्होंने बताया कि ऐप में भूमाफिया, गैंगस्टर जैसे अपराधियों की पूरी हिस्ट्री है। उनकी पारिवारिक स्थिति की भी जानकारियां हैं। ऐप में 5,000 अपराधियों का डेटा भरा गया है। जिसे 70 प्रतिशत तक वेरिफाई किया जा चुका है। ऐप के लिए कंप्यूटर ऑपरेटर को 5,000 रुपए पुरस्कार दिया गया है। इस ऐप को कांस्टेबल लेवल तक डाउनलोड करवाया जा चुका है।

## रमेश चौहान को सुभासपा किसान प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष नियुक्त



प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला कार्यालय में एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने रमेश चौहान को सुभासपा किसान प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने बताया कि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रति रमेश चौहान की श्रद्धा को देखते हुए उन्हें सुभासपा किसान प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी सौंपी है। आशा जताई है कि वह पार्टी को मजबूत करेंगे। नवनियुक्त सुभासपा किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रमेश चौहान ने जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर का आभार व्यक्त करते हुए पार्टी को हर तरह से मजबूत करने की बात कही। उन्होंने कहा कि वह पार्टी के प्रत्येक अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। सुभासपा की रीति-नीति को जन-जन तक पहुँचाने का काम करेंगे। इस दौरान जसवीर सिंह चौहान, रमेश सिंह चौहान, पदम सिंह, राकेश देवी, अंकित, सोनू, सौरभ, इस्लामुद्दीन आदि पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## आंबेडकर के कथित अपमान के खिलाफ बसपा कार्यकताओं का प्रदर्शन, शाह के इस्तीफे की मांग की



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के कार्यकर्ताओं ने डॉ. भीम राव आंबेडकर के संबंध में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की टिप्पणी के विरोध में मंगलवार को प्रदर्शन किया और उनके पद से इस्तीफे की मांग की। बसपा प्रमुख मायावती ने सोमवार को एक्स पर कहा था कि केंद्रीय गृहमंत्री की टिप्पणी के संदर्भ में उनकी पार्टी मंगलवार को देशभर के जिला मुख्यालयों पर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करेगी। उन्होंने इसे सफल बनाने की सर्व समाज से अपील भी की थी। बसपा प्रमुख के आह्वान पर उप्र के जिला मुख्यालयों पर मंगलवार को बसपा कार्यकर्ताओं ने शाह के खिलाफ प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने उप्र की राजधानी लखनऊ सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में विरोध प्रदर्शन किये। यहां हजरतगंज इलाके में आंबेडकर की प्रतिमा के सामने बसपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया और शाह के इस्तीफे की मांग की। नीले झंडे के साथ हाथों में तख्तियां लिये बसपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि शाह माफी मांगें या इस्तीफा दें। उनकी तख्तियों पर आंबेडकर के सम्मान में, बसपा मैदान में और गृहमंत्री अमित शाह, इस्तीफा दें जैसे नारे लिखे थे। बसपा के लखनऊ जोन के पूर्व संयोजक सजीवन लाल ने कहा कि यह विरोध-प्रदर्शन गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संसद में दिए गए उस बयान के जवाब में मायावती के आह्वान पर आयोजित किया गया है, जिसमें बाबासाहब का अपमान किया गया है। लाल ने कहा, हम अमित शाह के खिलाफ कार्रवाई और उनके इस्तीफे की मांग को लेकर यह प्रदर्शन कर रहे हैं।उन्होंने प्रशासन पर कार्यकर्ताओं को विरोध-प्रदर्शन से रोकने का आरोप लगाते हुए कहा, हम जहां भी हैं, अपना विरोध जारी रखेंगे। हम शांतिपूर्ण मार्च निकालेंगे और लखनऊ के जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे।

बसपा नेताओं का कहना है कि इस ज्ञापन के जरिये वे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से अपील करेंगे कि गृहमंत्री को मंत्रिमंडल से तुरंत बर्खास्त किया जाए। औरैया, जालौन, वाराणसी, उन्नाव, फिरोजाबाद समेत राज्य के विभिन्न जिलों में भी इसी तरह के विरोध-प्रदर्शन हुए। पिछले मंगलवार को संविधान पर राज्यसभा में बहस का जवाब देते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा था, अभी एक फैशन बन गया है आंबेडकर, आंबेडकर, । इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। शाह के इस बयान के लिए विपक्षी दलों के नेताओं ने उनकी तीखी आलोचना की है।

# लखनऊ के बैंक में हुई लूट में शामिल दो आरोपी मुठभेड़ में मारे गए: उत्तर प्रदेश पुलिस

प्रात : किरण संवाददाता



गाजीपुर/लखनऊ। लखनऊ में इंडियन ओवरसीज बैंक की चिनहट शाखा में हुई लूट में कथित रूप से संलिप्त दो अपराधी लखनऊ और गाजीपुर पुलिस के साथ अलग-अलग मुठभेड़ में मारे गए। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि लखनऊ में किसान पथ के पास पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में सोबिंद कुमार (26) मारा गया, जबकि एक अलग मुठभेड़ में गाजीपुर पुलिस तथा स्वाट (स्पेशल वेपन्स एंड टैक्टिस) निगरानी टीम ने सनी दयाल (28) को मार गिराया। लखनऊ के चिनहट के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) राधा रमण सिंह ने बताया कि बिहार का मूल निवासी सोबिंद कुमार, बैंक लूट में वांछित संदिग्धों में से एक था। अपर पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) अमिताभ यश ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि सोमवार देर रात करीब पौने 12 बजे जब लखनऊ के चिनहट थाने और अपराध शाखा की पुलिस जलसेतु चौकी के पास नियमित जांच कर रही थी तो उसने एक कार को रुकने का इशारा किया लेकिन कार सवारों ने पुलिस दल पर गोलियां चला दीं।

उन्होंने बताया कि पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से एक बदमाश गंभीर रूप से घायल हो गया और दूसरा बदमाश भाग गया। बयान में कहा गया कि घायल बदमाश को चिनहट के सामुदायिक स्वा स्थ्भा केन्द्रह में भर्ती कराया और बाद में लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बयान में कहा गया कि उसके पास से मिली डायरी से बदमाश की पहचान सोबिंद कुमार के रूप में हुई जिस पर इनाम घोषित था। अमिताभ यश ने बयान में कहा कि सोबिंद के पास से एक पिस्तौल, कारतूस, एक कार में कुछ नकदी तथा सोना-चांदी बरामद किए गए और फरार बदमाश की तलाश की जा रही है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार द्वारा जारी बयान के अनुसार मंगलवार को गाजीपुर जिले की स्वाट निगरानी टीम तथा थाना गहमर पुलिस के संयुक्त दल ने 25 हजार रुपये के इनामी अपराधी दयाल को मुठभेड़ में मार गिराया और उसके पास से एक पिस्तौल और 35,500 रुपये बरामद किए गए। पुलिस ने बताया कि उसने बारा पुलिस चौकी के पास नियमित जांच के दौरान मोटरसाइकिल सवार दो लोगों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन संदिग्धों ने बिहार सीमा की ओर भागने की कोशिश की।

उसने बताया कि पीछा करने पर संदिग्धों को कुतुबपुर के पास रोका गया जहां उन्होंने अपनी गाड़ी छोड़ दी और पुलिस पर गोलियां चलाना शुरू कर दिया। डीजीपी ने कहा, जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से सनी दयाल गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दूसरा संदिग्ध भाग गया। सनी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया और बाद में गाजीपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इंडियन ओवरसीज बैंक की चिनहट शाखा में रविवार को लूट का मामला सामने आया था। शाखा प्रबंधक संदीप सिंह ने बताया कि अपराधी बगल के खाली भूखंड की तरफ से दीवार तोड़कर बैंक में घुसे और करीब 40 लॉकर से सामान लूटकर ले गए। इसके बाद इंडियन ओवरसीज बैंक ने एक बयान में कहा था, लूट की दुर्भाग्यपूर्ण घटना की जानकारी है। यह घटना लखनऊ में हमारी चिनहट शाखा में पर्याप्त सुरक्षा उपायों के बावजूद हुई। हम अधिकारियों को उनकी जांच में सहयोग करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। इसके पहले सोमवार को पुलिस ने लूट में शामिल तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया था जिनकी पहचान अरविंद कुमार (घायल), बलराम और कैलाश के रूप में हुई। ये सभी बिहार के रहने वाले हैं और उन्हें लौलाई गांव के पास से पकड़ा गया। सोबिंद कुमार, सन्नी दयाल, मिथुन कुमार और विपिन कुमार वर्मा सहित चार साथी शुरू में भागने में सफल रहे थे।

## संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के सम्मान में कांग्रेसियों ने निकाला मार्च

- बाबा साहब का अपमान करने वाले देश के गृहमंत्री अमित शाह को तुरंत बर्दाश्त किया जाए

प्रात : किरण संवाददाता



अमरोहा। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी द्वारा कार्यवाहक जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया एवं कार्यवाहक शहर तक फैज आलम रायनी के संयुक्त नेतृत्व में बाबा साहब के सम्मान में बाबा साहब सम्मान मार्च अमरोहा शहर में स्थित अंबेडकर पार्क से बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके उनको नमन करके शुरू किया गया जिसे उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की पुलिस ने जो पूरी तरह बाबा साहब के विरोधी हैं पूरी उत्तर प्रदेश सरकार बाबा साहब की विरोधी है बाबा साहब के अपमान में शामिल है बाबा साहब के अपमान करने वालों को बचा रही है बाबा साहब के सम्मान मार्च को पुलिस ने जबरदस्ती बल प्रयोग करके लोकतंत्र और प्रजातंत्र की हत्या करके संवैधानिक मूल्यों का हनन करके वेरीगेटिंग लगाकर रस्सियाँ बांधकर बल प्रयोग करके रोक दिया इससे यह सिद्ध होता है कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार भी पूरी तरह बाबा साहब की विरोधी है बाबा साहब के सम्मान में जो कांग्रेस पार्टी मार्च निकाल रही है उसको रोक कर यह सिद्ध कर दिया है उत्तर प्रदेश की योगी सरकार भी बाबा साहब का सम्मान नहीं करती कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता मार्च रोकने से नाराज होकर वहीं धरने पर बैठ गए और अमित शाह माफी मांगो अमित शाह को बर्खास्त करो बाबा साहब का यह अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान यह नारे लगाते रहे धरना स्थल पर ही अमित शाह की बर्खास्त की मांग को लेकर महामहीम राष्ट्रपति महोदया के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में धरना स्थल पर पहुंचे उप जिलाअधिकारी सुधीर कुमार को सौंपा गया। जिसमें बाबा साहब का अपमान करने वाले देश के गृहमंत्री अमित शाह को तुरंत बर्खास्त किया जाने की माँग की गई। बाद में कांग्रेस के पदाधिकारी ने गांधी मूर्ति पर जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के प्रतिमा को नमन किया और माल्यार्पण किया। इस अवसर कार्यवाहक जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने कहा कि आज का मार्च सामान्य मार्च नहीं था यह एक महापुरुष के सम्मान के लिए मार्च था जिसने भारत को संविधान दिया हमें समानता का अधिकार दिया यह मार्च दलितों पिछड़ों गरीबों शोषितों वंचितों को हक और सम्मान दिलाने वाले इन वर्गों के मसीहा बाबा साहब के सम्मान के लिए है।

17 दिसंबर 2024 को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भारत रत्न प्राप्त बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के बारे में राज्यसभा में बेहद आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणी की है यह टिप्पणियां न केवल भारत के महानतम नेताओं में से एक आदित्य विरासत का अपमान है बल्कि उन करोड़ों भारतीयों का भी घोर अपमान है जो उन्हें भारतीय संविधान के निमार्ता और सामाजिक न्याय के प्रेरणा स्रोत के रूप में पूजते हैं एक संवैधानिक पदाधिकारी द्वारा इस तरह के बयान बेहद अपमानजनक है जो हमारे गणतंत्र की नीम को कमजोर करने का एक खतरनाक प्रयास है बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की समानता न्याय और हमारे संविधान में निहित लोकतांत्रिक सिद्धांतों के प्रतीक हैं उनके नाम को कलंकित करने का कोई भी प्रयास इन मूल्यों का अपमान है और हमारे राष्ट्र की सामाजिक सद्भाव के लिए खतरा है मोदी जी की सरकार और बीजेपी बाबा साहब के संविधान को बदलना चाहती है बाबा साहब का अपमान कर रही है जो हम भारत के लोग और कांग्रेस के लोग किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के खिलाफ इस तरह की अपमानजनक टिप्पणी उनकी मानसिकता को दशार्ती है यह मनुवादी लोग किसी भी कीमत पर नहीं चाहते कि हम दलित वर्ग और ओबीसी वर्ग के लोग संवैधानिक पदों पर पहुंचे यह लगातार षड्यंत्र रच रहे हैं बाबा साहब के संविधान को बदलने का पर कांग्रेस पार्टी और हमारे नेता आदरणीय जननायक आदरणीय श्री राहुल गांधी जी और पूरी कांग्रेस पार्टी संविधान की रक्षा के लिए और बाबा साहब के सम्मान के लिए संकल्पित है हम बाबा साहब के अपमान पर चुप नहीं बैठेंगे सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेंगे। इस मौके पर ओंकार सिंह कटारिया, फैज आलम रायनी,चौधरी सुखराज सिंह, राजकुमार अरुण, आसीम हुसैन साबरी, शाहिद सिद्दीकी खेड़ी, चौधरी नरेंद्र सिंह, अब्दुल सत्तर सैफी, सचिन चौहान, ओम प्रकाश पवार, हरिओम पुष्कर, अकरम अली मलिक, हरस्वरूप प्रधान, हाजी खुर्शीद अनवर, मानव त्यागी, अली इमाम रिजवी, जीशान अली, तालिब इदरीसी, इकबाल अंसारी, आबिद खान, नरेश जाटव, शेर सिंह जाटव, दीपक जाटव, आफाक खान, डॉक्टर मुशर्रफ खान,यासिर अंसारी, राजा हुसैन, समीम अब्बासी, वासीद बरसी, नाजिम अली चौधरी आदि सैकड़ो कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नोएडा में गैर कानूनी कार्यों में लिप्त 26 शातिर बदमाश गिरफ्तार, अवैध हथियार व मादक पदार्थ बरामद

प्रात: किरण, संवाददाता

नोएडा, । जनपद गौतमबुद्ध नगर के नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में सक्रिय होकर विभिन्न अपराधों को अंजाम 26 शातिर बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन बदमाशों के कब्जे से भरी मात्रा में असलहा, मादक प्रदार्थ सहित अन्य सामान पुलिस ने बरामद किया है। जानकारी के अनुसार थाना कासना पुलिस गोपनीय सूचना के आधार पर अवैध असलाह के साथ अरूण पुत्र हरिकिशन को थाना क्षेत्र के घंघौला से चिरसी जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा मय जिन्दा कारतूस बरामद किया गया है। अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो पूर्व में भी जेल जा चुका है। थाना सूरजपुर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित शातिर अभियुक्त वीशू उर्फ बंटी त्यागी पुत्र जितेन्द्र त्यागी को उसके निवास स्थान से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त वीशू अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर गैंग बनाकर लूट करके अवैध रूप से धन अर्जित करने का अपराध करता है। इसी थाने की पुलिस ने गांजा की तस्करी



करने वाले एक अभियुक्त नेमवीर सिंह पुत्र उदयवीर सिंह को थाना क्षेत्र के एलजी कम्पनी के पास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से 2 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है। थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने सुभाष नामक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से 29 पाउच देशी शराब बरामद किया है। थाना कासना पुलिस ने अरुण पुत्र हरिकिशन को गिरफ्तार देसी तमंचा और कारतूस बरामद किया है। थाना जारचा पुलिस ने शाहरुख से 25 पव्वा तथा पुष्पेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर 30 पव्वा शराब बरामद किया है। थाना दादरी पुलिस ने समीर नामक युवक से 72 पव्वा तथा अमन शर्मा को गिरफ्तार कर 74 पव्वा हरियाणा मार्का शराब बरामद किया है। थाना फेस-वन पुलिस ने इरफान को गिरफ्तार कर उसके पास से एक चाकू बरामद किया है। थाना फेस-3 पुलिस ने नुसरत अली को गिरफ्तार कर उसके पास से 20 पव्वा शराब तथा थाना बिसरख पुलिस ने सूरज को गिरफ्तार कर उसके पास से 53 पव्वा शराब बरामद किया है। थाना बादलपुर पुलिस ने राहुल सिंह को गिरफ्तार कर एक चाकू, प्रवीण पुत्र सोमपाल को के पास से एक देसी तमंचा और कारतूस, मनोज पुत्र रघुनाथ सिंह को गिरफ्तार कर एक चाकू बरामद किया है। थाना बिसरख पुलिस ने एक सूचना के आधार पर विक्की पुत्र राजेंद्र से एक देसी तमंचा व कारतूस, माइकल नामक व्यक्ति से एक देसी तमंचा तथा राजू शर्मा को गिरफ्तार कर अवैध गांजा बरामद किया है। थाना फेस-2 पुलिस ने विशाल पाठक को 40 पव्वा देसी शराब, नकूल पुत्र रामनरेश से चाकू तथा सुमित गुप्ता से एक मोटरसाइकिल और अवैध हथियार और सचिन से एक चाकू बरामद किया है। थाना सेक्टर-63 पुलिस ने ऋतिक और एक बाल अपचारी से देसी तमंचा व कारतूस, संदीप पुत्र उत्तम से 740 ग्राम गांजा तथा पवन शर्मा को गिरफ्तार कर उसके पास से 40 पव्वा देसी शराब बरामद किया है। थाना एक्सप्रेसवे पुलिस ने शंकरपाल पुत्र रघु से देसी तमंचा व कारतूस बरामद किया है। थाना सेक्टर-24 पुलिस ने एक सूचना के आधार पर साहिल को गिरफ्तार कर 29 पव्वा देसी शराब बरामद हुआ है। थाना बीटा-दो पुलिस ने जुबेर नामक युवक से 45 पव्वा कैटरीना देसी शराब बरामद किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### गैंगस्टर में वांछित लुटेरा गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा, । सूरजपुर पुलिस ने गैंगस्टर में वांछित बदमाश को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान वीशू उर्फ बंटी त्यागी निवासी रोजा याकूबपुर ग्रेनो वेस्ट के रूप में हुई। वह अपने साथियों के साथ मिलकर दिल्ली-एनसीआर में लूटपाट करता था। पुलिस ने दो दिन पहले उसके एक साथी को गिरफ्तार किया था। एक सप्ताह पूर्व दोनों के खिलाफ गैंगस्टर ऐक्ट में कार्रवाई की गई थी। पुलिस इस गिरोह में शामिल फरार बदमाशों की तलाश में जुटी है।

### अधिक रेट पर शराब बेचने पकड़े

ग्रेटर नोएडा, । आबकारी विभाग ने प्रिंट रेट से अधिक दाम पर शराब बेचने वाले दो और सेल्समैन को पकड़ा। उनके खिलाफ सूरजपुर कोतवाली में केस दर्ज कराया गया है। दोनों ने शराब की बोतल पर प्रिंट रेट से 10 रुपये अधिक वसूले थे। आबकारी निरीक्षक चंद्रशेखर ने बताया कि सोमवार की रात टीम के साथ गोपनीय तरीके से प्रिंट रेट से अधिक दाम पर शराब बिक्री की जांच की गई। सूरजपुर स्थित शराब की दुकान पर ग्राहक को शराब की बोतल खरीदने के लिए भेजा गया। इस दौरान सेल्समैन हिमांशु जायसवाल ने एक बोतल पर 10 रुपये अधिक वसूले गए। टीम ने उसको पकड़ लिया। सूरजपुर स्थित शराब की दूसरी दुकान पर भी जांच की गई। यहां सेल्समैन राहुल ने शराब की बोतल पर 10 रुपये अधिक वसूले। टीम ने उसे भी पकड़ लिया। इन दोनों के खिलाफ सूरजपुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

### लिफ्ट में 10 मिनट तक फंसा रहा युवक

ग्रेटर नोएडा, । ग्रेनो वेस्ट स्थित ग्रीन आर्क सोसाइटी में मंगलवार दोपहर को लाइट जाने से बंद हुई लिफ्ट में एक युवक 10 मिनट तक फंसा रहा। आरोप है कि इमरजेंसी नंबर पर कॉल करने के बाद भी कोई मदद के लिए नहीं आया। सुरक्षाकर्मी को कॉल करने के बाद उसे लिफ्ट से बाहर निकाला गया। सोसाइटी में हिमांशु अपने परिवार के साथ रहते हैं। वह मंगलवार दोपहर 12 बजे ग्राउंड फ्लोर से ऊपर 21वीं मंजिल पर जाने के लिए लिफ्ट में सवार हुए। लाइट जाने के कारण लिफ्ट तीसरी मंजिल पर बंद हो गई। थोड़ी देर बाद ही लाइट आ गई, लेकिन लिफ्ट का गेट नहीं खुला। आरोप है कि लिफ्ट का गेट नहीं खोला तो उन्होंने इमरजेंसी अलार्म बजाया। उन्होंने लिफ्ट में लगे इमरजेंसी नंबर पर भी कॉल किया, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। इसके बाद उन्होंने गेट पर तैनात सुरक्षाकर्मी को कॉल किया और लिफ्ट फंसने की सूचना दी। इसके बाद मेंटेनेंस टीम के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और उन्हें सुरक्षित लिफ्ट से बाहर निकाला। हिमांशु ने बताया कि सोसाइटी के कई टावर में लिफ्ट खराब है। उनके के टावर में दूसरी लिफ्ट बंद पड़ी है। लोग एक लिफ्ट का ही इस्तेमाल करते हैं। जी टावर में भी एक लिफ्ट बंद है। लोगों का आरोप है कि प्रबंधन द्वारा सोसाइटी का रखरखाव ठीक से नहीं किया जा रहा है। ऐसे में लोगों को सुरक्षा की चिंता सता रही है।

### फरीदाबाद में 30 वर्षीय युवक पेड़ से लटका मिला

फरीदाबाद, । फरीदाबाद में मंगलवार को बाटा चौक के समीप जंगलों में एक पेड़ से 30 वर्षीय युवक का शव लटका मिला। घटना मुजेसर गांव इलाके के पास की है। मृतक की पहचान जवाहर कॉलोनी के रहने वाले वेदपाल के रूप में हुई है। वेदपाल के एक रिश्तेदार दिलीप ने बताया कि वह नशा करने का आदी था जैसा कि उसकी पत्न ी ने उन्हें बताया है। उनकी पत्न ी से उनकी बात हुई थी तो उसने बताया था कि अक्सर वेदपाल नशा करके दो-तीन दिन घर नहीं आता था जिसके चलते उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस में भी नहीं कराई थी। आज उन्हें सूचना मिली कि उसके पति का पेट से लटका हुआ शव मुजेसर के जंगलों में है। इसकी जानकारी उसे पुलिस ने दी थी। दलीप ने बताया कि मृतक वेदपाल के पांच बच्चे हैं। वह चाहते हैं कि पुलिस इसकी बारीकी से जांच करें ताकि यह पता लगाया जा सके की ये हत्या है या आत्महत्या। वहीं इस मामले में जांच अधिकारी सतपाल ने बताया कि प्रथम दृष्टि से यह आत्महत्या लग रही है लेकिन फिर भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही खुलासा हो पाएगा की हत्या है या आत्महत्या। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# नेहरू नहीं चाहते थे कि आंबेडकर संविधान सभा का हिस्सा बन बाबासाहेब को लेकर उट योगी का कांग्रेस पर जोरदार हमला

प्रात: किरण, संवाददाता

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर दलितों और वंचितों के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास तुष्टीकरण के आधार पर दलितों और वंचितों को उनके अधिकारों से वंचित करने का रहा है। सीएम योगी ने जवाहर लाल नेहरू पर भी निशाना साधा और कहा कि वे नहीं चाहते थे कि बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर संविधान सभा का हिस्सा बनें। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा से ही तुष्टिकरण की राजनीति की है। (तस्वीर जागरण) जागरण संवाददाता, लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लखनऊ बीजेपी कार्यालय में पत्रकारों के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। सीएम ने कहा, ह्यकांग्रेस का इतिहास देश में दलितों और वंचितों का अपमान करने का रहा है। कांग्रेस का इतिहास तुष्टीकरण के आधार पर दलितों और वंचितों को उनके अधिकारों से पूरी



तरह रोकने की चेष्टा का हिस्सा रहा है। सीएम ने कहा,तुष्टीकरण के आधार पर देश को विभाजन की कगार पर पहुंचाने का काम कांग्रेस ने किया। जवाहर लाल नेहरू नहीं चाहते थे कि बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर संविधान सभा का हिस्सा बनें। यह विडियो भी देखें सीएम योगी ने कहा, ह्यये (कांग्रेस) समाज को विभाजित करने के लिए राजनीति करना चाहती है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आधे अधूरे बयान को मीडिया के सामने प्रस्तुत करके राजनीतिक रोटियां इनके (कांग्रेस) द्वारा सेंकी जा रही हैं। बाबासाहेब को कांग्रेस ने ही चुनाव हराया था- सीएम सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस ने ही बाबासाहेब को चुनाव हराया था। कांग्रेस नहीं चाहती थी कि बाबासाहेब लोकसभा में जाएं। कांग्रेस ने कभी भी उनका स्मारक नहीं बनने दिया। यूपीए सरकार के प्रधानमंत्री ने भी कहा था कि देश के संसाधन पर पहला अधिकार मुसलमान का है। योगी ने पूछा कि क्या वंचित-दलित का नहीं है? कांग्रेस जैसा इतिहास ही सपा का भी है। कन्नौज में आंबेडकर के नाम पर बने मेडिकल कालेज से उनका नाम हटा दिया। सहारनपुर मेडिकल कालेज से उनका नाम हटा दिया गया। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान शिल्पी के रूप में भारतवासी बाबा साहेब का सम्मान करते हैं। उनके सपनों का भारत बनाने के लिए भाजपा ने ईमानदारी से काम किया है। कांग्रेस ने बाबासाहेब को कभी सम्मानित नहीं किया- सीएम सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार, सभी ने बाबा साहेब को सम्मान देकर उनके प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव रखा है। बाबा साहेब से जुड़े स्थलों को पंच तीर्थ बनाकर उनकी स्मृति को सदैव के लिए जीवंत बनाया है। एनडीए सरकार में दलित और वंचित सरकार की योजना का हिस्सा बने हैं। डबल इंजन की सरकार में शौचालय, पीएम आवास, निश्शुल्क राशन, आयुष्मान योजना सहित सभी में दलित वर्ग को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास दलितों और वंचितों के अपमान का रहा है। कांग्रेस ने तुष्टिकरण के आधार पर देश को विभाजन के कतार पर पहुंचने का कार्य भी किया है।

## फरीदाबाद : गृहमंत्री के विरोध में कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

फरीदाबाद, । संसद में गृहमंत्री द्वारा डॉ अम्बेडकर पर की गई टिप्पणी के विरोध में मंगलवार को फरीदाबाद के कांग्रेसी नेताओं ने पृथला विधानसभा से कांग्रेस विधायक रघुवीर सिंह तेवतिया के नेतृत्व में प्रदर्शन करते हुए जिला उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि डॉ. अम्बेडकर का अपमान करने पर गृहमंत्री अमित शाह पूरे देश से माफी मांगे और अपने पद से इस्तीफा दें। इस मौके पर कांग्रेस विधायक रघुवीर सिंह तेवतिया ने कहा कि देश के गृहमंत्री अमित शाह ने भरी संसद में बाबा साहेब डॉ अंबेडकर का अपमान किया है। जिसके चलते कांग्रेस पूरे देश और प्रदेश में विरोध प्रदर्शन कर रही है और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब संविधान के निमार्ता हैं उनका अपमान देश बिल्कुल नही सहेगा। गृहमंत्री अमित शाह से पूरे देश माफी माँगे और अपने पद से इस्तीफा दें। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय प्रताप ने कहा कि देश के गृहमंत्री अमित शाह का बाबा साहेब के प्रति संसद में की गई टिप्पणी पूरी तरह से निंदनीय है।

# 30 दिसंबर को जीरो पॉइंट पर तो 7 जनवरी को देश भर में होगी किसान संगठनों की पंचायत

नोएडा, । भारतीय किसान यूनियन के साथ-साथ अन्य संगठनों ने यह फैसला लिया है कि 30 दिसंबर को ग्रेटर नोएडा के जीरो पॉइंट पर पंचायत की जाएगी। वहीं 7 जनवरी को देशभर में अलग-अलग जगह पर पंचायत की जाएगी और इस पंचायत में सरकार की नीतियों के साथ-साथ गौतम बुद्ध नगर में किसानों के आंदोलन पर चर्चा होगी। 7 जनवरी को होने वाली महापंचायत सभी जिले के मुख्यालय में होगी और उसके बाद राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा जाएगा। यह फैसला किसान दिवस और मासिक पंचायत में लिया गया है। दरअसल किसान दिवस और मासिक पंचायत में क्षेत्रीय किसानों के साथ-साथ पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया था। इसमें राष्ट्रीय कार्यकारिणी की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें मंडल जनपदों व प्रदेश से पहुंचे पदाधिकारियों के साथ भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत भी उपस्थित रहे। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने कहा कि आज देश का किसान संकट के दौर से गुजर रहा है प्रदेश की सरकार के द्वारा किसानों को बिजली दिन में देकर कुछ कार्य अच्छे भी किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने एकमुश्त समाधान योजना लागू की जिसका फायदा प्रदेश के किसान को पहुंचेगा। हम प्रदेश के मुखिया से कहना चाहते हैं कि गन्ने का आधा सीजन निकल चुका है लेकिन अभी तक भाव घोषित नहीं हुआ। सरकार बढ़ती हुई महंगाई को देखते हुए गन्ने का भाव 500 प्रति क्विंटल घोषित करें। वहीं भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि हम सरकार की गलत नीतियों का पुरजोर तरीके से विरोध करेंगे। सरकार नए-नए कानून लाकर किसानों के हक व अधिकार पर प्रहार करने का काम कर रही है। भूमि अधिग्रहण को लेकर गौतम बुद्ध नगर का किसान धरना प्रदर्शन कर रहा था। जिसे सरकार ने उठाकर जेल में बंद कर दिया। हम 30 दिसंबर को गौतम बुद्धनगर में जीरो पॉइंट पर पंचायत आयोजित करेंगे। उन्होंने कहा कि देश का किसान एमएसपी गारंटी कानून सहित सभी मांगों को लेकर 10 माह से भी अधिक समय से खनोरी व शंभू बॉर्डर पर आंदोलन कर रहा है। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल पिछले 28 दिनों से आमरण अनशन पर हैं, लेकिन सरकार उनकी बात मानने को राजी नहीं है। इन्हीं सभी विषयों को लेकर भारतीय किसान यूनियन 7 जनवरी 2025 को देशभर में जिला मुख्यालयों पर पंचायत कर राष्ट्रपति के नाम अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपेंगी साथ ही हम देश भर में पंचायते करेंगें।

# जन्मदिन पार्टी में पिस्तौल लहराने का आरोपी गिरफ्तार



नोएडा, । सेक्टर-49 पुलिस ने जन्मदिन पार्टी में पिस्तौल लहराने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर यह कार्रवाई की गई। आरोपी की पहचान बरेली निवासी आशुतोष गोले उर्फ रिंकू के रूप में हुई। पुलिस की ओर से आरोपी के हाथ में जो पिस्तौल थी, उसके लाइसेंस के निरस्तीकरण की कार्रवाई भी की जा रही है। आरोपी अपने दोस्त संदीप शर्मा की पिस्तौल पार्टी में लहरा रहा था। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने संदीप शर्मा से भी पूछताछ की थी। पुलिस का दावा है कि वायरल वीडियो में आरोपी पिस्तौल को बस लहरा रहा था। उसने फायरिंग नहीं की थी। छह सेकेंड के वायरल वीडियो में यूजर ने नोएडा पुलिस के अधिकारियों को टैग कर आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में एक युवक दो-तीन लोगों के साथ डांस कर रहा था। पीछे से गाने की आवाज आ रही है और युवक पिस्तौल लहराता हुआ दिखाई दे रहा था। वीडियो में युवक पिस्तौल सीधी कर फायरिंग करने का प्रयास करता दिख रहा था। जिस पार्टी में आरोपी ने पिस्तौल लहराई, वह उसके भाई की जन्मदिन पार्टी थी। वीडियो को सोशल मीडिया पर 100 से अधिक लोगों ने साझा किया था।

# अटल जी के प्रति देश-प्रदेश के अनुराग और प्रेम को व्यक्त करते हैं युवा कुंभ जैसे आयोजन : सीएम योगी

प्रात: किरण, संवाददाता

लखनऊ, । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि युवा कुंभ जैसे आयोजन भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहार वाजपेयी के प्रति देश-प्रदेश के अनुराग व प्रेम को व्यक्त करते हैं। यहां के जनप्रतिनिधियों ने अटल जी की स्मृति को जीवंत बनाए रखने के लिए सभी संस्थाओं को एक मंच दिया है। युवा कुंभ उन स्मृतियों को ताजा कर रहा है, जो भारत की सनातन धर्म की परंपरा में कुंभ के आयोजन के साथ जुड़ती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षा मंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह के साथ मंगलवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में अटल युवा महाकुंभ का शुभारंभ किया। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष पर ह्यकदम से कदम मिलाकर चलना होगा थीम पर यह आयोजन हुआ। सीएम और रक्षा मंत्री ने बच्चों को दुलारा-पुचकारा और चॉकलेट बांटी। निबंध व भाषण प्रतियोगिता के बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। सीएम योगी ने कहा कि कुंभ भारत की पहचान है। सनातन व आध्यात्मिक



ऊर्जा की अनुभूति का समागम है, उस महासमागम का जो दृश्य 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में दिखेगा, उसकी झांकी आज यहां देखने को मिल रही है। सीएम योगी ने अटल बिहारी वाजपेयी की कविता ह्यकदम मिलाकर चलना होगाह्ण सुनाई और कहा कि इस युवा कुंभ ने अटल जी की स्मृतियों को ताजा किया है। उन्होंने कहा कि मैंने सुबह आयोजकों को फोन कर पूछा कि कार्यक्रम होगा, तो बताया गया कि यह युवा ऊर्जा का प्रतीक कार्यक्रम है। कार्यक्रम भव्यता से होगा। वास्तव में, आज मौसम की परवाह किए बिना बच्चों ने अटल जी की स्मृतियों को याद किया है। बुधवार को अटल जी का जन्म शताब्दी वर्ष है और आज उसका शुभारंभ इतनी भव्यता से हो रहा है। सीएम योगी ने प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को बधाई दी। प्रतिभागी बच्चों को शुभकामना देते हुए उन्होंने कहा कि कदम मिलाकर चलेंगे तो लक्ष्य प्राप्त होगा। इसके साथ ही सीएम योगी ने आयोजन में शामिल सभी संस्थाओं को भी साधुवाद दिया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधान परिषद सदस्य डॉ. महेंद्र सिंह, इंजी. अवनीश सिंह, पवन सिंह चौहान, विधायक डॉ. नीरज बोरा, योगेश शुक्ल, अमरेश कुमार, ओपी श्रीवास्तव, जय देवी, पूर्व मंत्री मोहसिन रजा आदि मौजूद रहे।

# लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों में बारिश और बदली से ठिठुरन बढ़ी

लखनऊ, । पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बर्फवारी के बीच राजधानी लखनऊ और आसपास के जिलों में बारिश की फुहारों से ठंड बढ़ गयी है। पिछले एक सप्ताह से उत्तर प्रदेश के अधिसंख्य जिलों का तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया जा रहा था मगर सोमवार रात से बफीर्ला हवाओं ने लोगों को सर से पांव तक गर्म कपड़ों में ढकने को विवश कर दिया था। देर रात हुयी हल्की वर्षा का दौर लखनऊ, कानपुर,उन्नाव,बाराबंकी समेत कई जिलों में जारी रहा। आज सुबह बादलों से ढके आसमान और बफीर्ली हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। मौसम विभाग ने हालांकि पहले ही 23 से 26 दिसंबर के बीच बारिश और तापमान में गिरावट का पूवार्नुमान व्यक्त किया था। मौसम विभाग के अनुसार बारिश और हवाओं के चलते आने वाले दिनों मे तापमान में और गिरावट होने का अनुमान है।

## बाजार में मोबाइल चुराने वाले नाबालिग पकड़े

नोएडा, । फेज-दो पुलिस ने मंगलवार को साप्ताहिक बाजार में खरीदारों के मोबाइल फोन चुराने वाले पांच नाबालिगों को पकड़ा। आरोपियों से 57 मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे अब तक 100 से अधिक वारदातें कर चुके हैं। उनके निशाने पर विशेषकर महिलाएं होती थीं। सेंट्रल जोन के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि पकड़े गए नाबालिगों की उम्र 12 से 16 वर्ष के बीच है। सभी आरोपी बेहद कम पढ़े-लिखे हैं। उनसे पूछताछ में पता चला है कि वे एनसीआर के भीड़भाड़ वाले बाजारों, मंडियों और साप्ताहिक बाजारों में मौका पाकर लोगों के मोबाइल फोन चोरी कर लेते थे। वे साप्ताहिक बाजार में आने वाली महिला ग्राहकों को विशेषकर निशाना बनाते थे। वे ग्राहकों का ध्यान भंग होने का इंतजार करते थे और थोड़ी सी भी चूक होने पर मोबाइल लेकर गायब हो जाते थे। सभी आरोपी समूह में वारदात करते थे। मोबाइल चुराने के बाद पकड़े जाने की संभावना होने पर दूसरे साथी को मोबाइल फोन पकड़ा देते थे। सभी आरोपी बिना अभिभावक के ही जिले में आगमन करते और मकान मालिक को कोई भी झूठी कहानी बताकर टोकन मनी देकर किराये पर कमरा ले लेते थे। वे ठेले इत्यादि पर खाना खाते थे। पकड़े जाने के डर से वे एक जगह न रहकर निरंतर स्थान बदलते रहते थे। वे बढ़ी संख्या में मोबाइल फोन चोरी करने के बाद ट्रेन में बैठकर दूसरे राज्यों में सस्ते दामों पर उन्हें बेचने जाते थे। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपियों से चोरी के मोबाइल फोन खरीदने वाले लोगों की पहचान की जा रही है। इसके अलावा गिरोह में कितने लोग शामिल हैं, इसकी भी जानकारी जुटाई जा रही है।

# मकान से एसी और बिजली के तार चोरी

ग्रेटर नोएडा, । सेक्टर सिग्मा-2 स्थित एक मकान में चोरी का मामला सामने आया है। बदमाश घर से दो एसी और बिजली के तार समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। बीटा दो कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक जुनपत गांव के रहने वाले पंकज कुमार ने चोरी का मुकदमा दर्ज करवाया है। पंकज ने पुलिस को बताया कि सिग्मा दो में उनका एक मकान है। इस मकान में पेंटर और इलेक्ट्रीशियन का काम कर रहे हैं। इसी बीच मकान से दो एसी और बिजली के कुछ तार चोरी कर लिए गए। पीड़ित सोमवार को मकान पर पहुंचा तो चोरी की घटना के बारे में पता चला। इसकी शिकायत तुरंत पुलिस से की गई। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी के जरिए चोरों की पहचान का प्रयास कर रही है। चोरों का पता लगाकर घटना का खुलासा किया जाएगा।

## फरीदाबाद में चोरीशुदा ऑटो समेत बदमाश गिरफ्तार

फरीदाबाद, । फरीदाबाद में वाहन चोरी करने वाले आरोपी को अपराध शाखा सेक्टर-65 की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से चोरी का ऑटो बरामद किया है। आरोपी पर पहले से 3 मामले दर्ज हैं। पुलिस प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि फरीदाबाद के दयाल नगर निवासी भुपेन्द्र ने थाना सुरजकुंड़ में दी शिकायत में बताया कि वह ऑटो चलाता है। 20 दिसंबर को दोपहर करीब 3.20 बजे पर अपने ऑटो को पाली से सवारी छोड़ कर घर आ रहा था। जब वह पाली से रू.ङ्क.ह चौक के बीच में ऑटो खड़ा करके बाथरुम करने चला गया। वापस आया तो आटो वहां पर नहीं मिला। मामले में अपराध शाखा सेक्टर-65 की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से मिली सूचना पर आरोपी चमन निवासी उंचा गांव नियर राठोड चौक बल्लबगढ़ को शाहपुरा रोड़ ऊंचागांव से ऑटो समेत गिरफ्तार किया

# गृह मंत्री अमित शाह के बयान के विरोध में बसपा का विरोध-प्रदर्शन, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम




प्रात: किरण, संवाददाता

लखनऊ, । डॉ. भीमराव अंबेडकर को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी के खिलाफ देशभर में विरोध-प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में बहुजन समाज पार्टी ने गृह मंत्री अमित शाह के हालिया बयान के विरोध में मंगलवार पूरे उत्तर प्रदेश में प्रदर्शन करने का निर्णय किया है। बीएसपी ने यह निर्णय पार्टी प्रमुख मायावती के निदेर्शों पर लिया है। यह विरोध-प्रदर्शन पार्टी के स्थानीय कार्यालयों, सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। मायावती ने देश भर में जिला मुख्यालयों पर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने की सर्वसमाज से अपील की है। इस प्रदर्शन के दौरान पार्टी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करेगी और अमित शाह के बयान की आलोचना करेगी। विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त सुरक्षा उपाय किए गए हैं, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से निपटा जा सके। इसके अलावा, पुलिस ने प्रदर्शनकारियों की गतिविधियों पर भी नजर रखने के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। पूरे शहर में यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हो सकती है, इसलिए लोगों को समय रहते ट्रैफिक और सुरक्षा संबंधी निदेर्शों का पालन करने के लिए चेतावनी दी गई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर बसपा प्रमुख मायावती ने कहा है कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का अमित शाह द्वारा संसद में किए अनादर को लेकर देश भर में लोगों में भारी आक्रोश है। लेकिन, उनकी उपेक्षा व देशहित में उनके संघर्ष को हमेशा आघात पहुंचाने वाली कांग्रेस पार्टी का इसको लेकर उतावलापन विशुद्ध छलावा व स्वार्थ की राजनीति है। उन्होंने आगे कहा कि बाबा साहब का नाम लेकर उनके अनुयायियों के वोट की राजनीति करने में कांग्रेस और भाजपा आदि पार्टियां एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं। बाबा साहेब के आत्म-सम्मान के कारवां को आगे बढ़ने से रोकने के लिए सभी पार्टियां बीएसपी को आघात

# फरीदाबाद : चार गाडि के टायर किए चोरी, ईंटों के सहारे छोड़ भागे चोर

फरीदाबाद, । नहरपार सेक्टर-78 स्थित हैबिटेट सोसायटी के बाहर खड़ी चार गाडि के टायर बीती रात चोर चुराकर ले गए। इनमें से एक ब्रेजा, बलेनो, इग्निस और एक अन्य गाड़ी शामिल थी। मंगलवार को जानकारी देते हुए पीड़ित गोविंद पाल ने बताया कि जब उन्होंने यहां पर सोसाइटी में अपने मकान लिए थे, तब उन्हें बताया गया था कि पार्किंग व सिक्योरिटी की व्यवस्था सोसायटी के अंदर ही है, लेकिन सोसाइटी में कभी उनकी गाडि को पार्क करने नहीं दिया। बल्कि बाकायदा बाहर बोर्ड लगाकर या लिखा कार पार्किंग एट ओनर रिस्क। जिसके चलते वह मजबूरन अपनी गाडि को सोसाइटी के बाहर ही खड़ी करते हैं। उन्होंने बताया कि इससे पहले यहां पर गाडि को पंचर कर दिया जाता था। फिर कई बार गाडि के शीशे टूटे हुए पाए, लेकिन अब चार गाडि को ईंट पर खड़ा कर चारों गाडि



के टायरों को चुरा लिए गए। जिसके चलते यहां रहने वाले लोग अब खुद को भी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। वही गोविंद पाल ने बताया कि उन्होंने कई बार पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन आज तक पुलिस किसी को भी गिरफ्तार नहीं कर पाई है। उन्हें लगता है कि पुलिस भले ही उनकी शिकायत दर्ज कर लेगी, लेकिन किसी भी आरोपी को नहीं पकड़ा जाएगा। वह चाहते हैं कि सोसाइटी में ही उनकी गाडि को पार्क कराया जाए, क्योंकि वहां पर सिक्योरिटी है। जिसके चलते उनकी गाडि अंदर सुरक्षित रह सकती है। अन्यथा यहां पर आए दिन ऐसी

# विधायक धनेश अदलखा ने गायत्री मंत्र से किया टयूबवैल का उदघाटन

फरीदाबाद, । बडखल विधायक धनेश अदलखा द्वारा 3सी ब्लॉक स्पोर्टस काम्पलैक्स में पानी के टयूबनैल का उदघाटन गाणमान्य लोगों की मौजूदगी में गायत्री मंत्र से किया ताकि लोगों को मीठा पानी उलब्ध हो सके। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा, मंडल अध्यक्ष अमित आहूजा, आर्य समाजी माता, नारायण, रितेश भाटिया, एस सी कथूरिया, परविंदर, राजकुमार मदान, आर. के अरोड़ा, ओमप्रकाश ढीगड़ा, अशोक कुमार, मुकेश अरोड़ा, रमेश मदान, वासु, भरत मलिक, धरम पाल, मुंजाल, चंदर, जी.सी.छाबड़ा, एस.पी.वर्मा उमेश डागर उपस्थित थे। विधायक धनेश अदलखा का सी ब्लॉक में पधारने पर लोगों ने भारतीय जनता पार्टी जिन्दाबाद, विधायक धनेश अदलखा जिन्दाबाद के नारों और फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर धनेश अदलखा ने कहा कि मैने 20 वर्ष तक अपने वार्ड को परिवार की तरह संभालता था आज मुझे बडखल का परिवार मिला है उसे भी बखूबी सभालुगां। उन्होंनें कहा कि 3-4 महीनों के बाद गर्मी की शुरूआत होगी उससे पहले ही टयूबवैल लगाना उचित है ताकि लोगों को समय रहते पानी मिल सके। मेरा लक्ष्य है 15-20 जनवरी 2025 से पहले सभी टयूबवैल के कनेक्शन जोड़ दूं और यदि मुझे महसुस हुआ कि मार्च अप्रैल में पानी की और जरूरत है तो में रैनीवैल की परियोजना को और बढाऊगां। धनेश अदलखा ने कहा अगली बार जब में चुनाव लडगां तो इस विधानसभा का नाम एनआईटी होगा क्योकि एनआईटी, पंजाबियों को प्रभु का दिया हुआ गिफ्ट है। 30 दिसंबर 2024 को ईएसआई चौक और मंकर संक्राति पर चिमनी वाई चौक की सौगात जल्दी ही जनता को मिलेगी ऐसा मेरा मानना है। उन्होनं कहा कि इस शहर को जिन लोगों ने बसाया जिनमें सरदार गुरबचन सिंह, कन्हैया लाल खटक और फतेह सिंह खत्री के नाम से चौको का नाम रखा जाएगा, ताकि शहर उन लोगों के नाम से जाना जाए ऐसी मेरी सोच है। उन्होनें कहा कि सीवरेज की समस्या को लगभग खत्म कर दिया गया है और पार्को का नवीनीकरण किया जा रहा है और सडके बनाई जा रही है। धनेश अदखा ने कहा कि बडखल विधानसभा क्षेत्र को चमकाने और खुशहाल बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगें। इस मौके पर लोगों ने कुछ समस्याएं रखी जिसका विधायक ने तुरन्त समाधान करने का आश्वासन दिया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, बुधवार, 25 दिसंबर, 2024





# सलमान किसी को धमकाने वालों में से नहीं हैं

अभिनेता अर्जुन कपूर अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में रहते हैं। पिछले काफी समय से फ्लॉप फिल्में देने वाले अर्जुन कपूर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। अब हाल ही में, अभिनेता ने सलमान खान की तारीफ की है और कहा है कि सलमान खान कोई बदमाश नहीं हैं। अभिनेता कोई धमकाने वालों में से नहीं हैं। अर्जुन का यह बयान सुन लोग हैरान हैं क्योंकि अर्जन कपूर का सलमान खान के साथ पुराना विवाद रह चुका है। आइए जानते हैं कि अभिनेता ने क्या कहा है।

सलमान खान की तारीफ करते दिखे अर्जुन हाल ही में, एक साक्षात्कार में अर्जुन कपूर ने सलमान खान के बारे में खुलकर बात की और कहा कि वह कोई बदमाश नहीं हैं। अगर सलमान पहली दफा लोगों से अच्छे से नहीं मिलते हैं तो लोग उन्हें घमंडी समझने लगते हैं। लोग उनको लेकर यह भावनाएं रखते हैं। अर्जुन ने उन्हें दुनिया का सबसे निडर आदमी भी कहा है।

### घमंडी नहीं हैं सलमान

अर्जुन कपूर ने भाईजान को लेकर कहा, सलमान खान इतने बड़े स्टार हैं क्योंकि वह सिनेमा को दर्शकों का माध्यम मानते हैं। उनका लक्ष्य किसी के साथ विवाद करना नहीं बल्कि दर्शकों का मनोरंजन करना है। सुपरस्टार की इमेज काफी सख्त है। इसलिए लोगों को लगता है कि वह काफी सिरियस हैं। हालांकि, मैं उनसे मिला हूं और वह बहुत अच्छे हैं।

### बड़ों का सम्मान करते हैं सलमान

अभिनेता ने आगे कहा कि लोगों की साइकोलॉजी है कि अगर आप कभी उनसे मुस्कुराकर या गले लगकर नहीं मिलते हो तो लोगों को लगता है कि आप काफी अलग तरह का व्यवहार कर रहे हैं, लेकिन सलमान के अंदर लोगों का अदब करने की खासियत है। वह बड़ों का सम्मान करते हैं और छोटो के साथ बहुत प्यार से मिलते हैं। हो सकता है कि वह पहले ऐसे न रहे हों।

अर्जुन कपूर ने यह भी कहा कि सलमान खान कभी भी किसी कर्तव्य और जिम्मेदारी से नहीं भागते हैं। वह हर चुनौती का डट कर सामना करते हैं। मैंने कभी भी सलमान खान को बदलते हुए नहीं देखा है। बता दें कि सलमान खान और अर्जुन कपूर के बीच अनबन रही है। अर्जुन कपूर ने कथित तौर पर एक समय सलमान की बहन अर्पिता खान को डेट किया था और आखिरकार उनका ब्रेकअप हो गया। अर्जुन कपूर मलाइका अरोड़ा के साथ रिलेशनशिप में थे। मलाइका अरोड़ा की शादी पहले सलमान के भाई अरबाज खान से हुई थी। सलमान ने अर्जुन को करियर की शुरुआत में टिप्स दिए थे।



# यह पावरपैक और दमदार होगी, लोगों को आएगा मजा, मिर्जापुर फिल्म को लेकर श्वेता त्रिपाठी का बड़ा दावा

श्वेता त्रिपाठी ने मिर्जापुर में अपने गोलू के किरदार से दर्शकों के बीच अपनी अलग पहचान बनाई हैं। अभिनेत्री को लोगों ने ओटीटी एक्ट्रेस का भी टैग दिया है। श्वेता अपने दो फेमस शो मिर्जापुर फिल्म और ये काली काली आंखें को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई हैं। इस साल अभिनेत्री को कई उपलब्धि मिली है, लेकिन वह इससे संतुष्ट नहीं हैं। अब इसके साथ ही श्वेता ने मिर्जापुर फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट साझा किया है।

### मिर्जापुर फिल्म को लेकर उत्साहित हैं श्वेता

स्क्रीन के साथ एक साक्षात्कार में श्वेता ने मिर्जापुर फिल्म को लेकर अपना उत्साह साझा है। श्वेता ने कहा, मिर्जापुर फिल्म का पहले सीजन से कोई भी लेना-देना नहीं हैं। मुन्ना भैया यानी कि दिव्येंदु शर्मा भी इसका एक हिस्सा हैं। यह उस समय पर आधारित है, जब मुन्ना भैया जिंदा थे और शायद स्विटि भी जिंदा थीं। अभी तक हमें निर्माताओं की तरफ से कोई भी कॉल नहीं आया है।

### सीरीज से ज्यादा अच्छी होगी फिल्म

श्वेता ने आगे कहा, जहां तक मुझे लगता है, यह फिल्म पावर पैक्ड होने वाली है। इसमें किरदारों का अलग ही स्वैग देखने को मिलेगा। वेब सीरीज से ज्यादा दर्शक इस फिल्म को एंजॉय करने वाले हैं। मुझे बस निर्माताओं के कॉल आने का इंतजार है। क्योंकि मुझे पता है कि फिल्म की स्क्रिप्ट दिल दहला देने वाली होगी। पुनीत कृष्णा, मिर्जापुर के पहले और दूसरे सीजन के लेखक हैं, वह मेरे पसंदीदा लेखकों में से एक हैं।

### अभिनेत्री हैं उत्साहित

अभिनेत्री ने आगे यह भी बताया कि यह फिल्म 2026 में रिलीज होने की उम्मीद है क्योंकि स्क्रिप्ट अभी भी लिखी जा रही है। फिल्म वेब शो से एकदम अलग होने वाली है। मिर्जापुर फिल्म में कोई भी कंटेंट वेब सीरीज का नहीं लिया जाएगा। यह फिल्म दर्शकों के उत्साह के साथ जरूर न्याय करेगा। मुझे भी फिल्म की शूटिंग का बेहद इंतजार है।

### फैंस हैं उत्साहित

श्वेता त्रिपाठी ने कबूल किया कि वह यह जानने के लिए उत्सुक हैं कि मिर्जापुर और ये काली काली आंखें दोनों में उनके किरदारों के लिए क्या रखा गया है। फैंस भी अभिनेत्री को एक बार फिर स्क्रीन पर देखने के लिए उत्सुक हैं।



# आशा नेगी को डेट कर रहे हैं ऋत्विक धनजानी

ऋत्विक धनजानी टीवी के जाने माने अभिनेता हैं और अपनी होस्टिंग को लेकर चर्चा में रहते हैं। ऋत्विक धनजानी और आशा नेगी की जोड़ी दर्शकों के बीच काफी फेमस थी। हालांकि, कुछ समय के बाद दोनों का रिश्ता खत्म हो गया था। अब फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है, ऐसा लगता है कि ऋत्विक धनजानी के जिंदगी में अब प्यार की एंट्री हो गई है। अभिनेता ने क्रिस्टल डिसूजा के साथ अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कई तस्वीरें साझा की है। फैंस को लगता है कि अभिनेता अब क्रिस्टल डिसूजा को डेट कर रहे हैं।



# डकैत से क्यों बाहर हुईं श्रुति हासन क्या अदिवी शेष बने इसकी वजह?

कुछ दिन पहले ही अभिनेता अदिवी शेष की आने वाली तेलुगु फिल्म डकैत के निर्माताओं ने घोषणा की थी कि मृणाल ठाकुर मुख्य भूमिका निभाएंगी। मृणाल फिल्म में अभिनेत्री श्रुति हासन की जगह ले रही हैं, जिन्हें पहले फिल्म लॉन्च होने पर मुख्य भूमिका निभाने की घोषणा की गई थी। कई लोगों का मानना है कि श्रुति हासन ने इस प्रोजेक्ट को इसलिए छोड़ दिया, क्योंकि वह अपने शेड्यूल में फिट नहीं हो पा रही थीं। वहीं, अब अभिनेत्री के फिल्म से बाहर निकलने का नया कारण सामने आया है।

### फिल्म से क्यों बाहर हुईं श्रुति

फिल्म को लेकर ताजा खबर है कि तारीखों का टकराव श्रुति के बाहर निकलने का कारण नहीं था। इस बारे में नई जानकारी सामने आई है। बताया गया कि श्रुति हासन ने पिछले साल फिल्म का टीजर शूट किया था और उसके बाद शूटिंग की तारीखें बार-बार आगे बढ़ाई गईं। दूसरा कलाकार स्क्रिप्ट में बहुत ज्यादा शामिल था। श्रुति अपने अभिनय के नए पहलू को दिखाने में दिलचस्पी रखती थी, लेकिन वह सह-कलाकार की अत्यधिक भागीदारी से सहज नहीं थीं, इसलिए वह प्रोजेक्ट से बाहर हो गईं। 17 दिसंबर को डकैत3 के निर्माताओं ने मृणाल को कलाकारों का हिस्सा बताया था। उन्होंने एक विशेष पोस्टर और टीजर भी जारी किया था। घोषणा के बाद प्रशंसकों ने उत्सुकता से श्रुति के प्रोजेक्ट से बाहर होने के कारणों के बारे में अनुमान लगाया। रिपोर्ट्स के अनुसार, इससे पहले कहा गया कि श्रुति ने क्रिएटिव मतभेदों के कारण फिल्म छोड़ दी। कथित तौर पर उन्हें सेट पर असुविधाओं का सामना करना पड़ा, जिसके कारण उन्होंने यह निर्णय लिया। अन्य कई रिपोर्ट में दावा किया गया कि उन्होंने डेट क्लैश के कारण डकैत को छोड़ दिया।

### रिलीज डेट का एलान बाकी

डकैत का निर्देशन शेनिल देव ने किया है और इसका निर्माण सुप्रिया यारलागड्डा ने किया है। मृणाल ठाकुर ने मुख्य भूमिका निभाई है और यह पहली बार है, जब वह अदिवी शेष के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगी। अदिवी ने निर्देशक के साथ मिलकर फिल्म की पटकथा और कहानी पर काम किया है। तकनीकी दल में कैमरा संभालने वाले दानुश भास्कर और भीम्स सेसिरोलेओ का संगीत शामिल है। कोडाटी पवन कल्याण संपादक हैं। निर्माताओं द्वारा फिल्म की रिलीज की तारीख की घोषणा अभी बाकी है।



# कौन हैं 'अनुपमा' की नई 'आध्या'? अलीशा परवीन के रिप्लेस होने के बाद अद्रिजा रॉय को मिला मौका

'अनुपमा' धारावाहिक में कथित तौर पर आध्या के किरदार में अभिनेत्री अद्रिजा रॉय नजर आने वाली हैं। उन्हें अलीशा परवीन की जगह कास्ट किया गया है। अलीशा परवीन का शो से निकल जाना प्रशंसकों के लिए एक झटका है। अभिनेत्री अलीशा ने दावा किया है कि उन्हें बिना किसी सूचना के रिप्लेस कर दिया गया है और उन्हें इसके पीछे के कारण का पता नहीं है। आइए जानते हैं कौन हैं अद्रिजा रॉय?

### कौन हैं अद्रिजा रॉय?

कोलकाता में जन्मी अद्रिजा रॉय बंगाली टेलीविजन में काम करते हुए मशहूर हुईं। वह घर-घर पहचानी जाने लगीं। अपनी अदाकारी के लिए उन्हें काफी सराहना भी मिली और वह दर्शकों की पसंदीदा बन गईं। उन्होंने 2016 में बंगाली शो 'बेदिनी मोलुआर कोठा' से अपने अभिनय की शुरुआत की। अभिनेत्री 'दुर्गा दुर्गेश्वरी', 'पोटोल कुमार गानवाला', 'जय काली कलकत्तावाली', 'मौ एर बारी' और 'बिक्रम बेताल' जैसे बंगाली शो में नजर आ चुके हैं। इसके बाद अद्रिजा ने 2023 में हिंदी टेलीविजन का रुख किया, जहां उन्होंने अपनी आकर्षक स्क्रीन उपस्थिति से अपनी पहचान बनाना जारी रखा। अभिनेत्री ने 'इमली' में मुख्य भूमिका निभाई और शोहरत हासिल की। अद्रिजा का जन्म कोलकाता में हुआ है।

### सोशल मीडिया फॉलोअर्स

अद्रिजा रॉय को अभिनय के लिए सराहा तो जाता है ही, साथ ही सोशल मीडिया पर भी उनके अच्छे-खासे फॉलोअर्स है। वह सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती हैं, जहां पर वह अपने प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ से जुड़ी अपडेट साझा करती रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनके एक मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। हालांकि, 'अनुपमा' का हिस्सा बनने को लेकर उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

### रातोंरात रिप्लेस हुई अलीशा परवीन

अलीशा परवीन ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी अपने अचानक से हुए रिप्लेसमेंट पर आश्चर्य जाहिर किया। उन्होंने कहा, यह चौंकाने वाला और निराशाजनक है। मुझे यकीन नहीं है कि वास्तव में क्या हुआ और मुझे क्यों रिप्लेस किया जा रहा है। अचानक बाहर निकाले जाने के बावजूद परवीन को अपनी आगामी परियोजनाओं से काफी उम्मीदे भी हैं। रूपाली गांगुली की मुख्य भूमिका वाला शो 'अनुपमा' पिछले चार वर्षों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। शो का पहला एपिसोड 13 जुलाई 2020 को टेलीकास्ट हुआ था। रूपाली गांगुली के अपोजिट में सुधांशु पांडे ने उनके पति वनराज की भूमिका निभाई थी।



# नाना पाटेकर बोले- सनी देओल मुझे पीटेगा तो कैसा लगेगा?

पिछले दिनों फिल्म 'वनवास' के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में सनी देओल ने नाना पाटेकर से पूछा था कि क्या दोनों कभी साथ में काम करेंगे। इस पर नाना पाटेकर ने कहा कि आप निर्देशक अनिल शर्मा से यह बात कहिए। इस पर अनिल शर्मा ने कहा कि वह जल्द ही एक फिल्म का सब्जेक्ट लेकर आएंगे, जिसमें नाना पाटेकर और सनी देओल नजर आएंगे। इसके बाद से ही अटकल लगने लगी कि सनी देओल और नाना पाटेकर अनिल शर्मा की फ्रेंचाइजी फिल्म 'गदर 3' में नजर आ सकते हैं। अब इसी फिल्म को लेकर नाना पाटेकर ने एक अलग ही बात कह दी है।

### नाना अपने किरदार के बारे में बोले

नाना पाटेकर ने 'वनवास' फिल्म के लिए कुछ समय पहले एक इंटरव्यू दिया। जिसमें उनसे फिल्म 'गदर 3' को लेकर सवाल किया गया। इसके जवाब में नाना पाटेकर ने कहा- 'सनी देओल मुझे पीटेगा फिल्म में तो आपको कैसा लगेगा?' यह जवाब उन्होंने मजाक में दिया।

### 'गदर 3' में क्या विलेन बनेंगे नाना

आगे इंटरव्यू में नाना पाटेकर कहते हैं, 'फिल्म 'गदर 3' की कहानी कुछ इस तरह की होनी चाहिए कि मैं दूसरे देश का हूं और सनी भारत से हैं।' इस तरह नाना पाटेकर ने फिल्म 'गदर 3' में सनी देओल के अपोजिट विलेन की भूमिका निभाने की इच्छा जरूर जता दी है। हो सकता है कि फिल्म 'गदर' फ्रेंचाइजी निर्देशक अनिल शर्मा इस बात पर गौर करें और नाना पाटेकर के लिए अपकमिंग फिल्म में विलेन का ही रोल तय करें।

### 'वनवास' में इमोशनल रोल में सराहे गए

इन दिनों नाना पाटेकर की फिल्म 'वनवास' थिएटर में लगी हुई है। इस फिल्म में उनका किरदार दर्शकों को काफी इमोशनल कर रहा है। नाना ने फिल्म में एक बूढ़े पिता का रोल किया है, जिसे उसके बच्चे बनारस में अकेला छोड़ जाते हैं। फिल्म में निर्देशक अनिल शर्मा के बेटे उत्कर्ष शर्मा ने भी अहम भूमिका, नाना पाटेकर के साथ निभाई है।

# तलाक के बाद बेटी के साथ अकेले खुश हैं संजीदा शेख



संजीदा शेख इस समय अपनी लाइफ का बेस्ट फेज एंजॉय कर रही हैं। अभिनेत्री ने फिल्मों में भी डेब्यू कर लिया है और अपने बच्चे का पालन पोषण भी कर रही हैं। संजीदा ने बताया है कि कैसे वह अकेले अपनी बेटी आयरा की देखभाल कर रही हैं और उसके साथ समय गुजार रही हैं। संजीदा ने बताया है कि मेरी बेटी ने मेरे गेम को बदला है और अब मैं पुरुषों से ताकतवर महसूस कर रही हूं। अभिनेत्री ने आगे यह भी कहा कि मेरी बेटी के लिए मैं पैसा कमाऊं और उसे अच्छी जिंदगी दूं, बस यही मेरा लक्ष्य है। संजीदा ने यह भी बताया कि मेरी बेटी ही मुझे मोटिवेट भी करती हैं।

# भारत में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या नवंबर में 6.1 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान : रिपोर्ट

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। भारत में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या नवंबर महीने में 6.1 प्रतिशत बढ़कर 144.9 लाख होने की उम्मीद है, जबकि अक्टूबर में यह संख्या 136.6 लाख थी। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी आईसीआरए के अनुमान के अनुसार, नवंबर में सालाना आधार पर 13.8 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जबकि नवंबर 2023 में यह 127.4 लाख थी और नवंबर 2019 में कोरोना से पहले के 129.5 लाख से 11.9 प्रतिशत अधिक है। इस वित्त वर्ष (अप्रैल-नवंबर) के आठ महीनों के दौरान घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 1,074.9 लाख रही, जो कि पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 6.7 प्रतिशत अधिक है और वित्त वर्ष 2020 के पहले आठ महीनों में कोरोना-पूर्व स्तर 957 लाख से 12.3 प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार, इसके अलावा, वित्त वर्ष 2025 के पहले सात



महीनों में भारतीय कैरियर के लिए अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की संख्या 190.3 लाख रही, जो कि पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 15.9 प्रतिशत अधिक है और कोविड-पूर्व स्तर 131 लाख से 45.4 प्रतिशत अधिक है।

रिपोर्ट के अनुसार, नवंबर 2024 में एयरलाइनों की डिप्लॉयमेंट कैपेसिटी नवंबर 2023 की तुलना में 8.6 प्रतिशत अधिक थी। अनुमान है कि घरेलू विमानन उद्योग नवंबर 2024 में 90.4 प्रतिशत के पैसेंजर लोड फैक्टर (पीएलएफ) पर काम करेगा, जबकि नवंबर 2023 में यह 86.3 प्रतिशत और कोरोना से पहले नवंबर 2019 में 89.5 प्रतिशत था। इस साल अप्रैल से जुलाई तक एटीएफ की कीमतें सालाना आधार पर क्रमशः 3.1 प्रतिशत, 6.4 प्रतिशत, 6.7 प्रतिशत और 4.9 प्रतिशत अधिक रही। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगस्त से दिसंबर तक कीमतें सालाना आधार पर क्रमशः 2.2 प्रतिशत, 17.8 प्रतिशत, 26.5 प्रतिशत, 19.6 प्रतिशत और 14.5 प्रतिशत कम रही। इसके अलावा, वित्त वर्ष 2025 में भारत में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या में सालाना आधार पर 7-10 प्रतिशत की वृद्धि देखे जाने की संभावना है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी आईसीआरए की एक दूसरी रिपोर्ट के अनुसार, घरेलू यात्रियों की संख्या चालू वित्त वर्ष में 164-170 मिलियन होगी।

इस वित्त वर्ष की पहली छमाही में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 79.3 मिलियन रही, जो सालाना आधार पर 5.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री मोदी की बजट पर सुझाव के लिए अर्थशास्त्रियों के साथ बैठक



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जाने-माने अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों के साथ मंगलवार को आगामी बजट पर उनके विचार और सुझाव जानने के लिए एक बैठक की। इस बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी, नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बीवीआर सुब्रमण्यम, मुख्य आर्थिक सलाहकार अनंत नागेश्वरन, अर्थशास्त्री सुरजीत भल्ला, डीके जोशी समेत अन्य विशेषज्ञ शामिल हुए। यह बैठक आगामी बजट के संदर्भ में आर्थिक विशेषज्ञों के विचार एवं सुझाव जानने के लिए आयोजित की गई। सीतारमण एक फरवरी, 2025 को लोकसभा में वित्त वर्ष 2025-26 का बजट पेश करेंगी।

### बदलापुर में 'ब्रेड' की कीमत में तीन रुपये की बढ़ोतरी

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले के बदलापुर में बेकरी मालिकों के संघ ने ब्रेड (डबल रोटी) की कीमत में मंगलवार से तीन रुपये का इजाफा किया है। इसकी कीमत 20 रुपये से बढ़कर अब 23 रुपये हो गई है। कुलगांव-बदलापुर बेकरी ओनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी अयूब गडकरी ने कहा कि कच्चे माल की लागत में वृद्धि के कारण उनके पास कीमतों में संशोधन के अलावा कोई विकल्प नहीं था। एसोसिएशन के सदस्य ने कहा, पिछले वर्ष की तुलना में आटे, तेल और अन्य सामग्रियों की कीमत में करीब 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हमने लंबे समय तक कीमतें न बढ़ाने की कोशिश की लेकिन अब स्थिति असहनीय हो गई थी। बेकरी मालिकों के संघ के प्रतिनिधियों ने साथ ही कहा कि वे बाजार की स्थितियों पर नजर रखेंगे और गुणवत्ता तथा सामर्थ्य के बीच संतुलन सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे।

### फैशन ब्रांड पावरलुक ने पांच नए खुदरा स्टोर खोले

मुंबई। फैशन ब्रांड पावरलुक ने देश के तीन राज्यों में पांच नए स्टोर खोलने के साथ ही चालू वित्त वर्ष के अंत तक अपने राजस्व में 50 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य रखा है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पावरलुक के सह-संस्थापक राघव पवार ने एक बयान में कहा कि कंपनी ने महाराष्ट्र के मुंबई, गुजरात के वडोदरा एवं सूरत और कर्नाटक के बेंगलुरु में पांच नए स्टोर खोले हैं। इसके साथ ही कंपनी के कुल स्टोर की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। कंपनी की ई-कॉमर्स मंचों पर पहले से ही मौजूदगी है लेकिन अब वह ऑफलाइन मौजूगी बढ़ाने पर जोर दे रही है। पवार ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के अंत तक खुदरा स्टोर की संख्या को बढ़ाकर 15 तक करने की योजना है। इससे कंपनी को अपना कारोबार और मौजूदगी बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### महिंद्रा ट्रैक्टर्स ने पीएनबी के साथ की साझेदारी

नई दिल्ली। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड की इकाई महिंद्रा ट्रैक्टर्स ने अपने डीलरों को वित्तीय समाधान उपलब्ध कराने के लिए पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के साथ साझेदारी की मंगलवार को घोषणा की। कंपनी ने बयान में कहा, दोनों भागीदारों ने एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। बयान के अनुसार, इस साझेदारी के तहत एक साल से अधिक के कारोबार वाले सभी महिंद्रा ट्रैक्टर डीलर चैनल फाइनेंस सीमा के लिए पात्र हैं। इस कार्यक्रम में पांच करोड़ रुपये तक की फाइनेंस सीमा दी जाती है, जिसमें 105 दिन की बिक्री के आधार पर सीमा का आकलन किया जाता है।

### सेल को पीआरएसआई ने आठ पुरस्कारों से नवाजा

नई दिल्ली। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) को ह्यपब्लिक रिलेशंस सोसायटी ऑफ इंडियाह्ण (पीआरएसआई) ने आठ पुरस्कारों से नवाजा है। सेल की ओर से जारी बयान के अनुसार, कंपनी को पीआरएसआई द्वारा छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित 46वें अखिल भारतीय जनसंपर्क सम्मेलन में ये पुरस्कार प्रदान किए गए। इस सम्मेलन का आयोजन 20 से 22 दिसंबर के बीच किया गया था। बयान में कहा गया, ई-न्यूजलेटर श्रेणी में कंपनी के समाचार बुलेटिन सेलट्रैक को उसकी प्रभावी प्रस्तुति के लिए पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा कंपनी को कॉरपोरेट फिल्म श्रेणी, संचार अभियान (इंटरनल पब्लिक्स) श्रेणी, हाउस जर्नल (अंग्रेजी) श्रेणी, सर्वश्रेष्ठ पीआर कार्यक्रम श्रेणी के साथ-साथ कॉरपोरेट अभियान में सोशल मीडिया के सर्वश्रेष्ठ उपयोग, कॉरपोरेट वेबसाइट तथा वार्षिक रिपोर्ट श्रेणी में पुरस्कार मिले।

# साल 2024 में भारत के ऑफिस लीजिंग मार्केट का प्रदर्शन शानदार, 14 फीसदी की उछाल

**कोलियर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, बेंगलुरू ग्रेड ए ऑफिस स्पेस की मांग में सबसे आगे रहा, जो अब तक की सबसे अधिक 21.7 मिलियन वर्ग फीट की मांग के साथ 40 प्रतिशत की शानदार वृद्धि को दशार्ता है। हैदराबाद और मुंबई में भी मांग में वृद्धि देखी गई। दोनों ही शहरों में क्रमशः 12.5 और 10.0 मिलियन वर्ग फीट लीजिंग एक्टिविटी के साथ 2024 में पहली बार दोहरे अंकों में वार्षिक ऑफिस स्पेस की मांग देखी गई। दिल्ली-एनसीआर में भी स्पेस की अच्छी मांग देखी गई और ग्रेड ए की मांग 2024 में लगभग 10 मिलियन वर्ग फीट को छू गई।**

प्रात : किरण/एजेंसी

बेंगलुरु। मंगलवार को आई एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में ऑफिस मार्केट में 2024 में सालाना आधार पर 14 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि देखी गई, जिसमें शीर्ष छह शहरों में लीजिंग एक्टिविटी 66.4 मिलियन वर्ग फीट तक पहुंच गई। कोलियर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, बेंगलुरू ग्रेड ए ऑफिस स्पेस की मांग में सबसे आगे रहा, जो अब तक की सबसे अधिक 21.7 मिलियन वर्ग फीट की मांग के साथ 40 प्रतिशत की शानदार वृद्धि को दशार्ता है।

हैदराबाद और मुंबई में भी मांग में वृद्धि देखी गई। दोनों ही शहरों में क्रमशः 12.5 और 10.0 मिलियन वर्ग फीट लीजिंग एक्टिविटी के साथ 2024 में पहली बार दोहरे अंकों में वार्षिक ऑफिस स्पेस की मांग देखी गई। दिल्ली-



एनसीआर में भी स्पेस की अच्छी मांग देखी गई और ग्रेड ए की मांग 2024 में लगभग 10 मिलियन वर्ग फीट को छू गई। कोलियर्स के प्रबंध निदेशक, कार्यालय सेवाएं, भारत, अर्पित मेहरोत्रा ने बताया, वर्ष के दौरान नई सप्लाई भी 50 मिलियन वर्ग फीट से ऊपर रही और रिक्तियों के स्तर को सीमित रखा। 2025 की मांग संभावित रूप से उच्च स्तर पर स्थिर हो सकती है और अगले कुछ वर्षों में 60 मिलियन वर्ग फीट से अधिक वार्षिक स्पेस की मांग नया मानदंड बनने की संभावना है।

2024 की चौथी तिमाही में वर्ष के दौरान सबसे अधिक लीजिंग देखी गई, जो 19.7 मिलियन वर्ग फीट थी, जो पिछली तिमाही की तुलना में 14 प्रतिशत की वृद्धि थी। 4.7 मिलियन वर्ग फीट पर, फ्लेक्स स्पेस ने अपनी अब तक की सबसे अधिक तिमाही लीजिंग देखी। 2024 की चौथी तिमाही में ग्रेड ए स्पेस की मांग में फ्लेक्स स्पेस की हिस्सेदारी 24 प्रतिशत रही। जबकि टेक्नोलॉजी सेक्टर ने वार्षिक ऑफिस स्पेस की मांग को आगे बढ़ाना जारी रखा, जिसमें कुल लीजिंग में लगभग एक-चौथाई हिस्सा था, फ्लेक्स स्पेस ने 2024 में ग्रेड ए स्पेस की मांग में लगभग पांचवां हिस्सा हासिल किया। बीएफएसआई और इंजीनियरिंग और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर ने भी अच्छी लीजिंग एक्टिविटी का प्रदर्शन किया।

दोनों ने इस साल 10 मिलियन वर्ग फीट लीजिंग को पार कर लिया। कोलियर्स इंडिया के वरिष्ठ निदेशक और शोध प्रमुख विमल नादर ने कहा, मैनेज्ड ऑफिस स्पेस के लिए ऑक्यूपायर्स की प्राथमिकता अग्रणी ऑपरेटरों के लिए अच्छी है, जो 2025 में टियर 2/3 शहरों में तेजी से आगे बढ़ने और प्राथमिक बाजारों के माध्यम से अपनी फंड जुटाने की योजनाओं में तेजी लाने की संभावना रखते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि सप्लाई साइड पर, 2024 की चौथी तिमाही में 15.9 मिलियन वर्ग फीट नए निर्माण पूरे हुए, जिससे वर्ष के लिए कुल निर्माण 53.3 मिलियन वर्ग फीट हो गया।

# देश में पब्लिक ईवी चार्जर की कुल संख्या हुई 25,202

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। देश में पब्लिक ईवी चार्जर की कुल संख्या 25,202 हो गई है। देश में पब्लिक इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) चार्जर की संख्या अब 25,000 के आंकड़े को पार कर चुकी है। देश के भारी उद्योग और इस्पात राज्य मंत्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा ने एक लिखित उत्तर में राज्यसभा को बताया कि कर्नाटक 5,765 पब्लिक ईवी चार्जिंग स्टेशनों के साथ पहले स्थान पर है। इसके बाद महाराष्ट्र 3,728 स्टेशनों के साथ दूसरे और उत्तर प्रदेश 1,989 स्टेशनों के साथ तीसरे स्थान पर है। भारत सरकार द्वारा ईवी के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं शुरू की गई हैं। भारी उद्योग मंत्रालय (एमएचआई) ने 29 सितंबर 2024 को पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवोल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एन्हांसमेंट (पीएम ई-ड्राइव) योजना को नोटिफाई किया था, जिसका उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने में तेजी लाना, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थापना करना और देश में ईवी मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम को बढ़ावा देना है। इस योजना के लिए दो साल की अवधि में 10,900 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है, जिसमें से 2,000 करोड़ रुपये सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के लिए आवंटित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, विद्युत मंत्रालय ने 17 सितंबर को इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थापना और संचालन के लिए दिशानिर्देश 2024 भी जारी किए थे, जिसमें देश में कनेक्टेड और इंटरऑपरेबल ईवी चार्जिंग नेटवर्क बनाने के लिए मानकों और प्रोटोकॉल की रूपरेखा तैयार की गई है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के वाहन पोर्टल के अनुसार, 4 दिसंबर तक देश में कुल 28,55,015 पंजीकृत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन और 2,57,169 इलेक्ट्रिक चार पहिया वाहन हैं। भारतीय ईवी चार्जिंग मार्केट 2030 तक 3.7 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, जिससे इस क्षेत्र में और विकास की संभावना जताई जा रही है। देश में ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की आवश्यकता इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रकार, चलने के पैटर्न, इलाके और शहरीकरण की स्थिति पर निर्भर करती है।

# ऑनलाइन फार्मेसी सेक्टर की राजस्व वृद्धि अगले वर्ष स्थिर रहने का अनुमान

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में बताया गया है कि देश में ऑनलाइन फार्मेसी सेक्टर में अगले वित्त वर्ष में स्थिर राजस्व वृद्धि देखने को मिलेगी, जिससे परिचालन घाटा वित्त वर्ष 2023 में 30 प्रतिशत से कम होकर 10 प्रतिशत से नीचे आ जाएगा। ऐसा हाई मार्जिन वाले प्रोडक्ट सेगमेंट और परिचालन दक्षताओं पर ध्यान केंद्रित कर किया जाएगा। ई-फार्मेसियां वेलनेस प्रोडक्ट और मेडिकल इक्विप्मेंट जैसे हाई-मार्जिन सेगमेंट में विविधता लाकर सस्टेनेबल डेवलपमेंट की ओर रुख कर रही हैं, जिनकी बिक्री में अगले वित्त वर्ष में 40 प्रतिशत की हिस्सेदारी होने की उम्मीद है, जो अभी लगभग 30 प्रतिशत है और वित्त वर्ष 2023 में 15 प्रतिशत से कम है। क्रिसिल रेटिंग्स की निदेशक पूनम उपाध्याय ने कहा, प्लेयर्स प्रमुख परिचालन लागत ( छूट, डिलीवरी, डिस्ट्रीब्यूशन और कर्मचारी झ या डीडीडीई)



को वित्त वर्ष 2023 में लगभग 65 प्रतिशत से घटाकर अगले वित्त वर्ष में 35 प्रतिशत से कम करने के लिए भारी डिस्काउंट से दूर जा रहे हैं, जिससे घाटे को कम करने और लाभ बढ़ाने में तेजी लाने में मदद मिलेगी।

जबकि इस सेक्टर में स्थिर राजस्व वृद्धि देखी जाएगी, समय पर इक्विटी फंडिंग हासिल करना कम पैठ से उत्पन्न होने वाले विकास के अवसरों को अधिकतम करने के लिए आवश्यक पूंजी को सुरक्षित करने के लिए जरूरी होगा। इसके अलावा, विस्तार चरण के दौरान क्रेडिट प्रोफाइल को सपोर्ट करते हुए नकदी की खपत को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए भी इक्विटी फंडिंग को समय पर हासिल करना होगा। रिपोर्ट के अनुसार, ई-फामेर्सी सेक्टर अभी शुरूआती विकास चरण में है और टेक्नोलॉजी, बड़ी इन्वेंट्री और सप्लाई चेन की अक्षमताओं में उच्च प्रारंभिक निवेश के कारण परिचालन घाटे का सामना कर रहा है। ऐसे बाजार जिसमें जिसमें कोई एक इकाई उद्योग पर हावी नहीं होती, में ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए मार्केटिंग और छूट पर भी काफी खर्च करना पड़ता है, जिससे ग्राहक अधिग्रहण की लागत बढ़ जाती है।

क्रिसिल रेटिंग्स के एसोसिएट डायरेक्टर नरेन कार्तिक के ने कहा कि चल रहे परिचालन घाटे से प्रमोटरों, निजी इक्विटी निवेशकों और उद्यम पूंजीपतियों से निरंतर समर्थन की आवश्यकता को दिखाते हैं, क्योंकि बैंक फंडिंग कार्यशील पूंजी तक सीमित होगी। उन्होंने कहा, ई-फार्मेसियां परिचालन का विस्तार कर रही हैं और घाटे को कम करने का लक्ष्य बना रही हैं, इसलिए उन्हें अभी भी नकद घाटा होगा और उन्हें इस और अगले वित्त वर्ष में 2,300 करोड़ रुपये के अतिरिक्त इक्विटी फंड की आवश्यकता होगी, जबकि वित्त वर्ष 2020 से अब तक 9,200 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सुरक्षित की जा चुकी है।

# नए चेतक इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च

**बजाज चेतक की नई 35 सीरीज को एक नए प्लेटफॉर्म पर तैयार किया गया है। इसमें आधुनिक तकनीक और नए फीचर्स जोड़े गए हैं, जो उपयोगकताओं के अनुभव को और भी समृद्ध बनाते हैं। इस नई ईवी में कंपनी ने कई महत्वपूर्ण बदलाव और अपग्रेड्स किए हैं, जो इसे पहले से बेहतर बनाते हैं।**



प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय बाजार में बजाज ने अपने नए चेतक इलेक्ट्रिक स्कूटर को लॉन्च कर दिया है। बजाज चेतक की नई 35 सीरीज को एक नए प्लेटफॉर्म पर तैयार किया गया है। इसमें आधुनिक तकनीक और नए फीचर्स जोड़े गए हैं, जो उपयोगकताओं के अनुभव को और भी समृद्ध बनाते हैं। इस नई ईवी में कंपनी ने कई महत्वपूर्ण बदलाव और अपग्रेड्स किए हैं, जो इसे पहले से बेहतर बनाते हैं। चेतक इलेक्ट्रिक स्कूटर में 4.2 केडब्ल्यू (5.6 बीएचपी) की इलेक्ट्रिक मोटर दी गई है, जो इसे 73 किमी/घंटा की टॉप स्पीड देने में सक्षम है। स्कूटर में दो राइड मोड्स-इको और स्पोर्ट भी दिए गए हैं, जो राइडिंग को अलग-अलग जरूरतों के हिसाब से कस्टमाइज करने की सुविधा प्रदान करते हैं। इसमें रेट्रो-इंस्पायर डिजाइन को बनाए रखा गया है, लेकिन इसकी स्टाइलिंग में कुछ छोटे बदलाव किए गए हैं। इसके अलावा, नए कलर ऑप्शन भी पेश किए गए हैं। टॉप-स्पेक 3501 वेरिएंट में नॉन-टच यूनिट की जगह अब एक टचस्क्रीन डैशबोर्ड दिया गया है। दिसंबर के अंत तक 3501 वेरिएंट की डिलीवरी शुरू कर दी जाएगी। इसकी कीमत 3503 वेरिएंट के लिए 1.20 लाख रुपये और 3502 वेरिएंट के लिए 1.27 लाख रुपये रखी गई है। इसमें टीएफटी कंसोल, स्मार्टफोन कनेक्टिविटी, म्यूजिक कंट्रोल, इंटीग्रेटेड मैप्स, जियो फेंसिंग जैसे सुविधाएं भी हैं। नई चेतक 35 सीरीज के लिए बुकिंग्स शुरू हो चुकी हैं और यह देशभर के 200 से ज्यादा डीलरशिप पर उपलब्ध है।

# एनएसीडीएसी की स्टॉक मार्केट में धांसू एंट्री, पहले दिन ही निवेशकों के पैसे डबल हुए

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में काम करने वाली कंपनी एनएसीडीएसी इंफ्रा के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री की। कंपनी के शेयरों की आज 90 प्रतिशत लिस्टिंग गेन के साथ मार्केट में एंट्री हुई। लिस्टिंग के थोड़ी देर बाद ही खरीदारी के सपोर्ट से ये शेयर उछल कर अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया, जिसके कारण पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों का पैसा लगभग डबल हो गया।

एनएसीडीएसी इंफ्रा के शेयर आईपीओ के तहत 35 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर ये शेयर 66.50 रुपये के स्तर पर लिस्ट हुए। लिस्टिंग के बाद खरीदारों ने इसे हाथों हाथ लिया, जिसके कारण थोड़ी ही देर में ये शेयर 69.82 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया।

एनएसीडीएसी इंफ्रा का 10.01 करोड़ रुपये का आईपीओ 17 से 19 दिसंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जोरदार रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 2,209.76 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन में 236.39 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन 4,084.46 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन में 2,503.66 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। आईपीओ के तहत कंपनी की ओर से 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 28.60 लाख शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपने वर्किंग कैपिटल की जरूरत को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। एनएसीडीएसी इंफ्रा की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार ये कंपनी रेजिडेंशियल और कमर्शियल मल्टी स्टोरी बिल्डिंग बनाने के साथ ही इंस्टीट्यूशनल स्ट्रक्चर्स बनाती है। इसने अभी तक भारत सरकार और उत्तराखंड सरकार के 45 प्रोजेक्ट्स को पूरा किया है।

# सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और चांदी की घटी चमक

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सरार्फा बाजार में आज मामूली गिरावट का रुख नजर आ रहा है। इस गिरावट की वजह से देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 77,500 रुपये से लेकर 77,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 71,050 रुपये से लेकर 70,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज मामूली गिरावट आने के कारण दिल्ली सरार्फा बाजार में इसकी कीमत 91,300 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,050 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,350 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,400 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 70,950 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,350 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 70,900 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,350 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## कनेक्टिविटी

**स्क्रीन के चारों ओर के फ्रेम को बेहद पतला करके, यह डिजाइन देखने का क्षेत्र बढ़ाता है और डिवाइस को कॉम्पैक्ट रखता है....**

# रियलमी 14 प्रो 5जी में क्रांतिकारी डिस्प्ले तकनीक के साथ मिलेगा लगभग बॉर्डरलेस विजन

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। आज के डिजिटल युग में, स्मार्टफोन की स्क्रीन हमारी खिड़की है जो हमें सामग्री, मनोरंजन, और कनेक्टिविटी की दुनिया से जोड़ती है। जैसे-जैसे मोबाइल डिवाइस पर हमारी निर्भरता बढ़ रही है, स्क्रीन की गुणवत्ता और डिजाइन हमारे अनुभव को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। स्मार्टफोन स्क्रीन की प्रगति लगातार इनोवेशन से भरी हुई है। इसमें सबसे खास है बेजल-लेस क्वाड कर्व डिस्प्ले, जो डिजाइन और उपयोगिता में एक बड़ी छलांग है। स्क्रीन के चारों ओर के फ्रेम को बेहद पतला करके, यह डिजाइन देखने का क्षेत्र बढ़ाता है और डिवाइस को कॉम्पैक्ट रखता है। कर्व्ड किनारे न केवल इसे आकर्षक बनाते हैं बल्कि इसे पकड़ने और इस्तेमाल करने में भी आरामदायक बनाते हैं। यह डिजाइन पूरी स्क्रीन को ऐसी सतह में बदल देता है जिसमें कोई रुकावट नहीं है और इससे उपयोगकर्ताओं को एक सहज और रोचक अनुभव मिलता है। क्वाड कर्व डिस्प्ले, फ्लैट और ड्यूल-कर्व्ड डिस्प्ले की तुलना में अधिक उन्नत है। यह डिवाइस को हल्का और पतला दिखाने के साथ-साथ किनारों से स्वाइप करने में आसान बनाता है। साथ ही, उन्नत एआई तकनीक गलत टच को 25% तक कम करती है, जिससे पोर्ट्रेट या लैंडस्केप मोड में स्क्रीन को नियंत्रित करना आसान हो जाता है।

इस क्षेत्र में रियलमी 14 प्रो 5जी ने एक नया मापदंड स्थापित किया है। इसके बेजल-लेस क्वाड कर्व डिजाइन के साथ, यह भारत में सबसे पतले 1.6 मिमी का बेजल पेश करता है। 93.8% स्क्रीन-टू-बॉडी अनुपात के साथ, यह लगभग बॉर्डरलेस




अनुभव प्रदान करता है। इसके अलावा, 6.83 इंच की बड़ी स्क्रीन में चारों किनारों पर 42-डिग्री गोल्डन कर्व दिया गया है, जो इसे देखने में खूबसूरत और उपयोग में आरामदायक बनाता है। इसका प्रीमियम क्रिस्टल आर्मर ग्लास स्क्रीन को गिरने से बचाने के लिए मजबूत सुरक्षा प्रदान करता है। उन्नत एफआईएए तकनीक का उपयोग, जो आमतौर पर केवल महंगे फ्लैगशिप डिवाइस में होता है, स्क्रीन के किनारों पर कलर की सटीकता सुनिश्चित करता है और पारंपरिक कर्व डिस्प्ले में आने वाली समस्या को खत्म करता है।

रियलमी 14 प्रो 5जी में एक शानदार 1.5के रिजॉल्यूशन वाला डिस्प्ले है जो कंटेंट को असाधारण स्पष्टता के साथ जीवंत करता है। 120 हट्र्ज रिफ्रेश रेट सुचारू स्क्रॉलिंग और फ्लुइड एनिमेशन सुनिश्चित करता है, जबकि 2500 हट्र्ज इंस्टेंट टच सैंपलिंग रेट अल्ट्रा-रिस्पॉन्सिव टच इंटरैक्शन प्रदान करता है झ एक ऐसा संयोजन जो विशेष रूप से गेमिंग अनुभव को बढ़ाता है। प्रभावशाली 1500 निट्स पीक ब्राइटनेस तेज धूप में भी स्क्रीन पर कंटेंट को आराम से देखना सुनिश्चित करता है, जबकि 3840 हट्र्ज पीडब्ल्यूएम डिमिंग तकनीक लंबे समय तक देखने के दौरान आंखों के तनाव को कम करती है, विशेषकर कम रोशनी की स्थिति में। इस उन्नत डिस्प्ले तकनीक के विकास में महत्वपूर्ण अनुसंधान एवं विकास निवेश शामिल है, जिसमें मॉड्यूल लैमिनेशन और स्थायित्व जैसी जटिल चुनौतियों के लिए व्यापक इंजीनियरिंग समाधान शामिल हैं। कस्टमाइज्ड लैमिनेशन फिक्स्चर और व्यापक सिमुलेशन मॉडलिंग के माध्यम से, रियलमी ने एक मजबूत और विश्वसनीय डिस्प्ले हासिल किया है।

रियलमी 14 प्रो 5जी की डिस्प्ले तकनीक स्मार्टफोन इनोवेशन में एक महत्वपूर्ण कदम है, जहां हर मिलीमीटर को एक अद्वितीय अनुभव के लिए अनुकूलित किया गया है। सटीक-इंजीनियर वाले बेजल्स से लेकर आंखों की सुरक्षा सुविधाओं तक, प्रत्येक चीज को इस तरह से तैयार किया गया है कि यूजर्स के अपनी डिजिटल दुनिया के साथ कैसे इंटरैक्ट करने के आनंद को बढ़ाया जा सकता है। इस तरह, रियलमी 14 प्रो सीरीज अपने शानदार डिजाइन और तकनीकी विशेषताओं के साथ स्मार्टफोन स्क्रीन के अनुभव को नई ऊंचाई पर ले जाता है। स्मार्टफोन तकनीक में रियलमी 14 प्रो 5जी को एक वास्तविक गेम-चेंजर बनाने वाली बाकी सुविधाओं के बारे में और अपडेट के लिए बने रहें।

# विदेशों में रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे गिल, पोंटिंग ने बताया तकनीक में करने होंगे सुधार

प्रात: किरण/ एजेंसी

दुबई। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारतीय ओपनर शुभमन गिल का विदेशी पिचों पर प्रदर्शन उतना अच्छा नहीं है जितना घरेलू मैदान पर। लेकिन पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान को लगता है कि गिल अपनी बल्लेबाजी शैली में कुछ छोटे बदलाव करके ऑस्ट्रेलिया में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। शुभमन गिल ने इंग्लैंड, बांग्लादेश, वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया में खेले गए 9 टेस्ट मैचों में केवल 23.8 की औसत से रन बनाए हैं। वहीं, इसी अवधि में उन्होंने भारत में 17 टेस्ट मैचों में 42.03 की औसत से 1177 रन बनाए हैं, जिसमें 4 शतक शामिल हैं। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में कहा, मुझे गिल को खेलते हुए देखना बहुत पसंद है। जब वह अच्छे फॉर्म में होते हैं, तो वह दुनिया के किसी भी बेहतरीन बल्लेबाज की तरह लगते हैं। लेकिन विदेशी मैदानों पर उनके आंकड़े उतने प्रभावशाली नहीं हैं। 2021 में गाबा टेस्ट में गिल ने 91 रनों की शानदार पारी खेली थी, जिससे भारत ने ऐतिहासिक श्रृंखला जीत दर्ज की थी।




लेकिन उसके बाद से उन्होंने विदेश में सिर्फ एक टेस्ट शतक लगाया है, जो 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ आया था। पर्थ में चोट के कारण पहले मैच से बाहर होने के बाद गिल ने एडिलेड में 31 और 28 रन बनाए, लेकिन ब्रिस्बेन में केवल 1 रन पर आउट हो गए। पोंटिंग का कहना है कि गिल शायद अपनी बल्लेबाजी को जरूरत से ज्यादा जटिल बना रहे हैं। उन्होंने कहा, मैंने उन्हें एडिलेड में खेलते देखा, और ऐसा लगा कि उन्होंने अपनी तकनीक में जरूरत से ज्यादा बदलाव कर लिए। स्कॉट बोलैंड की गेंदबाजी के दौरान उन्होंने अपनी क्रीज पर स्थिति बदली, ऑफ स्टंप के पास जाकर फ्रंट पैड दिखाया, और बोलैंड ने उन्हें सीधी फुल लेंथ की गेंद पर आउट कर दिया।

हालांकि, पोंटिंग का मानना है कि गिल को बड़े बदलाव करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, गिल को अपनी बल्लेबाजी पर भरोसा करने की जरूरत है। खासकर अपनी डिफेंसिव तकनीक पर। ऑस्ट्रेलिया में उन्हें अपनी शैली में थोड़ा और आत्मविश्वास लाना होगा और रन बनाने का तरीका ढूंढना होगा। उन्होंने कहा, जब वह घरेलू मैदान पर या जहां भी रन बनाते हैं, तो वह आत्मविश्वास के साथ आक्रामक अंदाज में खेलते हैं। वह सिर्फ रन बनाने के बारे में सोचते हैं, आउट होने की चिंता नहीं करते। अगर वह मेलबर्न में इसी मानसिकता और आत्मविश्वास के साथ खेलते हैं, तो उनके प्रदर्शन में सुधार हो सकता है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का चौथा टेस्ट मैच मेलबर्न में बॉक्सिंग डे से शुरू होगा। भारत इस मैच को जीतकर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को जिंदा रखना चाहेगा। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबरी पर है।

## संक्षिप्त खबरें

### इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स हैमस्ट्रिंग में चोट के कारण तीन महीने के लिए बाहर

लंदन। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स बायीं हैमस्ट्रिंग में चोट के कारण कम से कम तीन महीने के लिए क्रिकेट से बाहर हो गये हैं। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने एक बयान में बताया कि स्टोक्स अगले महीने हैमस्ट्रिंग की सर्जरी कराएंगे। वह पिछले सप्ताह हैमिल्टन में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। इंग्लैंड को इस मैच में हार का सामना करना पड़ा था। इस 33 वर्षीय ऑलराउंडर को पाकिस्तान में फरवरी और मार्च में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए रविवार को घोषित इंग्लैंड की टीम में नहीं चुना गया था। हैमस्ट्रिंग की समस्या के कारण स्टोक्स श्रीलंका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला और अक्टूबर में पाकिस्तान में पहला टेस्ट मैच नहीं खेल पाए थे।

### क्रिकेटर विनोद कांबली के स्वास्थ्य में सुधार

मुंबई। विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के कारण अस्पताल में भर्ती पूर्व भारतीय क्रिकेटर विनोद कांबली की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार हो रहा है। उनका इलाज कर रहे डॉक्टरों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कांबली को बेचैनी महसूस होने के बाद सोमवार को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनका इलाज कर रहे डॉक्टरों ने बताया कि कांबली निम्न रक्तचाप और मूत्र मार्ग के संक्रमण (यूटीआई) सहित विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित हैं, लेकिन उन पर इलाज का असर हो रहा है। उनकी हालत स्थिर हो रही है। डॉक्टरों ने बताया कि सोडियम और पोटैशियम में असंतुलन के कारण उनमें जकड़न और गतिशीलता संबंधी समस्याएं देखी गईं। उन्होंने कहा कि उनके मस्तिष्क में पिछले स्ट्रोक के कारण बने थक्के भी पाए गए, जिससे न्यूरोडीजेनेरेटिव परिवर्तन हुए। इसके कारण उनकी याददाश्त और अंगों का समन्वय प्रभावित हुआ है।

### गुजरात जाएंट्स को 14 अंक से हराकर दबंग दिल्ली सेमीफाइनल में

पुणे। दबंग दिल्ली केसी ने बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में सोमवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 129वें मैच में गुजरात जाएंट्स को 45-31 के अंतर से हराते हुए सेमीफाइनल का टिकट कटा लिया है। हरियाणा स्टीलर्स के बाद अब दिल्ली ने 15 मैचों से अजेय रहने के कीर्तिमान के साथ सीधे सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। दिल्ली को 22 मैचों में 13वीं जीत दिलाने में आशू मलिक (14), आशीष (7) और नवीन (6) का अहम रोल रहा। दूसरी ओर, गुजरात के लिए डिफेंडर जीतेंद्र यादव (7) और हिमांशु (5) ने नेतृत्व किया। गुमान और राकेश को पांच-पांच अंक मिले। बहरहाल, सम्मान की लड़ाई में गुजरात ने जीतेंद्र के दो बेहतरीन एंकल होल्ड्स की बदौलत चार मिनट के खेल में 4-2 की लीड बना ली। इस बीच चार के डिफेंस में राकेश ने डू ओर डाई रेड पर गौरव का शिकार कर दिल्ली को सुपर टैकल सिचुएशन में ला दिया। नवीन के बोनस के बाद गुमान ने इसी तरह की रेड पर संदीप का शिकार कर लिया। इसके बाद गुजरात ने दिल्ली को आलआउट कर 10-5 की लीड ले ली। आलइन के बाद हालांकि दिल्ली ने दबाव बनाते हुए 1 के मुकाबले 3 अंक हासिल कर फासला 3 का कर दिया। इस बीच नवीन का शिकार हो गया लेकिन आशू ने चार अंक की सुपर डुपर लीड के साथ न सिर्फ स्कोर 12-12 से बराबर किया।

### बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले रोहित ने कहा, कोहली अपने रन बनाने का रास्ता खुद ढूंढ लेंगे

मेलबर्न। मेलबर्न में बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पर भरोसा जताया है कि वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के बचे हुए मैचों में मजबूत वापसी करेंगे। कोहली ने पर्थ टेस्ट की दूसरी पारी में शानदार शतक लगाया था, लेकिन इसके बाद के तीन पारियों में उनके स्कोर 7, 11 और 3 ही रहे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कोहली की फॉर्म पर सवाल पूछे जाने पर रोहित ने कहा, आधुनिक दौर के महान खिलाड़ी अपनी राह खुद तलाशते हैं।

# रोहित ने किया युवा तिकड़ी को डिफेंड, कहा- पंत, गिल, जायसवाल बनाएंगे बचे हुए दो टेस्ट में रन

**रोहित का मानना है कि ये बल्लेबाज मौजूदा बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बाकी बचे दो टेस्ट मैचों में बढ़िया प्रदर्शन करेंगे। गुरुवार से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर शुरू होने वाले चौथे टेस्ट से पहले, रोहित ने युवा तिकड़ी का बचाव किया। फिलहाल पांच मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबरी पर है। ओपनर जायसवाल को छोड़कर, विकेटकीपर-बल्लेबाज पंत और दाएं हाथ के गिल ने अभी तक चल रही श्रृंखला में कोई अर्धशतक नहीं बनाया है। जायसवाल ने पहले टेस्ट की दूसरी पारी में पर्थ में 161 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें भारत ने 295 रनों से जीत दर्ज की। हालांकि, उन्होंने अगली चार पारियों में केवल 32 रन जोड़े।**




प्रात: किरण/ एजेंसी

मेलबर्न। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने युवा बल्लेबाजों ऋषभ पंत, शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल को अपना समर्थन दिया है। रोहित का मानना है कि ये बल्लेबाज मौजूदा बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बाकी बचे दो टेस्ट मैचों में बढ़िया प्रदर्शन करेंगे। गुरुवार से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर शुरू होने वाले चौथे टेस्ट से पहले, रोहित ने युवा तिकड़ी का बचाव किया। फिलहाल पांच मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबरी पर है। ओपनर जायसवाल को छोड़कर, विकेटकीपर-बल्लेबाज पंत और दाएं हाथ के गिल ने अभी तक चल रही श्रृंखला में कोई अर्धशतक नहीं बनाया है। जायसवाल ने पहले टेस्ट की दूसरी पारी में पर्थ में 161 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें भारत ने 295 रनों से जीत दर्ज की। हालांकि, उन्होंने अगली चार पारियों में केवल 32 रन जोड़े। दूसरी ओर, पंत ने तीन टेस्ट में केवल 96 रन बनाए हैं, जबकि गिल, जो अंगूठे की चोट के कारण पहले टेस्ट से चूक गए थे, ने चार पारियों में केवल 60 रन बनाए हैं। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल को ध्यान में रखते हुए, रोहित ने युवाओं पर मेलबर्न और सिडनी में खुद को भुनाने की क्षमता पर विश्वास व्यक्त किया। रोहित ने कहा, जैसा की मैंने आपसे कहा कि ये तीनों युवा एक ही नाव में सवार हैं। हमें इनसे ज्यादा कुछ कहकर चीजों को जटिल करने की जरूरत नहीं है। ऋषभ पंत जानते हैं उनको क्या करना है। उनकी खुद से काफी अपेक्षाएं हैं। वह काफी मेहनत कर रहे हैं। उम्मीद है कि वह बाकी दो मैचों में प्रदर्शन करेंगे। रोहित ने बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज जायसवाल के बारे में बात करते हुए कहा कि 22 वर्षीय जायसवाल अपने पहले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हैं। वह अपनी कला के बारे में जानते हैं और उन्हें स्वतंत्र छोड़ना उनके लिए सबसे अच्छा तरीका है। हमारा काम युवाओं को सिर्फ छोटी-मोटी चीजों के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने कहा, देखिए, जायसवाल पहली बार यहां आ रहे हैं। उन्होंने पहले ही दिखा दिया है कि वह क्या करने में सक्षम हैं। जब आपके पास टीम में ऐसा लड़का हो, तो आप उसके दिमाग से बहुत ज्यादा छेड़छाड़ नहीं करना चाहते। उसे यथासंभव स्वतंत्र रहने दें। हम उसकी बल्लेबाजी को लेकर बहुत सारे विचारों से उस पर बोझ नहीं डालना चाहते हैं। वह हममें से किसी से ज्यादा अपनी बल्लेबाजी को समझता है। इस तरह उसने अपना क्रिकेट खेला है, अपने सभी रन बनाए हैं। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि वह वहां जाकर अपना खेल स्वतंत्र रूप से खेले। उसके पास हर तरह के खेल खेलने की क्षमता है। आप उसे उसकी बल्लेबाजी के बारे में बहुत सी बातें नहीं बताना चाहते हैं। अगर वह चल पड़ा, तो वह बहुत खतरनाक हो सकता है। भारतीय कप्तान के गिल के बारे में कहा, गिल के पास गुणवत्ता है। जायसवाल की तरह, हम उसके साथ बहुत सी चीजों को जटिल नहीं बनाना चाहते हैं। वह अपनी बल्लेबाजी को बहुत अच्छी तरह से समझता है। वह जानता है कि कैसे बड़े रन बनाए जाते हैं।

## मेरा घुटना ठीक है, कौन कहां बल्लेबाजी करेगा इसको लेकर चिंता ना करें: रोहित

मेलबर्न। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच से पहले अभ्यास के दौरान उनके घुटने में लगी चोट को लेकर व्यक्त की जा रही आशंकाओं को खारिज करते हुए मंगलवार को कहा कि वह पूरी तरह से फिट हैं लेकिन उन्होंने बल्लेबाजी क्रम में अपने स्थान को लेकर संदेह बरकरार रखा। रविवार को यहां मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर अभ्यास के दौरान रोहित के बाएं घुटने में चोट लग गई थी और इसको लेकर कई तरह की आशंकाएं व्यक्त की जा रही थी। रोहित ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के 26 दिसंबर से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच से पहले संवाददाता सम्मेलन में कहा, मेरा घुटना ठीक है। रोहित अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण पहले टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे। उन्हें अगले मैच में सलामी बल्लेबाज के रूप में वापसी करनी थी लेकिन केएल राहुल ने पर्थ में 77 रन की प्रभावशाली पारी खेल कर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई जिसके कारण भारतीय कप्तान को छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरना पड़ा। रोहित के लिए हालांकि यह बदलाव अच्छा नहीं रहा और उन्होंने अभी तक तीन पारियों में केवल 19 रन बनाए हैं। दूसरी तरफ राहुल ने तीसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में 84 रन बनाकर शीर्ष क्रम में अपना दावा मजबूत किया। भारतीय कप्तान ने हालांकि कहा कि वह वही करेंगे जो टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ होगा। उन्होंने कहा, कौन कहां बल्लेबाजी करेगा इसको लेकर चिंता ना करें। हमें इस पर विचार करने की जरूरत है और यह ऐसी चीज नहीं है जिस पर मैं यहां चर्चा करूं। हम वही करेंगे जो टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ होगा। विराट कोहली की खराब फॉर्म और ऑफ स्टंप से बाहर जाती गेंदों को खेलने में परेशानी के बारे में पूछे जाने पर रोहित ने कहा कि यह दिग्गज बल्लेबाज इससे पार पाने का तरीका ढूंढ लेगा। उन्होंने कहा, आप कोहली के ऑफ स्टंप की बात कर रहे हैं। आप वर्तमान समय के दिग्गज बल्लेबाज की बात कर रहे हैं। आधुनिक युग के महान बल्लेबाज अपना रास्ता खुद तैयार करते हैं। कोहली ने पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में शतक बनाया था लेकिन दूसरे टेस्ट में वह सात और 11 रन ही बना पाए जबकि तीसरे टेस्ट मैच की एकमात्र पारी में तीन रन बनाकर आउट हो गए थे। युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भी पहले टेस्ट मैच में 161 रन की मैच विजेता पारी खेलने के बाद रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं लेकिन रोहित ने कहा कि उन्हें अपना नैसर्गिक खेल खेलने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने कहा, ह्यह्यहम जायसवाल की मानसिकता को नहीं बदलना चाहते हैं।

# अफरीदी ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट से बाहर रखने का पीसीबी से अनुरोध किया

**दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट के लिये शाहीन के बिना पाकिस्तानी टीम का ऐलान होने पर सीनियर चयनकर्ता आकिब जावेद ने कहा कि चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये उन्हें तरोताजा रखने की कवायद में कार्यभार प्रबंधन किया जा रहा है। सूत्र ने कहा, असलियत यह है कि शाहीन ने खुद अनुरोध किया था कि चैम्पियंस ट्रॉफी तक टेस्ट मैचों से उन्हें बाहर रखा जाये।**




प्रात: किरण/ एजेंसी

कराची। पाकिस्तान के स्टार तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने कार्यभार प्रबंधन के लिये टीम प्रबंधन और राष्ट्रीय चयनकताओं से दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट मैचों के लिये उनके नाम पर विचार नहीं करने का अनुरोध किया है। अफरीदी फरवरी मार्च में होने वाली आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये पूरी तरह फिट होना चाहते हैं।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट के लिये शाहीन के बिना पाकिस्तानी टीम का ऐलान होने पर सीनियर चयनकर्ता आकिब जावेद ने कहा कि चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये उन्हें तरोताजा रखने की कवायद में कार्यभार प्रबंधन किया जा रहा है। सूत्र ने कहा, असलियत यह है कि शाहीन ने खुद अनुरोध किया था कि चैम्पियंस ट्रॉफी तक टेस्ट मैचों से उन्हें बाहर रखा जाये। उन्होंने कहा कि शाहीन ने टीम प्रबंधन और बोर्ड को बताया कि उन्हें बांग्लादेश प्रीमियर लीग की एक टीम से पेशकश भी मिली है और उन्होंने आश्वस्त किया है कि वह 30 दिसंबर से सात फरवरी तक होने वाली टी20 लीग के दौरान कार्यभार प्रबंधन कर लेंगे।

# पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए आमिर जंगू वेस्टइंडीज की टीम में शामिल

**स्पिन अटैक को मजबूत करने के लिए मोती टीम में फिर से शामिल हुए हैं, जबकि जंगू का चयन क्षेत्रीय क्रिकेट में सभी प्रारूपों में उनकी निरंतरता के साथ-साथ स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ उनकी उच्च स्तर की क्षमता के आधार पर हुआ है। मेहमान टीम 11 और 12 जनवरी को रावलपिंडी में दो दिवसीय अभ्यास मैच भी खेलेगी।**

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने सोमवार को पाकिस्तान के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए टीम की घोषणा कर दी है। हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ वनडे डेब्यू में शतक लगाने वाले आमिर जंगू को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। इस बीच, स्पिनर गुडाकेश मोती को भी मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की अपनी अंतिम सीरीज के लिए टीम में वापस बुलाया गया है। चोट से उबर रहे तेज गेंदबाज शमर जोसेफ बाहर हो गए हैं, जबकि अल्जारी जोसेफ चयन के कारण उपलब्ध नहीं थे। यह सीरीज 17 जनवरी, 2025 को शुरू होगी, जिसमें मुल्तान दोनों खेलों की मेजबानी करेगा।



चुनी गई टीम को लेकर मुख्य कोच आंद्रे कोली ने कहा, जनवरी 2025 में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए, हमने जो अच्छा प्रदर्शन किया है, उसे आगे बढ़ाने और 2024 से मिली सीख को ठोस नतीजों में बदलने पर ध्यान केंद्रित किया है। स्पिन अटैक को मजबूत करने के लिए मोती टीम में फिर से शामिल हुए हैं, जबकि जंगू का चयन क्षेत्रीय क्रिकेट में सभी प्रारूपों में उनकी निरंतरता के साथ-साथ स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ उनकी उच्च स्तर की क्षमता के आधार पर हुआ है। मेहमान टीम 11 और 12 जनवरी को रावलपिंडी में दो दिवसीय अभ्यास मैच भी खेलेगी। वेस्टइंडीज की टीम: क्रैग ब्रैथवेट (कप्तान), जोशुआ दा सिल्वा (उपकप्तान), एलिक अथानाजे, कीसी कार्टी, जस्टिन ग्रीव्स, कावेम हॉज, टेविन इमलाच, आमिर जंगू, मिकाइल लुइस, गुडाकेश मोटी, एंडरसन फिलिप, केमर रोच, केविन सिंक्लेयर, जेडन सील्स, जोमेल वारिकन।

# अश्विन ने बताया धोनी की सफलता का राज, कहा-बुनियादी बातों पर टिके रहना उन्हें दूसरों से अलग बनाता है

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बतौर कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की सफलता का खुलासा करते हुए कहा कि उनकी सादगी और बुनियादी बातों पर टिके रहना उन्हें दूसरे कप्तानों से अलग बनाता है। मैदान पर सबसे बेहतरीन कप्तानों में से एक माने जाने वाले धोनी ने भारत के लिए हर ट्रॉफी जीतने के बाद संन्यास ले लिया। 2007 में, धोनी ने टूनार्मेंट के उद्घाटन संस्करण में एक युवा भारतीय टीम को टी20 विश्व कप चैंपियन बनाया। चार साल बाद, वह कपिल देव की अगुआई वाली 1983 विश्व कप विजेता टीम के बाद भारत को एकदिवसीय विश्व कप खिताब दिलाने वाले पहले कप्तान बने। 2013 में, जब भारतीय टीम के हालात बहुत खराब थे, तब धोनी ने बेहद शांतचित्त होकर भारतीय टीम को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीताई। आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स में फिर से एक साथ आने की तैयारी कर रहे दोनों




खिलाड़ियों के बीच, अश्विन ने इस बात पर जोर दिया कि धोनी की सादगी और बुनियादी बातों पर टिके रहना उन्हें दूसरों से अलग बनाता है।

अश्विन ने स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट पॉडकास्ट पर धोनी की कप्तानी के बारे में बात करते हुए कहा, इस सवाल का जवाब देना बहुत आसान है। मेरे हिसाब से, वह ज्यादातर बुनियादी चीजें सही करता है, और ज्यादातर दूसरे कप्तान बुनियादी बुनियादी चीजें भूल जाते हैं, जिससे खेल उनके लिए बहुत मुश्किल लगता है। अश्विन ने एक उदाहरण देकर बताया कि धोनी ने किस तरह अपने गेंदबाजों को खुलकर खेलने की आजादी दी, लेकिन आत्मसंतुष्टि के लिए कोई जगह नहीं छोड़ी। अश्विन ने आगे कहा, उदाहरण के लिए, वह कभी भी गेंदबाज को गेंद नहीं देते थे। पहली बात जो वह कहते थे वह यह थी कि अपना क्षेत्र छोड़ो और मैदान पर गेंदबाजी करो। उन्हें इस बात से नफरत थी कि जब कोई बल्लेबाज बल्लेबाजी करने आता है और आप ढीली गेंद फेंकते हैं, तो वह मुझे गेंदबाजी से नहीं हटाते। अगर मैं एक ओवर में दो तीन बाउंड्री देता था, तो भी वह उत्साह बढ़ाते थे। अश्विन ने कहा, अगर मैं किसी नए बल्लेबाज को कट या ड्राइव करने के लिए गेंद देता हूं, तो वह भड़क जाते थे। वह मुझे मेरी जगह का एहसास कराते थे और वह मुझे गेंदबाजी से हटा देते थे। यह क्रिकेट का एक बहुत ही बुनियादी सार है। पिछले कुछ वर्षों में, मुझे एहसास हुआ है कि लोग बुनियादी बातों को भूल गए हैं। आईपीएल 2023 में, जब धोनी ने चेन्नई सुपर किंग्स को रिकॉर्ड पांचवां खिताब दिलाया, तो उन्होंने तेज गेंदबाजी की अगुआई करने के लिए तुषार देशपांडे का इस्तेमाल किया। 16 मैचों में, तुषार अपने नाम 21 विकेट लेकर कैश-रिच लीग में अग्रणी विकेट लेने वालों में से एक के रूप में उभरे। अश्विन ने धोनी की कप्तानी में देशपांडे की सफलता के पीछे छिपे सरल कारण को उजागर किया। उन्होंने कहा, खेल के कुछ पहलू ऐसे होते हैं जो बदलते नहीं हैं और एमएस धोनी इस मामले में इसे सरल रखते हैं। पिछले साल आईपीएल में वह तुषार देशपांडे को आगे लाए और उनसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाया। मुझे पता है कि एमएस धोनी ने उनसे क्या कहा होगा। उन्होंने उनसे कहा होगा कि बाउंड्री के लंबे हिस्से पर हिट करो और पिछले साल की तुलना में मुझे दो रन कम दो। इससे गेंदबाज को दो चीजें मिलती हैं। इससे दबाव कम होता है और इससे उसे लगता है कि मैं बहुत कम स्कोर दे सकता हूं। एक कप्तान के रूप में, धोनी ने 60 टेस्ट मैचों में भारत का नेतृत्व किया, जिनमें से उन्होंने 27 मैच जीते, 18 हारे और 15 ड्रॉ रहे। 45.00 के जीत प्रतिशत के साथ, वह सभी युगों में भारत के सबसे सफल कप्तानों में से एक हैं।

**घोषणा** — भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की महिला चयन समिति ने टीम की घोषणा की जिसका नेतृत्व निकी प्रसाद करेंगी जबकि सानिका चालके उप-कप्तान होंगी।

# भारत ने आईसीसी अंडर-19 टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम घोषित की

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। भारत ने अगले साल 18 जनवरी से दो फरवरी तक मलेशिया के कुआलालंपुर में खेले जाने वाले आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप के लिए मंगलवार को 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की महिला चयन समिति ने टीम की घोषणा की जिसका नेतृत्व निकी प्रसाद करेंगी जबकि सानिका चालके उप-कप्तान होंगी।

टीम में कमलिनी जी और भाविका अहिरे के रूप में दो विकेटकीपर हैं, जबकि तीन स्टैंडबाय खिलाड़ी नंदना एस, इरा जे और अनादि टी को भी टीम में शामिल किया गया है। इस प्रतियोगिता में कुल 16 टीम भाग लेंगी जिन्हें चार ग्रुप में बांटा गया है। भारत मौजूदा चैंपियन है और उसे मेजबान मलेशिया, वेस्टइंडीज और श्रीलंका के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। भारत अपने




अभियान की शुरुआत 19 जनवरी को वेस्टइंडीज के खिलाफ करेगा। उसके बाद वह मलेशिया (21 जनवरी) और श्रीलंका (23 जनवरी) के खिलाफ मैच खेलेगा। ग्रुप चरण के मैच 19 से 23 जनवरी के बीच खेले जाएंगे। इनमें प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर




रहने वाली तीन टीम 25 से 29 जनवरी के बीच होने वाले सुपर सिक्स में जगह बनाएंगी। सुपर सिक्स में छह छह टीम के दो ग्रुप होंगे। सुपर सिक्स में प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी जो 31 जनवरी को खेला जाएगा। फाइनल दो फरवरी को होगा। ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, भारत, आयरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और वेस्टइंडीज ने 2023 में खेले गए विश्व कप में अपनी भागीदारी के माध्यम से इस प्रतियोगिता में जगह बनाई जबकि मलेशिया को मेजबान होने के कारण सीधा प्रवेश मिला। नेपाल, नाइजीरिया, समोआ, स्कॉटलैंड और अमेरिका ने क्षेत्रीय टूनार्मेंट जीत कर प्रतियोगिता में अपनी जगह सुरक्षित की। भारतीय टीम: निकी प्रसाद (कप्तान), सानिका चालके (उप-कप्तान), जी त्रिशा, कमलिनी जी (विकेटकीपर), भाविका अहिरे (विकेटकीपर), ईश्वरी अवसरे, मिथिला विनोद, जोशिता वीजे, सोनम यादव, पारुनिका सिसौदिया, केसरी द्रिथि, आयुषी शुक्ला, आनंदिता किशोर, एमडी शबनम, वैष्णवी एस। स्टैंडबाय खिलाड़ी: नंदना एस, इरा जे, अनादि टी।

## संक्षिप्त खबरें

### परमाणु ऊर्जा संयंत्र मामले में हसीना के खिलाफ पांच अरब डॉलर के भ्रष्टाचार की जांच शुरू

ढाका, एजेंसी। बांग्लादेश में एक भ्रष्टाचार रोधी समिति ने रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र में पांच अरब अमेरिकी डॉलर के गबन के आरोपों के संबंध में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके परिवार के खिलाफ जांच शुरू की है। इस संबंध में मीडिया में रिपोर्ट प्रकाशित हुई है। भारतीय कंपनियां बांग्लादेश में रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के निर्माण में शामिल हैं। इसका निर्माण रूस की सरकारी कंपनी रोसातम कर रही है। रूस द्वारा डिजाइन किया गया पहला बांग्लादेशी परमाणु ऊर्जा संयंत्र, रूपपुर बांग्लादेश की राजधानी ढाका से 160 किलोमीटर पश्चिम में बनाया जा रहा है। बीडीन्यूज ने रविवार को बताया कि हसीना के साथ उनके बेटे सजीब वाजेद जॉय और उनकी भांजी एवं ब्रिटेन की वित्त मंत्री ट्यूलिप सिद्दीक से भी पूछताछ की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र परियोजना में पांच अरब अमेरिकी डॉलर के गबन का आरोप है। रिपोर्ट के अनुसार, यह घटनाक्रम उच्च न्यायालय द्वारा एक नियम जारी करने के दो दिन बाद हुआ है, जिसमें पूछा गया था कि रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र परियोजना से हसीना, जॉय और ट्यूलिप द्वारा मलेशियाई बैंक को पांच अरब अमेरिकी डॉलर के कथित हस्तांतरण पर भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) की निष्क्रियता को अवैध क्यों न घोषित किया जाए। एसीसी दस्तावेजों के अनुसार, रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र परियोजना में भ्रष्टाचार के आरोपों को नेशनल डेमोक्रेटिक मूवमेंट (एनडीएम) के अध्यक्ष बॉबी हज्जाज सामने लाए थे।

### दक्षिण सूडान शांति मिशन को दे प्राथमिकता : एयू, यूएन मिशन

नैरोबी। अफ्रीकी संघ (एयू) और संयुक्त राष्ट्र (यूएन) मिशनों ने दक्षिण सूडान की सरकार से 2025 में 2018 के पुनर्जीवित शांति समझौते के लंबित शांति कार्यों को प्राथमिकता देने की अपील की, ताकि 2026 में होने वाले चुनावों से पहले इन कार्यों को पूरा किया जा सके। दक्षिण सूडान में एयू मिशन, संयुक्त राष्ट्र मिशन और विकास पर अंतर-सरकारी प्राधिकरण, एक पूर्वी अफ्रीकी ब्लॉक, ने 2024 में देश में संघर्ष के समाधान पर पुनर्जीवित समझौते (आर-एआरसीएसएस) के लिए की गई प्रगति को स्वीकार किया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, दक्षिण सूडान की राजधानी जुबा में जारी एक संयुक्त बयान में सभी पक्षों ने इस बात पर जोर दिया कि 2025 पुनर्जीवित समझौते के लिए बचे हुए कामों को प्राथमिकता देने के लिए एक महत्वपूर्ण साल होगा। बयान में कहा गया, हम निरंतर युद्धविराम के माध्यम से प्राप्त शांति को मान्यता देते हैं और स्थिरता बनाए रखने के लिए शेष आवश्यक एकीकृत बलों की तैनाती के साथ-साथ व्यापक रूप से बदलती सुरक्षा व्यवस्था को तत्काल पूरा करने को प्रोत्साहित करते हैं।

### पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की तबियत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन (78) को बुखार आने के बाद वाशिंगटन डीसी के मेडस्टार जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह जानकारी उनके डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ एंजेल उरेना ने दी। उरेना ने सीएनएन को बताया, पूर्व राष्ट्रपति क्लिंटन की तबीयत ठीक है। उन्होंने आगे कहा कि वे अच्छे मूड में हैं और क्रिसमस तक घर लौटने की उम्मीद कर रहे हैं। क्लिंटन वाशिंगटन में अपने आवास पर थे जब उन्हें अस्पताल ले जाने का फैसाल किया गया। पूर्व राष्ट्रपति कथित तौर पर होश में हैं और अलर्ट हैं। डॉक्टर उनकी जांच कर रहे हैं और उनकी स्थिति पर नजर रख रहे हैं। उनकी मेडिकल टीम उनके ठीक होने को लेकर आशावादी है।

### कानून का पालन करने में विफल रहने पर 2025 में रूस में ब्लॉक हो सकता है व्हाट्सएप

मॉस्को। मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सएप मैसेंजर (रूस में चरमपंथ के कारण प्रतिबंधित) के 2025 में रूस में ब्लॉक होने की संभावना बढ़ जाएगी अगर इसका नेतृत्व रूसी कानून का पालन नहीं करता है। रशियन फेडरेशन काउंसिल में डिजिटल इकोनॉमी आर्टेम विकास परिषद के उपाध्यक्ष अर्टेम शेइकिन ने सोमवार को यह जानकारी दी। श्री शेइकिन ने कहा, यदि मैसेंजर कुछ आवश्यकताओं और दायित्वों को पूरा नहीं करता है, तो इसके अवरुद्ध होने की संभावना बढ़ सकती है।

# अफ्रीका में एमपॉक्स की स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक : डब्ल्यूएचओ

प्रात : किरण/एजेंसी

किंशासा। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा कि अफ्रीका में एमपॉक्स की महामारी संबंधी स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक बनी हुईहै, जहां डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी), बुरुंडी और युगांडा में उच्च मामले देखे गए हैं। डब्ल्यूएचओ की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, 15 दिसंबर तक अफ्रीका में 20 देशों में 13,769 पुष्ट मामले देखे गए हैं, जिनमें 60 मौतें शामिल हैं। सबसे अधिक प्रभावित देश डीआरसी बना हुआ है, जहां 9,513 पुष्ट मामले पाए गए हैं।

जबकि प्रकोप के केंद्र डीआरसी में हाल के सप्ताहों में अपेक्षाकृत स्थिर महामारी प्रवृत्ति देखी गई है, डब्ल्यूएचओ ने फिर भी चेतावनी दी है कि संभावित रिपोर्टिंग देरी को देखते हुए स्थिर और गिरावट की प्रवृत्तियों की सावधानीपूर्वक व्याख्या की जानी चाहिए।



नवीनतम प्रकोप में एक अधिक खतरनाक लेकिन कम समझे जाने वाले वेरिएंट, क्लेड 1बी का उद्भव और प्रसार शामिल है, जिसे पहली बार सितंबर 2023 में डीआरसी में पहचाना गया था। इस क्लेड 1बी स्ट्रेन के मामले तब से स्वीडन और थाईलैंड सहित कई देशों में रिपोर्ट किए गए हैं। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि क्लेड 1बी एमपॉक्स वायरस का भौगोलिक विस्तार डीआरसी के बाहर रिपोर्ट किया जाना जारी है। यह देखते हुए कि अफ्रीका के बाहर आठ देशों ने इस स्ट्रेन का पता लगाया है। एमपॉक्स एक वायरल बीमारी है जो मंकीपॉक्स वायरस के कारण होती है, जिसके दो अलग-अलग क्लेड हैं, जिसमें क्लेड 1बी और क्लेड 2बी शामिल हैं और यह किसी संक्रामक व्यक्ति, दूषित सामग्री या संक्रमित जानवरों के साथ शारीरिक संपर्क के माध्यम से मनुष्यों में फैल सकता है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि क्लेड 1बी एमपीएक्सवी के संचरण की संक्रामकता और स्थायित्व के बारे में अभी भी बहुत कुछ समझना बाकी है, जिसने पहले निर्दिष्ट किया था कि क्लेड 1बी एमपीएक्सवी की मृत्यु दर 3.6 प्रतिशत अनुमानित थी, जो पिछले स्ट्रेन्स की तुलना में बहुत अधिक थी। अगस्त के मध्य में अफ्रीका सीडीसी ने एमपॉक्स प्रकोप को महाद्वीपीय सुरक्षा के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया। इसके तुरंत बाद, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी वायरल बीमारी को अंतरराष्ट्रीय चिंता का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया, जो दो साल में दूसरी बार है जब इसने एमपॉक्स के लिए वैश्विक अलर्ट के अपने उच्चतम स्तर को सक्रिय किया है। एमपॉक्स, जिसे पहले मंकीपॉक्स के नाम से जाना जाता था। इसका पहली बार 1958 में प्रयोगशाला के बंदरों में पता चला था। यह एक दुर्लभ वायरल बीमारी है जो आमतौर पर शरीर के तरल पदार्थ, श्वसन बूंदों और अन्य दूषित पदार्थों के माध्यम से फैलती है। संक्रमण से अक्सर बुखार, दाने और लिम्फ नोड्स में सूजन होती है।

# सूडान : बुरहान की यूएन से मांग- दारफुर में हथियारों के प्रवाह को रोकने के लिए करें कार्रवाई

**समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, संप्रभु परिषद ने एक बयान में कहा कि सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) के जनरल कमांडर बुरहान ने सोमवार को देश के पूर्वी पोर्ट सूडान शहर में संयुक्त राष्ट्र महासचिव के दूत रामताने लामामरा से मुलाकात के दौरान यह टिप्पणी की। अल-बुरहान ने भविष्य में सभी इलाकों में काम करने के लिए एक साझा दृष्टिकोण तैयार करके संयुक्त राष्ट्र के साथ काम करने और देश के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की सूडान की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।**

प्रात : किरण/एजेंसी

खार्तूम। सूडान की ट्रांजिशनल संप्रभु परिषद के अध्यक्ष अब्देल फत्ताह अल-बुरहान ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) से देश के पश्चिम में स्थित दारफुर इलाके में हथियारों के प्रवेश और एल फशर शहर पर हमलों को रोकने के लिए कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाने की अपील की। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, संप्रभु परिषद ने एक बयान में कहा कि सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) के जनरल कमांडर बुरहान ने सोमवार को देश के पूर्वी पोर्ट सूडान शहर में संयुक्त राष्ट्र महासचिव के दूत रामताने लामामरा से मुलाकात के दौरान यह टिप्पणी की। अल-बुरहान ने भविष्य में सभी इलाकों में काम करने के लिए एक साझा दृष्टिकोण तैयार करके संयुक्त राष्ट्र के साथ काम करने और देश के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की सूडान की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।



उन्होंने संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अर्धसैनिक रेपिड सहायता बलों (आरएसएफ) पर दबाव डालने तथा उसके उल्लंघनों की निंदा करने की भी अपील की। संयुक्त राष्ट्र के दूत ने बताया कि बैठक में सूडान की स्थिति पर चर्चा की गई। लामामरा ने कहा, बैठक के दौरान मैंने पुष्टि की कि संयुक्त राष्ट्र सूडान में बातचीत के माध्यम से समाधान की दिशा में प्रयासरत है तथा उसे प्रोत्साहित करता है। राजदूत ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र और उसकी संस्थाएं सूडानी संकट का समाधान निकालने तथा सूडानी लोगों की पीड़ा को समाप्त करने के लिए सूडान के साथ और अधिक सहयोग करने के लिए तैयार हैं। इसी साल 13 जून को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें मांग की गई कि आरएसएफ उत्तरी दारफुर राज्य की राजधानी एल फशर की घेराबंदी बंद करे। आरएसएफ 10 मई से एल फशर की घेराबंदी कर रहा है। 11 सितंबर को, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सर्वसम्मति से सूडान प्रतिबंध व्यवस्था को 12 सितंबर, 2025 तक बढ़ाने का प्रस्ताव पारित किया था, जिसमें संपत्ति फ्रीज, यात्रा प्रतिबंध और हथियार प्रतिबंध शामिल हैं। सूडान अप्रैल 2023 के मध्य से एसएएफ और आरएसएफ के बीच विनाशकारी संघर्ष की चपेट में है। अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के नवीनतम अनुमानों के अनुसार, इस घातक संघर्ष के परिणामस्वरूप 28,700 से अधिक लोगों की मौत हुई है और 14 मिलियन से अधिक लोग सूडान के अंदर या बाहर विस्थापित हुए हैं।

## तेज आंधी की वजह से गिरा पेड़, एक की मौत, आठ क्षेत्रों में खराब मौसम का अलर्ट जारी



प्रात : किरण/एजेंसी

रोम। इटली में तेज आंधी के दौरान एक पेड़ गिरने से 45 साल की एक महिला की मौत हो गई, जबकि एक अन्य महिला घायल हो गई, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। सरकारी आरएआई न्यूज 24 के मुताबिक, यह हादसा सोमवार को पूर्वी रोम के एक पार्क मेंहुआ। रोम के अभियोजन कार्यालय ने इस मामले में अनैच्छिक हत्या की जांच शुरू कर दी है। राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा चेतावनी प्रणाली के अनुसार, इटली के आठ क्षेत्र खराब मौसम के कारण संभावित खतरों के लिए येलो अलर्ट पर हैं।

स्थानीय आपातकालीन केंद्र के अनुसार, मध्य इटली के एंकोना में एक अलग घटना में, 100 किलोमीटर प्रति घंटे की तेज हवाओं की वजह से एक पेड़ पास में खड़ी तीन बसों पर गिर गया। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, मध्य अब्रुजो, दक्षिणी कैलाब्रिया और सिसिली जैसे क्षेत्रों में जलवायु और पवन से संबंधित खतरों का अंदेशा जताया गया है। इस बीच, क्षेत्रीय अधिकारियों ने सोमवार और मंगलवार के लिए मिलान में मौसम से जुड़े संभावित खतरों को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

मार्चे क्षेत्र में 76-87 किमी/घंटा की तेज हवाओं के चलने की भविष्यवाणी की गई, जिसके चलते येलो अलर्ट जारी किया गया है। इतालवी नागरिक सुरक्षा विभाग और क्षेत्रीय प्राधिकारियों ने खराब मौसम, विशेषकर तूफानी हवाओं और संभावित बाढ़ के लिए चेतावनी जारी की है। विभाग ने निवासियों को तटीय बाढ़ के खतरे के बारे में चेतावनी दी है, क्योंकि समुद्र की लहरें तटरेखा के पास जोखिम पैदा कर सकती हैं। संभावित बाढ़ और जलवायु संबंधित समस्याओं के कारण, नागरिक सुरक्षा विभाग ने मध्य और दक्षिणी इटली, खासकर सेचिया और रेनो नदियों के पास के इलाकों के लिए येलो अलर्ट बढ़ा दिया है। खराब मौसम ने मध्य मोलिसे के तटों को भी प्रभावित किया, जहां भारी बारिश और तापमान में बड़ी गिरावट आई। समुद्र में उथल-पुथल के कारण ट्रेमिटी द्वीप समूह के लिए नौका सेवाएं रद्द कर दी गई।

# विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने शीर्ष अमेरिकी राजनयिकों से मुलाकात की

प्रात : किरण/एजेंसी

सैन फ्रांसिस्को। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर की अमेरिका यात्रा से पहले, विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने सोमवार को अमेरिकी के शीर्ष राजनयिकों के साथ बैठक कर द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। विदेश मंत्रालय ने एक दिन पहले घोषणा की थी कि जयशंकर 24 से 29 दिसंबर तक अमेरिका की यात्रा पर रहेंगे।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि जयशंकर अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रमुख द्विपक्षीय, क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। जयशंकर की यात्रा से पहले मिस्री ने सोमवार को विदेश मंत्रालय के मुख्यालय



फॉगी बॉटम में उप विदेश मंत्री कर्ट कैंपबेल और प्रबंधन उप मंत्री रिचर्ड वर्मा के साथ बैठक की। बैठकों में अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा भी मौजूद थे। वर्मा ने कहा, हम आपसी विश्वास, साझा मूल्यों और सभी के लिए समृद्धि पर आधारित अमेरिका-भारत संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं। इससे पहले दिन में वर्मा ने प्रशासन के अधिकारियों के साथ-साथ प्रख्यात भारतीय थिंक-टैंक विशेषज्ञों के एक समूह की मेजबानी की।

वर्मा ने कहा कि ये बैठकें व्यापार, रक्षा, लोगों से लोगों के बीच संबंधों और वैश्विक चुनौतियों से मिलकर निपटने की प्रतिबद्धता पर हमारी प्रगति का जश्न मनाने के लिए थीं। अमेरिका-भारत संबंधों को लेकर प्रस्तुतिकरण में वर्मा ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार जहां 2000 में 20 अरब अमेरिकी डॉलर था, यह आंकड़ा 2023 में बढ़कर 195 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है, जबकि इसी अवधि के दौरान रक्षा व्यापार शून्य से बढ़कर 24 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है। उन्होंने कहा कि 2024 में द्विपक्षीय व्यापार 200 अरब अमेरिकी डॉलर के आंकड़े को पार कर जाने की उम्मीद है।

अमेरिका में भारतीय छात्रों की संख्या 2000 में मात्र 54,664 थी जो 2023 में बढ़कर 3,30,000 से अधिक हो गई है, जबकि भारतीय प्रवासियों की आबादी जहां 2000 में 19 लाख थी, अब बढ़कर 50 लाख से अधिक हो गई है। वर्मा ने कहा कि बाइडन-हैरिस प्रशासन ने रिकॉर्ड संख्या में 130 भारतीय-अमेरिकियों को उच्च पदों पर नियुक्त किया है। उन्होंने कहा कि सैन्य अभ्यास के मुद्दे पर आज भारत, अमेरिका का प्रमुख साझेदार है। उन्होंने कहा कि लॉस एंजिलिस और बोस्टन में दो भारतीय वाणिज्य दूतावास खोलने की योजना है, जबकि अमेरिका बेंगलुरु और अहमदाबाद में दो नए वाणिज्य दूतावास खोलने की योजना बना रहा है।

## इजराइल के रक्षा मंत्री ने हमास नेता की हत्या की बात स्वीकार की

प्रात : किरण/एजेंसी

यरुशलम। इजराइल के रक्षा मंत्री ने स्वीकार किया कि उनके देश ने फलस्तीन के चरमपंथी समूह हमास के शीर्ष नेता की हत्या की थी और यमन में हूती विद्रोहियों के नेताओं के खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई की चेतावनी भी दी। इजराइल कैट्ज की टिप्पणी से ऐसा प्रतीत होता है कि पहली बार इजराइल ने इस्माइल हनियेह की हत्या की बात स्वीकार की है जो जुलाई में ईरान में एक धमाके में मारा गया था।

इस धमाके के पीछे इजराइल का हाथ माना जा रहा था और नेताओं ने पहले भी इसके शामिल होने के संकेत दिए थे। सोमवार को एक भाषण में कैट्ज ने कहा कि हूती विद्रोहियों का वही हश्र होगा जो हनियेह समेत क्षेत्र में ईरान समर्थित चरमपंथी समूहों के अन्य सदस्यों का हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि इजराइल ने हमास और हिजबुल्ला के अन्य नेताओं को मारा, सीरिया में बशर असद की सरकार गिराने में मदद की और ईरान की विमान-रोधी प्रणालियों को नष्ट किया। उन्होंने कहा, हम (हूती विद्रोहियों के) रणनीतिक बुनियादी ढांचे पर हमला करेंगे और चरमपंथी समूह के नेताओं का सिर कलम कर देंगे। कैट्ज ने इजराइली हमलों में मारे गए हमास और हिजबुल्ला के नेताओं का जिक्र करते हुए कहा, जैसा कि हमने तेहरान, गाजा और लेबनान में हनीया, सिनवार और नसरल्लाह के साथ किया। हम हुदेदा और सना में भी वैसा ही करेंगे। हमास के खिलाफ इजराइल के संघर्ष के दौरान ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने इजराइल पर कई मिसाइलें और ड्रोन दागे। शनिवार को भी तेल अवीव में मिसाइल दागी गई थी जिसमें कम से कम 16 लोग घायल हो गए थे। इजराइल ने युद्ध के दौरान यमन में तीन हवाई हमले किए तथा मिसाइल हमले बंद होने तक विद्रोही समूह पर दबाव कायम रखने का संकल्प लिया।

# यमन के हूती विद्रोहियों का दावा, इजरायली सैन्य ठिकानों पर किया ड्रोन अटैक

प्रात : किरण, एजेंसी

सना। यमन के हूती विद्रोहियों ने कहा कि उसने इजरायल के सैन्य स्थलों को निशाना बनाकर ड्रोन हमला किया। हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी पर सोमवार को प्रसारित एक बयान में हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने कहा कि पहला हमला अश्कलोन क्षेत्र में एक सैन्य ठिकाने को निशाना बनाकर किया गया, और दूसरा हमला तेल अवीव में एक सैन्य ठिकाने पर किया गया। उन्होंने दावा किया कि इन हमलों में लक्ष्य हासिल कर लिए गए, लेकिन उन्होंने कथित लक्ष्यों के बारे में कुछ नहीं बताया और न ही अपने दावे के समर्थन में कोई सबूत पेश किया। उन्होंने कहा, ये अभियान तब तक नहीं रुकेंगे जब तक गाजा पर इजरायली आक्रमण बंद नहीं हो जाता और घेराबंदी नहीं हटा ली जाती। हूती ड्रोन हमले के बाद, इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने चेतावनी जारी करते हुए कहा, हम हूतियों पर कड़ा प्रहार करेंगे, उनके रणनीतिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाएंगे और उनके नेताओं का सिर काट देंगे। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, इजरायली सेना ने कहा कि हमले को उसकी वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा रोक दिया गया। हूती हमले शनिवार को हमास की उस घोषणा के बाद हुए हैं, जिसमें उसने कहा था कि यदि इजरायल नई शर्तें रखना बंद कर दे तो गाजा पट्टी में युद्ध विराम समझौतापहले से कहीं अधिक निकट है।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी सोमवार को कहा कि हमास के साथ बंधकों के लिए युद्ध विराम समझौते को सुरक्षित करने के प्रयासों में प्रगति हुई है, लेकिन उन्होंने आगाह किया कि समझौते तक पहुंचने की समयसीमा अभी भी अस्पष्ट है। नवंबर 2023 से, हूती इजरायल के शहरों पर रॉकेट और ड्रोन हमले कर रहे हैं और लाल सागर में इजरायल से जुड़े शिपिंग को बाधित कर रहे हैं, ताकि वहां इजरायल-हमास संघर्ष के बीच गाजा में फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाई जा सके। हूती समूह ने 2014 के अंत से उत्तरी यमन के अधिकांश भाग पर नियंत्रण कर लिया है, जिसके कारण अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त यमनी सरकार को राजधानी सना से बाहर होना पड़ा है।

**आह्वान** डेनमार्क के शासनाध्यक्ष म्यूटे बोरुप एगेडे ने कहा है कि ग्रीनलैंड पर अमेरिकी नियंत्रण की ट्रंप की नवीनतम अपील उनके पहले कार्यकाल की तरह ही निरर्थक रहेगी।

# कनाडा, पनामा नहर पर नजरें गड़ाने के बाद ग्रीनलैंड को खरीदने का ट्रंप ने किया आह्वान

**ट्रंप ने फिर से ग्रीनलैंड पर योजना बनाई है। इससे पहले उन्होंने सप्ताहांत में सुझाव दिया था कि यदि अटलांटिक और प्रशांत महासागरों को जोड़ने वाले पनामा जलमार्ग का उपयोग करने के लिए आवश्यक बढ़ती पोत परिवहन लागत को कम करने के लिए कुछ नहीं किया जाता है, तो उनका देश पनामा नहर पर फिर से नियंत्रण कर सकता है। वह कनाडा को 51वां अमेरिकी राज्य बनाने और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को ग्रेट स्टेट ऑफ कनाडा का गवर्नर बनाने का सुझाव भी दे रहे हैं।**

प्रात : किरण, एजेंसी

वेस्ट पाम बीच। अमेरिका के राष्ट्रपति निर्वाचित हुए डोनाल्ड ट्रंप ने डेनमार्क से ग्रीनलैंड खरीदने के अपने आह्वान को दोहराया है। अपने पहले कार्यकाल में भी उन्होंने यह आह्वान किया था लेकिन सफलता नहीं मिली थी। इसके साथ उन मित्र देशों की सूची में डेनमार्क भी शामिल हो गया है, जिनके साथ ट्रंप 20 जनवरी को पदभार ग्रहण करने से पहले ही टकराव का रुख अख्तियार कर रहे हैं।

रविवार को डेनमार्क में अपने राजदूत के नाम की घोषणा करते हुए ट्रंप ने लिखा, पूरी दुनिया में राष्ट्रीय सुरक्षा और स्वतंत्रता के उद्देश्य से, अमेरिका को लगता है कि ग्रीनलैंड का स्वामित्व और नियंत्रण एक परम आवश्यकता है। ट्रंप ने फिर से ग्रीनलैंड पर योजना बनाई है। इससे पहले उन्होंने



सप्ताहांत में सुझाव दिया था कि यदि अटलांटिक और प्रशांत महासागरों को जोड़ने वाले पनामा जलमार्ग का उपयोग करने के लिए आवश्यक बढ़ती पोत परिवहन लागत को कम करने के लिए कुछ नहीं किया जाता है, तो उनका देश पनामा नहर पर फिर से नियंत्रण कर सकता है। वह कनाडा को 51वां अमेरिकी राज्य बनाने और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को ग्रेट स्टेट ऑफ कनाडा का गवर्नर बनाने का सुझाव भी दे रहे हैं। ग्रीनलैंड दुनिया का सबसे बड़ा द्वीप है जो अटलांटिक और आर्कटिक महासागरों के बीच स्थित है। यह 80 प्रतिशत बर्फ की चादर से ढका हुआ है और यहां एक बड़ा अमेरिकी सैन्य अड्डा है। डेनमार्क के शासनाध्यक्ष म्यूटे बोरुप एगेडे ने कहा है कि ग्रीनलैंड पर अमेरिकी नियंत्रण की ट्रंप की नवीनतम अपील उनके पहले कार्यकाल की तरह ही निरर्थक रहेगी। उन्होंने कहा, ग्रीनलैंड हमारा है। हम बिक्री के लिए तैयार नहीं हैं और कभी भी बिक्री नहीं करेंगे। हमें स्वतंत्रता के लिए अपनी वर्षों पुरानी लड़ाई नहीं हारनी चाहिए।

## पाकिस्तान की सैन्य अदालत द्वारा 25 नागरिकों को सजा सुनाए जाने पर अमेरिका ने चिंता जताई

सैन फ्रांसिस्को। पाकिस्तान की एक सैन्य अदालत द्वारा 25 पाकिस्तानी नागरिकों को सजा सुनाए जाने पर चिंता व्यक्त करते हुए अमेरिका ने सोमवार को कहा कि इन अदालतों में न्यायिक स्वतंत्रता, पारदर्शिता और उचित प्रक्रिया की गारंटी का अभाव है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, पाकिस्तान में नौ मई 2023 को हुए विरोध-प्रदर्शनों में भाग लेने के लिए पाकिस्तान की एक सैन्य अदालत द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों को सजा सुनाए जाने से अमेरिका बेहद चिंतित है। इन सैन्य अदालतों में न्यायिक स्वतंत्रता, पारदर्शिता और उचित प्रक्रिया की गारंटी का अभाव है। उन्होंने कहा, अमेरिका, पाकिस्तानी अधिकारियों से पाकिस्तान के संविधान में निहित निष्पक्ष सुनवाई और उचित प्रक्रिया के अधिकार का सम्मान करने का लगातार आह्वान करता आ रहा है। हालांकि, अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक करीबी सहयोगी ने कहा कि यह आह्वान देरी से किया गया है और कमजोर है। रिचर्ड ग्रेनेल ने कहा, आपने बहुत देरी कर दी। आपके आह्वान में वो जोर नहीं दिखता। इमरान खान को रिहा किया जाए। ग्रेनेल ने 2020 में ट्रंप के अधीन राष्ट्रीय खुफिया विभाग के कार्यवाहक निदेशक के रूप में काम किया और वह 2018 से 2020 तक जर्मनी में अमेरिकी राजदूत भी रहे। भारतीय-अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने इमरान खान की रिहाई को लेकर ग्रेनेल की मांग पर सहमति जताई। खन्ना ने कहा, मैं रिचर्ड ग्रेनेल से सहमत हूं। इमरान खान

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादक: रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129